सुप्रभात
रांची, शनिवार
11.05.2024
* * नगर संस्करण | पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 296

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

06 यूनिफॉर्म सिविल कोड आज समय की जरूरत

स्व. भुखला भगत
पूर्व मंत्री वन एवं पर्यावरण बिहार सरकार
पूर्व विधायक विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र

आपसे जुड़ाव पुराना है
जिद है अब तो बदलाव लाना है
झारखण्ड के बेहतर कल के लिए...
लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024
लोहरदगा लोकसभा से कर्मठ, शिक्षित, जुझारू निर्दलीय उम्मीदवार
रंजीत भगत को चुनाव चिन्ह फुटबॉल खिलाड़ी छाप क्रम संख्या 13
रंजीत भगत
पुत्र स्व0 भुखला भगत
B.Tech (Mech. Engg.)
NIT Jamshedpur, LLB (Delhi University)
पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनायें

## न्यूज डायरी

### बच्चों के स्कूल 13 से फिर खुलेंगे, सरकारी आदेश जारी

रांची। भीषण गर्मी से राहत के बाद केजी से आठवीं कक्षा तक की कक्षाएं 13 से पूर्व निर्धारित समय से चलेंगी। विभाग ने शुक्रवार को स्कूलों को खोलने का आदेश जारी किया है।

### 11 को पीएम मोदी की सिमरिया में जनसभा

रांची। पीएम मोदी चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया मुरवे फुटबॉल मैदान में 11 को अपराह्न तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ बाबूलाल मरांडी आदित्य साहू, प्रत्याशी कालीचरण सिंह भी रहेंगे।

### असम के सीएम की कल तमाड़ में जनसभा

रांची। असम के सीएम डॉ हिमंत विश्व शर्मा 11 को खूंटी में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। वह पार्टी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में वोट मांगेंगे। तमाड़ के रायडीह में उनकी जनसभा होगी।

### बीजापुर में मुठभेड़ 12 नक्सली मारे गये

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर के पीड़ा के जंगलों में शुक्रवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में बारह नक्सली मारे गये। दो जवान भी घायल हुए हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए ।

## खूंटी में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह - अटल ने झारखंड बनाया, मोदी ने इसे संवारा

# झामुमो-कांग्रेस ने लूट का अड्डा बना दिया

- घुसपैठिये कांग्रेस का वोट बैंक, आतंकवाद को बढ़ाया
- झारखंड और राममंदिर को वर्षों तक लटकाया
- घुसपैठ पर रोक भाजपा ही लगा सकती है



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/खूंटी। झारखंड दैरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खूंटी में पार्टी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से वोट मांगा। श्री मुंडा के समर्थन में शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में जनसभा में श्री शाह ने कहा कि अटल जी ने झारखंड बनाया, मोदी जी ने संवारा है। वहीं झामुमो और कांग्रेस ने खनिज संपदा से भरे-पूरे झारखंड को लूट का अड्डा बना दिया है। उन्होंने कांग्रेस, झामुमो इंडी गठबंधन को आड़े हाथों लिया है। कहा कि कुछ दिन पहले कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये कैश पकड़ा गया। ये सारा पैसा आपका है। मेरे आदिवासी भाइयों का है, जो राहुल बाबा की पार्टी लूट कर ले गयी। दो दिन पहले झारखंड में कांग्रेस के मंत्री के यहां से 35 करोड़ रुपये और जवाहरात मिले। ये सारा रुपया झारखंड के आदिवासी भाइयों और पिछड़ा समाज के लोगों का है। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड के गरीबों के पैसों की लूट नहीं होने देगी। उन्होंने भ्रष्टाचार और पीओके का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार में मनरेगा घोटाला, जमीन घोटाला, शराब घोटाला, राशन घोटाला हुआ। घोटाला करने के लिए झामुमो और कांग्रेस के बीच होड़ मची है। उन्होंने कहा, झारखंड की गरीब जनता का जो पैसा इनलोगों ने खाया है, उसके पाई-पाई का हिसाब लेंगे। उलटा लटकायेंगे।

**झारखंड निर्मण में बाधक थी कांग्रेस :** श्री शह ने कहा, मैं झामुमो से कहना चाहता हूं कि सत्ता पाने के लिए आप जिस कांग्रेस के साथ बैठे हो, उस कांग्रेस ने वर्षों तक झारखंड बनने से रोके रखा। कांग्रेस के राज में देश के आदिवासियों का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया। आदिवासी कल्याण मंत्रालय भी गृह विभाग के एक जॉइंट सेक्रेटरी के पास था, लेकिन जनजातीय आयोग और आदिवासी कल्याण मंत्रालय का गठन करने का काम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था।

(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड में दिग्गजों का दौरा

झारखंड की चार लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को वोटिंग होनी है। वोटरों को लुभाने सभी दलों ने एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। सभी दलों के दिग्गज अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में झारखंड आ रहे हैं। पीएम मोदी से लेकर राहुल गांधी तक पहले चरण का चुनाव प्रचार कर चुके हैं। गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को पहलीवार खूंटी चुनाव प्रचार में पहुंचे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुमका में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के लिए प्रचार किया। उन्होंने चुनौतीपूर्ण अंदाज में कहा कि किसी में हिम्मत नहीं जो आरक्षण को समाप्त करेगा, कांग्रेस भ्रम फैला रही है। गुमला (चैनपुर) में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस व जेएमएम चोर चोर मसौरे भाई हैं। दोनों ने मिलकर छतीसगढ़ व झारखंड को लूटा है। राजनीति अस्थिरता के कारण छतीसगढ़ के साथ जन्मे झारखंड की स्थिति बदहाल हो गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टचारा की जननी है। वहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने हुसैनाबाद में इंडिया गठबंधन की तरफ से राजद उम्मीदवार ममता भुइयां के लिए प्रचार किया। उन्होंने कहा कि अगर गठबंधन की सरकार बनी तो प्रत्येक वर्ष एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने का यह चुनाव है।



### कांग्रेस-झामुमो को जनता कभी माफ नहीं करेगी : राजनाथ

दुमका। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुमका में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा में कहा, किसी में हिम्मत नहीं जो आरक्षण को समाप्त करेगा, कांग्रेस भ्रम फैला रही है। उन्होंने दावा किया कि दावा है कि इस बार ही नहीं आने वाले चुनाव में भी मोदी पीएम बनेंगे। झारखंड के सत्ताधारी दलों को निशाने पर लेते हुए कहा कि भ्रष्टाचारी कांग्रेस और झामुमो को जनता नहीं माफ करेगी। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा ने देश को आर्थिक दृष्टिकोण से काफी मजबूत कर दिया है। हमारी पार्टी और सरकार ने यह ठाना है कि भारत में एक भी गरीब नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में 50 से अधिक वर्षों तक शासन किया पर आज जब पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है तो कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गयी है। (पेज 5 भी देखें)

### जुमलेबाजों को वोट मांगने का हक नहीं : सीएम

दुमका। उपराजधानी दुमका की जनता ने हमेशा साथ दिया है, आप इस बार भी आशीर्वाद दें। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने ये बातें कहीं। वहीं सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि जुमलेबाज भाजपा नेताओं वोट मांगने का हक नहीं है। शुक्रवार को दुमका सीट से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के नामांकन के मौके पर आयोजित जनसभा में दोनों नेता बोल रहे थे। आमसभा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे। सभी ने एक सुर में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है, महंगाई बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। नेताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेज दिया गया है। यह सब राज्य की जनता देख रही है और इसका जवाब इस लोकसभा चुनाव में देगी। (पेज 5 भी देखें)

जय भारत
जय झारखंड
जय भाजपा



पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियाँ

- पलामू में मेडिकल कॉलेज की स्थापना।
- पलामू में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलटेक्निक संस्थान की स्थापना।
- पलामू में केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय की स्थापना।
- हुसैनाबाद में नवोदय विद्यालय की स्वीकृति। निर्माण कार्य पूर्ण।
- भंडरिया में एकलव्य विद्यालय का निर्माण।
- पलामू में पासपोर्ट ऑफिस की स्थापना।
- उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मंडल डैम) का जीर्णोद्धार कार्य, जिससे पलामू एवं गढ़वा जिले के 15000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होंगी और पलामू जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज तथा गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के किसानों की भूमि सिंचित होगा। मंडल भाग 2 का कार्य संपादन अंतिम चरण में है, जो पलामू संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। मुख्य मंडल डैम पर कार्य मुआवजे की राशि वितरित होने के बाद प्रारंभ होगा। कुल लागत 3458 करोड़
- सोन एवं कनहर नदी से पानी लिफ्ट कर गढ़वा जिले के किसानों के खेतों में पाईप के माध्यम से सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा प्रदान करने की योजना की स्वीकृति। 127252.62 (बारह सौ बहत्तर करोड़ बावन लाख बासठ हजार) की लागत से बनने वाली इस योजना का कार्य प्रारंभ हो चुका है।
- सोन, कोयल एवं औरंगा नदी से पानी लिफ्टकर के पलामू जिला के विभिन्न जलाशयों को भरने की योजना की स्वीकृति 456.40 (चार सौ छप्पन करोड़ चालिस लाख) की लागत से बनेगी यह योजना।
- सोन नदी पर श्रीनगर-पंडुका के बीच पुल निर्माण की स्वीकृति। 204.94 (दो सौ चार करोड़ चौरानब्बे लाख) की लागत से बनने वाली इस योजना का कार्य प्रारंभ।
- NH-75 को 4 लेनिंग कराने की स्वीकृति एवं गढ़वा बाईपास निर्माणाधीन। गढ़वा को मिलाकर NH- 75 पर कुल 6 बाईपास के निर्माण सतबरवा, पोलपोल स्थापना से झारखंड राज्य के बुनियादी ढांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास
- डालटेनगंज, रमना तथा श्री वंशीधर नगर की स्वीकृति। कार्य प्रारंभ। कुल लागत 4948 करोड़।
- NH-98 पंडवा मोड़ से हरिहरगंज तक 4 लेनिंग कराने की स्वीकृति। कुल लागत 1016 करोड़।
- पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर एवं रेहला वासियों को शुद्ध पेयजल हेतू विश्व बैंक की मदद से लगभग 100 करोड़ रूपये की लागत से विश्रामपुर पेयजल आपूर्ति योजना की स्वीकृति प्रदान।
- चैनपुर प्रखंड के टेमराई रानीताल जलाशय योजना की स्वीकृति एवं कार्य संपन्न।
- रजहारा कोलियरी को पुनः चालू करवाने की स्वीकृति प्रदान।
- पलामू जिला के ग्राम बारी एवं गढ़वा के ग्राम पुरगड़ा में 20-20 मेगावाट के सौरपार्क स्थापित करने की स्वीकृति।
- गढ़वा जिला अंतर्गत NH-343 अन्नराज घाटी की सड़क को सीधी एवं चौड़ी करने की लंबे समय से चली आ रही मांग की स्वीकृति। लागत 16 करोड़।
- एन. एच. के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पूरे संसदीय क्षेत्र में 1173.26 कि.मी. सड़क का निर्माण हो चुका है और अनेकों सड़कें निर्माणाधीन हैं।
- पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने के फलस्वरूप गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDC) के तहत (Amritsar-Kolkata Industrial) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (IMC) स्थापित कराने की पहल की गई है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (IMC) की वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अघौरी एवं रानीदेवा में बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगो को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा। राज्य सरकार को प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करने की आवश्यकता है।
- जपला छतरपुर सड़क निर्माण। लागत 18 करोड़ 21 लाख 08 हजार।
- शाहपुर-गढ़वा सड़क निर्माण।
- जपला-हैदरनगर-मोहम्मदगंज तक सड़क निर्माण। लागत 109 करोड़ 95 लाख 24 हजार।
- जपला-छतरपुर इमलीतर से सबानो बिहार बार्डर तक सड़क निर्माण। लागत 138 करोड़ 44 लाख 96 हजार।
- नई ट्रेन रॉंची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ।
- रॉंची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव मोहम्मदगंज, हैदरनगर एवं उंटारी रोड स्टेशन पर करवाया।
- शक्तिपूंज एक्सप्रेस का ठहराव रमना स्टेशन एवं भोपाल हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव गढ़वा टाउन स्टेशन पर करवाया।
- झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन पुनः प्रारंभ करवाया।
- मोहम्मदगंज बराज से Right Main Canal, Left Main Canal का निर्माण प्रगति पर। लागत 96 करोड़।
- उपरी कररबार नहर सिंचाई योजना का निर्माण पूर्ण।
- जपला ROB का निर्माण। लागत 48.25 करोड़।
- मोहम्मदगंज से सुंडीपुर तक कोयल नदी कटाव रोकने हेतु गार्डवाल का निर्माण।
- मोहम्मदगंज स्थित कोयल नदी पर ब्रीज का निर्माण। लागत 103 करोड़ 4 लाख 67 हजार
- CRIF के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निम्नलिखित चार महत्वपूर्ण पथों की स्वीकृति। (1) नगर उंटारी से धुरकी अंबाखोरिया 24.90 किलोमीटर। लागत 94 करोड़ 62 लाख (2) मेराल-बाना-अंबाखोरिया 360725 किलोमीटर। लागत 139.90 करोड़ (3) भजनिया से मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार पथ) तक 17.372 किलोमीटर। लागत 62 करोड़ (4) कुटी मोड़ (चैनपुर) से हुटार वाया रामगढ़ ब्लॉक के हेडक्वार्टर तक 24.103 किलोमीटर। लागत 81 करोड़ (5)सदर प्रखंड मेदिनीनगर में सिंगरा-चेड़ाबार के बीच रेलवे लाईन पर ROB की स्वीकृति। लागत 84 करोड़
- चैनपुर-सेमरा-लोहरसिमी से सलतुआ होते हुए मतौली मोड़ तक 21 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति। कार्य प्रारंभ।
- चौकड़ी, बैरांव, हुसैनाबाद ब्लॉक, मोहम्मदगंज में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण।
- मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 161 करोड़ रूपये की योजना स्वीकृत। जुडको द्वारा शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने की आशा।
- दूरसंचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें क्रमशः पलामू में 34 एवं गढ़वा में 32 स्थानों पर बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) बी.एस.एन.एल. टावर लगाने की स्वीकृति।
- श्री बंशीधर नगर में अतिथिशाला का निर्माण।
- पलामू जिला के सदर प्रखंड स्थित ग्राम लहलहे में पावर ग्रीड की स्थापना।
- गढ़वा जिला के भागोडीह में पावर ग्रीड की स्थापना।
- श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन।
- NH-75 से चितविश्राम होते हुए धुरकी के गरदा सिवाना तक 22 किलोमीटर पथ निर्माण।
- गढ़वा रोड -चोपन रेल खंड पर गढ़वा रोड से महुअरिया (यू.पी.) तक नवनिर्मित दोहरे रेलवे लाइन 866 (आठ सौ छयासठ करोड़) रूपये की लागत से कुल लंबाई 66 कि.मी. का आदरणीय प्रधानमंत्री के द्वारा ऑन लाइन उदघाटन किया गया।
- गढ़वा जिला अंतर्गत श्री बंशीधर नगर में चयनित सांसद आदर्श ग्राम पंचायत गरबांध में NH-75 पर गरबांध-रोहनीय (MDR-138) पथ (कुल लंबाई 15.740 किलोमीटर) कुल लागत (भू अर्जन सहित) हेतू 61, 52,41,700 (एकसठ करोड़ बावन लाख एकतालीस हजार सात सौ) रूपये की योजना को स्वीकृति मिली।

| क्र. | उम्मीदवार का नाम | फोटो | चुनाव चिन्ह | बटन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | विष्णु दयाल राम | | | |
| 4. | | | | |

13 मई को क्रमांक संख्या 3 पर बटम दबाकर अपार मतों से विजयी बनाएं



विष्णु दयाल राम ( बीडी राम )
भाजपा प्रत्याशी
निवेदक : भारतीय जनता पार्टी गढ़वा।

## ईडी की पूछताछ में इरशाद ने कबूला जुर्म

# कोलकाता के आलीशान होटल में बैठ कर डीड से छेड़छाड़ करता था इरशाद

**इरशाद ने बड़गाईं में कब्जा की हुई 8.86 एकड़ जमीन का लिखा था डीड**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोलकाता के आलीशान होटल में बैठ कर रांची की जमीन का फर्जी दस्तावेज और उसका डीड बनाया जाता था। इस बात का खुलासा हजारीबाग से गिरफ्तार डीड राइटर इरशाद ने इडी पूछताछ में किया है। उसने कहा है कि लैंड स्कैम में रांची के अलग-अलग इलाकों में आदिवासी खतियान की बेशकीमती भूमि को जनरल बनाने के सिंडिकेट में रांची से लेकर कोलकाता तक के लोग शामिल रहते थे। जमीन के दस्तावेज तैयार करने के लिए पेपर जुगाड़ करने से लेकर उसमें लिखने के काम के लिए अलग-अलग लोग शामिल थे। जिन दो रजिस्ट्री डीड 3985/1940 और 2376/1940 को आधार बना कर बड़गाईं अंचल में करीब आठ एकड़ भूमि पर कब्जा किया गया, उसे कोलकाता में तैयार किया गया था और इस काम में कोलकाता स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मचारी तापस घोष ने अफसर अली की मदद की थी। इसके एवज में अफसर अली ने तापस को 20 लाख से ज्यादा का भुगतान अकाउंट के माध्यम से किया। अफसर अली ने उसके एक्सिस बैंक के अकाउंट में अलग-अलग तारीखों में जमा किया था। शेष राशि उसे नगर भुगतान किया गया था।

### कैथी में भी डीड लिखने में माहिर है इरशाद

इरशाद ने डीड लिखने में महारत हासिल किया था। जिसके लिए उसे अकाउंट में करीब आठ लाख रुपए का भुगतान किया गया था। इरशाद को हिंदी, अंग्रेजी के साथ-साथ कैथी भाषा में भी डीड लिखने में महारत हासिल है। उसी ने बड़गाईं अंचल के राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप के साथ मिलकर शहर अंचल के रजिस्टर दो में भी छेड़छाड़ की थी। शहर अंचल के आर 27 रजिस्टर में छेड़छाड़ की गयी। जिसमें पुरानी जमाबंदी का रिकॉर्ड रखा जाता है। इरशाद के इस काम को अलाउदीन और मकबूल नाम के शख्स से सीखा था। इरशाद ने खुद यह बात कबूल किया है कि उसने रांची के अलग-अलग इलाकों की करीब 40 जमीन की डीड लिखी है। कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस का कर्मचारी तापस घोष इरशाद और अफसर अली को सरकारी रिकॉर्ड लाकर देता था, जिसके पन्ने फाड़कर उसमें हाथ से लिखावट कर दोबारा रख दिया जाता था। जिसके बाद उस दस्तावेज की नकल लेकर जमीन पर कब्जे का खेल खेला जाता था।

## जमीन घोटाले के आरोपी इरशाद तापस और संजीत भेजे गये जेल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बड़गाईं अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में गिरफ्तार हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और संजीत कुमार को शुक्रवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय होटवार भेज दिया। ईडी के समन पर तीनों गुरुवार को रांची स्थित जोनल कार्यालय पहुंचे थे। ईडी ने तीनों से पूछताछ शुरू की। पूछताछ में अहम जानकारी मिलने के बाद ईडी ने तीनों को संलिप्ता के आधार पर गिरफ्तार किया था। ईडी तीनों को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लेगी। इसके लिए ईडी की ओर से सोमवार को कोर्ट में आवेदन दिया जायेगा।

मालूम हो कि ईडी की प्रारंभिक जांच में तीनों ने अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। जानकारी के अनुसार हजारीबाग कोर्ट का कर्मचारी मो इरशाद फर्जी डीड की राइटिंग करता था।

## सुप्रीम कोर्ट से हेमंत सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका अप्रासंगिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें अंतिरम जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की अदालत ने कहा कि हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के मामले में झारखंड हाईकोर्ट के फैसला नहीं आने का मामला उठाया था। हाईकोर्ट का फैसला आ गया है, इस कारण यह याचिका अब प्रभावहीन हो गयी है और इस पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

हेमंत सोरेन ने पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि इस याचिका पर हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को सुनवाई पूरी कर ली है, लेकिन अभी तक फैसला नहीं सुनाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट से हेमंत ने जल्द फैसला सुनाने का निर्देश देने का आग्रह किया था। फैसला आने तक उन्होंने अंतरिम जमानत देने का भी आग्रह किया था। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई लंबित थी। इस बीच तीन मई को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए हेमंत की याचिका खारिज कर दी और गिरफ्तारी को सही बताया था।

### इडी अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी केस में जारी नोटिस पर रोक बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी के अधिकारियों द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश क्या है। साथ ही अदालत ने इडी के अधिकारियों के खिलाफ रांची पुलिस द्वारा 41ए के तहत दिये गये नोटिस पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। दरअसल तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दर्ज एससी-एसटी केस में ईडी के अधिकारियों को 41ए का नोटिस भेजा गया था। रांची पुलिस ने ईडी अधिकारियों के साथ-साथ मीडिया समूहों को भी नोटिस भेजकर जानकारी मांगी थी। ईडी ने रांची पुलिस के नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। इडी की ओर से लोक अभियोजक अमित कुमार दास ने बहस की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता विनीत वशिष्ठ ने बहस की।

### विष्णु अग्रवाल ने चीन जाने के लिए दायर याचिका वापस ली

**रांची।** बरियातू स्थित चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की ओर से ईडी कोर्ट से चीन जाने की अनुमति नहीं दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जिस अवधि के लिए चीन जाने के लिए पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह पीएमएलए कोर्ट से किया गया था, वह अवधि बीत चुकी है। ऐसे में इस याचिका पर सुनवाई का अब कोई औचित्य नहीं है। इसके बाद विष्णु अग्रवाल की ओर से याचिका वापस ले ली गयी। हालांकि, हाईकोर्ट ने प्रार्थी को छूट दी कि अगर वह कोई दूसरी तिथि में व्यापारिक कार्यों से विदेश जाना चाहते हैं तो वह पीएमएलए की विशेष अदालत में पासपोर्ट रिलीज करने को लेकर नया आवेदन दाखिल कर सकते हैं। कोर्ट ने पीएमएलए की विशेष अदालत को इस आवेदन को जल्द निष्पादित करने का दिशा-निर्देश भी दिया। बता दें कि व्यापार के सिलसिले में विष्णु अग्रवाल ने 12 अप्रैल को चीन जाने के लिए जमा पासपोर्ट जारी करने का आवेदन दिया था।

## खबर एक नजर में

### छवि रंजन की याचिका पर फैसला 14 को

**रांची।** सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की क्रिमिनल रिट की सुनवाई पूरी करने के बाद शुक्रवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट इस याचिका पर 14 मई को फैसला सुनाएगा। छवि रंजन ने सेना की कब्जे वाली जमीन से संबंधित ईडी के अनुसंधान के आए वह साक्ष्य को दिखाने का आग्रह किया, जिसे ईडी ने चार्जशीट के साथ जमा नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए छवि रंजन ने इन दस्तावेजों को देखने की मांग की है। सेना के कब्जे वाली जमीन मामले में ईडी ने छवि रंजन एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को हाईकोर्ट से राहत

**रांची।** गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने देवीपुर थाना में निशिकांत दुबे के के खिलाफ दर्ज उस प्राथमिकी को निरस्त कर दिया है, जिसमें उनपर मस्जिद के सामने धार्मिक नारा लगाने का आरोप था।

### पन्ना लाल की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** मानव तस्करी के आरोप में जेल में बंद पन्ना लाल महतो की जमानत याचिका पर शुक्रवार को एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। अगली सुनवाई की तारीख 18 मई निर्धारित है। पन्ना लाल महतो ने जमानत की गुहार लगाते हुए 10 अप्रैल को याचिका दाखिल की है। एनआइए कोर्ट 22 अप्रैल 2022 को उसकी जमानत याचिका खारिज कर चुकी है। साथ ही, हाईकोर्ट ने भी जमानत देने से इनकार किया है। इसके बाद पुनः दूसरी बार याचिका दाखिल की है। उस पर झारखंड से गरीब और मासूम नाबालिग लड़के-लड़कियों को दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में नौकरी दिलाने के बहाने तस्करी करने का आरोप है।

### केजरीवाल को बेल मिलना सचाई की जीत : आप



**रांची।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने अरविन्द केजरीवाल के अंतरिम जमानत मिलने पर शुक्रवार को कहा कि यह सचाई की जीत है। बीजेपी ने एक साजिश के तहत चुनाव प्रचार को रोकने के लिए अरविन्द केजरीवाल सहित विपक्ष के प्रमुख नेताओं को जेल भेजने का काम किया है। जमानत मिलने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इसका प्रभाव मौजूदा सम्पूर्ण चुनाव प्रचार पर पड़ेगा तथा इंडिया गठबंधन को मजबूती मिलेगी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी शीघ्र जमानत मिलना चाहिए।

### स्पीकर के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंच कर स्पीकर रविंद्र नाथ महतो द्वारा चुनाव प्रचार पर आपत्ति जतायी है। प्रतिनिधिमंडल मे विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर स्पीकर संवैधानिक पद का मखौल उड़ा रहे हैं, जो विधि सम्मत नहीं है। विधान सभा अध्यक्ष किसी पार्टी के सदस्य नहीं होते हैं व विस अध्यक्ष चुनाव प्रचार नहीं कर सकते। प्रतिनिधिमंडल ने एक वीडियो भी अध्यक्ष का जमा किया है। इसमे रविंद्र नाथ महतो कह रहे हैं कि वो भी दल के हैं और दल के लिए प्रचार कर सकते हैं।

### सभी दस्तावेज अपडेट रखें : व्यय प्रेक्षक

**रांची।** रांची लोकसभा सीट के व्यय प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने सभी सहायक व्यय प्रेक्षकों की दैनिक रिपोर्ट में संपूर्ण ब्यौरा देने का निर्देश दिया है। अपने अधीन कार्यरत सभी दलों के कार्यों की रिपोर्ट भी देनी होगी। वह शुक्रवार को राजकीय अतिथिशाला मोरहाबादी में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

## जनता का रूझान इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों में : राजेश ठाकुर

**राज्य सरकार ने झारखंड में किया है अभूतपूर्व विकास**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** दुमका और राजमहल के नामांकन सभा में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में जनता का पूरा रुझान इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में है और यहां की सारी सीटें हमारी झोली में जनता देने को तैयार है। जनता अपने मुद्दों को लेकर मुखर है और खुद भ्रष्ट मोदी सरकार के सामने खड़ी हो गई है। जिस अंबानी और अडानी के भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस लड़ती रही और प्रधानमंत्री उन्हें बचाते रहे उसी की पोल मोदी स्वयं खोल रहे हैं। हमारी सरकार ने झारखंड में विकास का काम किया है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार ने विकास की जो गाथा 4 वर्षों में लिखी उसे चंपई सोरेन के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी का विशेष लगाव झारखंड के लोगों से है और न्याय यात्रा के दौरान यहाँ के लोगों की समस्या से अवगत हुए हैं। यहां के आदिवासियों के बरसों पुरानी चिर परिचित सरना धर्म कोड की मांग को पूरा करने का वादा किया है और उसे कांग्रेस की घोषणा पत्र में जगह भी दी गई है। उन्होंने कहा कि आपके सामने विकास को चुनने का बेहतरीन अवसर और विकल्प मौजूद है। इस अवसर को हाथ से न जाने दें। मोदी-शाह की जोड़ी ने देश में अपने धन कुबेर मित्रों को लाभ पहुंचाने की सारी हदें पार कर दी लेकिन किसानों,गरीबों, आदिवासियों के लिए उनके पास कोई सोच नहीं है।

### छवि रंजन समेत आठ आरोपियों की हिरासत अवधि 24 तक बढ़ी

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत आठ की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने दो सप्ताह बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 24 मई निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला पुलिस पेपर सौंपने पर चल रहा है। हालांकि, आरोपियों को ईडी ने पुलिस पेपर सौंप चुकी है। लेकिन सौंपे गए पुलिस पेपर के कुछ पृष्ठ अस्पष्ट है। जिसके कारण उसे पढ़ा नहीं जा रहा है। ऐसे पेज को आरोपियों की ओर से स्पष्ट पेपर मांगा जा रहा है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली, लखन सिंह और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में है। जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल को हाईकोर्ट से जमानत प्राप्त है। वहीं, एक आरोपी पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

## भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण के खिलाफ वोट के लिए जनता संकल्पित: बाबूलाल मरांडी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रामगढ़ के जुझारू नेता धनंजय कुमार पुटुस एवं संदीप साहू के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में संदीप साहू, त्रिपुरारी मिश्रा, संदीप अग्रवाल, सुनील साहू, विकास कुमार, पंकज सिंह, प्रीतम सिंह, विशाल विश्वकर्मा, बबलू अंसारी, गौतम सिंह, सिद्धार्थ सिंह, भोला महतो, अमन आदित्य, नीरज कुमार, रमेश कुमार, राजीव रंजन, भारत कुमार, सुनील कुमार, राजीव दास, कैलाश महतो, सुरेंद्र राम, रघुचरण स्वामी, श्रीधर सिंह, सिकंदर सोनी, अजय राम, अमर बोदरा शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण मेहता ने किया। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में लगातार देश की जनता मोदी जी के साथ खड़ी है। लगातार समर्थन बढ़ रहा। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई को तेज करने केलिए तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालो को भाजपा के विकसित भारत अभियान को पूरा कराने में अपना अपना योगदान सुनिश्चित कराने का आहवान किया।

### सातवें चरण में नामांकन के चौथे दिन तक हुए कुल 18 नामांकन

# झारखंड में पहली बार थर्ड जेडर प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतरे

**जब्ती का आंकड़ा 1 अरब 14 करोड़ 40 लाख रुपये हुआ**

**झारखंड में पहली बार धनबाद संसदीय सीट से एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार सुनैना किन्नर ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया है कि सातवें चरण के चुनाव में नामांकन के चौथे दिन तक कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इसमें दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से कुल तीन उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब तक 5 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अभी तक 10 लोगों ने उम्मीदवारी का पर्चा भरा है। उन्होंने बताया कि झारखंड में पहली बार संसदीय निर्वाचन में धनबाद से एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार सुनैना किन्नर ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि 11 मई को माह का तीसरा शनिवार होने के कारण नामांकन कार्य नहीं होगा। जबकि, प्रत्येक रविवार को नामांकन का कार्य बंद रहता है। उन्होंने बताया कि 11 मई की शाम से चौथे चरण का चुनाव प्रचार थम जायेगा। 12 मई को प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बूथों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि मतदान कार्य के लिये ईवीएम पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती का आंकड़ा 1 अरब, 14 करोड़ 40 लाख तक पहुंच चुका है।

## चौथे चरण के लिए आज थमेगा चुनाव प्रचार, मतदान 13 मई को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा के चौथे चरण के प्रचार का शोर शनिवार को थम जायेगा। 11 मई की शाम 5 बजे तक प्रत्याशी अंतिम जोर लगायेंगे। वहीं 12 मई को प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेन कर सकेंगे। झारखंड में चौथे चरण में चार लोकसभा सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी और पलामू में चुनाव होने हैं। इन चार लोकसभा से 45 प्रत्याशी मैदान में हैं। सिंहभूम से 14, लोहरदगा से 15, पलामू से 9 और खूंटी से 7 प्रत्याशी हैं। शुक्रवार को निर्वाचन भवन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि शनिवार से चुनाव संबंधित सामग्री डिस्पैच होगी। मतदान कर्मी, ईवीएम भी शनिवार से अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर भेजे जायेंगे।



के. रवि कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में सातवें चरण के लिए झारखंड से शुक्रवार को 12 नॉमिनेशन हुये। तीन लोकसभा राजमहल, गोड्डा और दुमका से अब तक 18 प्रत्याशियों से नॉमिनेशन किया है। शुक्रवार को राजमहल से 2 नॉमिनेशन हुये। अब तक वहां 5 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। गोड्डा से 7 नॉमिनेशन हुये। अब तक वहां 10 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। दुमका से कुल 3 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है।

### राजीव झावर की अग्रिम जमानत याचिका पर हुई सुनवाई, आदेश सुरक्षित

**मनी लॉन्ड्रिंग मामला**

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झावर की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास एवं सौरभ कुमार ने पैरवी की।

मामले को लेकर ईसीआईआर 2/ 2021 दर्ज किया है। उषा मार्टिन को घाटकुड़ी, पश्चिम सिंहभूम स्थित विजय टू में आयरन ओर के लिए कैपटिव माइनिंग का काम मिला था। आरोप है कि कंपनी ने कोयले का इस्तेमाल अपने लिए करने की बजाय उसे मार्केट में बेच दिया। मामले को लेकर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग।**
**(वाहन कोषांग)**
e-mail id - vehiclecellhaz@gmail.com

**व्यावसायिक (निजी) वाहनों के स्वामियों के लिये एक आवश्यक सूचना**

ज्ञातव्य है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त इस जिला में मतदान दिनांक 20.05.2024 को होना निर्धारित है। निर्वाचन सम्पन्न करवाने के निमित्त यद्यपि कि प्रायः सभी व्यावसायिक वाहनों के अधिग्रहण हेतु वाहन स्वामियों के नाम से विहित प्रपत्र के अन्तर्गत् निर्गत् अधियाचना का तामिला करवाया गया है, साथ ही जब्ती पत्र के माध्मय से वाहनों की अधियाचना किया गया है तथा इसकी प्रविष्टि VMS (Vehicle Management System) में की गयी है। यद्यपि किसी भी कारण-वश किसी भी वाहन के स्वामी पर उपर्युक्त अधियाचना/जब्ती का तामिला यदि नहीं हो सका है; तो वैसी स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के तहत् अधोहस्ताक्षरी को प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए हजारीबाग जिला में निबंधित सभी व्यावसायिक वाहनों के स्वामियों को एतद् द्वारा यह आदेश दिया जाता है कि आगामी दिनांक 15.05.2024 तक वाहन/वाहनों के चालकों के साथ संत कोलम्बा महाविद्यालय, हजारीबाग के न्यू फूटबॉल स्टेडियम में कार्यरत वाहन कोषांग में अचूक रूप से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

यह भी सूचित किया जाता है कि अपने व्यावसायिक वाहन/ वाहनों को किसी भी परिस्थितियों के अन्तर्गत् इस जिला से बाहर नहीं भेजें।

यह भी ध्यान रहे कि अधोहस्ताक्षरी के इस आदेश का उल्लंघन उपर्युक्त अधिनियम की धारा 167 के प्रावधानों के अनुसार एक दण्डनीय अपराध है; जिसके लिये एक वर्ष का सश्रम कारावास अथवा आर्थिक दण्ड अथवा दोनों का ही प्रावधान है। इसके अतिरिक्त मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत् धाराओं के अन्तर्गत् भी समुचित कार्रवाई की जा सकती हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR.NO.324655 Election(24-25):D


# प्रभारी सदर अंचलाधिकारी रहते संजीव लाल ने फर्जी तरीके से जमीन का कर दिया था म्यूटेशन!

**राज्य सूचना आयोग ने दिया था जांच का निर्देश**

**कुबेर सिंह**

**रांची।** इडी की गिरफ्त में आये मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल जब रांची में एक्जक्यूटिव मजिस्ट्रेट सह सदर अंचल के अंचलाधिकारी के प्रभार में थे, तब संजीव लाल ने फर्जी तरीके से बड़गाईं अंचल के एक जमीन का फर्जी तरीके से म्यूटेशन कर दिया था। घटना वर्ष 2005 की है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता ने फर्जी तरीके से जमीन के म्यूटेशन करने के मामले को लेकर राज्य सूचना आयोग में एक अपील भी दायर किया गया था। फर्जी तरीके से जमीन के दाखिल-खारिज को लेकर उपायुक्त को एक पत्र प्रेषित किया गया था। लेकिन, संजीव लाल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

### बड़गाईं के अंचलाधिकारी को भी लिखा गया था पत्र

मौजा तिरील (तत्कालीन संदर अंचल) वर्तमान में बड़गाईं अंचल के खाता संख्या 79 में प्लॉट नंबर 507, 518 और 26 खाता के 776 प्लॉट नंबर को खाता 79 में दर्शाकर एक फर्जी हुकुमनामा एवं फार्म एम तैयार अंचल कार्यालय के मिलीभगत से दाखिल खारिज वर्ष 2005 में करवा लिया था। वर्ष 2005 से लेकर 2006 तक की रसीद भी निर्गत करा लिया था। इस खाता नंबर प्लॉट पर वर्ष 2008 से रोक लगा हुआ है। राज्य सूचना आयाोग को दी गयी जानकारी में कहा गया था कि खाता 26 को पुनः दाखिल खारिज के लिसे सूचीबद्ध करने के लिये बड़गाई के अंचलाधिकारी को पत्र लिखा गया था, लेकिन उसे सूचीबद्ध नहीं किया गया।

### स्व प्रफुल कुमार घोष समेत तीन थे खाता 26 के मालिक

बताया जाता है कि तिरील मौजा के खाता नंबर 26 और 79 के जमींदार स्व प्रफुल कुमार घोष,सनत कुमार घोष, शिशिर कुमार घोष, नंद कुमार घोष वर्ष 1950 तक संयक्त रूप से थे। 1950 के बाद पाटीशन शूट हाईकोर्ट में पीड़ित की ओर से दायर किया गया। हाईकोर्ट ने पीड़ित एस सिन्हा को सिविल वाद दायर करने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है पंजी टू में जब पूरे मामले की जांच के लिये दस्तावेज की जरूरत पड़ी तो पाया गया कि अभिलेखागार में उस खाता का कोई लेखा मौजूद ही नहीं है।

# सभी 14 लोकसभा सीटों के साथ गांडेय भी जीतेगी भाजपा : बाबूलाल मरांडी

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी से खबर मन्त्र की विशेष बातचीत

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड में लोगसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच चुका है। राज्य के 14 लोकसभा सीटों पर जहां एक ओर भाजपा और सहयोगी दल आजसू पार्टी है तो दूसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला है। आंधी-पानी के बीच 9 मई की शाम हेलिकॉप्टर की इमर्जेंसी लैंडिंग के चलते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जमशेदपुर में फंस गए। आज सुबह उनसे **खबर मन्त्र** के **विशेष संवाददाता सत्येन्द्र कुमार** से झारखंड के चुनावी माहौल और भाजपा की स्थिति पर विशेष बातचीत की। प्रस्तुत है बातचीत के मुख्य अंश :

**सवाल : बाबूलाल जी आप पूरा झारखंड घूम रहे हैं, ओवर ऑल कैसा है चुनावी माहौल? कैसी बन रही है चुनावी फिजा?**

**बाबूलाल मरांडी :** देखिये, भाजपा 2019 के चुनाव में 11 सीट जीती थी। गठबंधन पार्टी आजसू के पास एक सीट है यानी कुल 12 सीटें हैं हमारे पास। इस बार हम सब लोग पूरी ताकत से मेहनत कर रहे हैं। भाजपा बीते छह माह से चुनावी तैयारी में जुटी हुई है। मैं कह सकता हूं कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा के पक्ष में माहौल है और हम सभी 14 सीटें जीतने जा रहे हैं। साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव भी भाजपा जीत रही है।

**सवाल : झारखंड में लोकसभा चुनाव जीत को लेकर आप जो कंफिडेंस दिखा रहे हैं, उसका कारण क्या है? आधार क्या है?**

**बाबूलाल मरांडी :** सबसे पहली बात कि भाजपा का संगठन सतत सक्रिय है। दूसरा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में गांव, गरीबों, किसानों, मजदूरों को ध्यान में रख जो काम किया है उसको लेकर आम जनता में बहुत ही सकारात्मक माहौल है।

**सवाल : पीएम की कौन सी योजना को आप ज्यादा प्रभावकारी मान रहे हैं?**

**बाबूलाल मरांडी :** प्रधानमंत्री आवास योजना हो, उज्ज्वला योजना हो, आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को इलाज की सुविधा और तीसरा सबसे प्रभावकारी योजना है : हर माह बीपीएल परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को पांच किग्रा निःशुल्क अनाज। यह गरीबों के लिए बहुत बड़ा सहारा है। इनसे गरीब एवं आम जन लाभान्वित हुआ है। योजनाएं बहुत ही प्रभावकारी ढंग से लागू की गयी हैं जिससे आम जन बेहद संतुष्ट और खुश हैं।

**सवाल : झारखंड की सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके सहयोगी दलों का आरोप है कि भाजपा तीसरी दफा देश में सत्ता में आती है तो इससे सबसे ज्यादा खतरा झारखंड के आदिवासी समुदाय को है। वे वन अधिनियम में संशोधन कर जल, जंगल और जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधन आदिवासियों से छीन कर पूंजीपतियों को सौंप देंगे। भाजपा आरक्षण को हमेशा के लिए भाजपा खत्म कर देगी। इस आरोप पर भाजपा का क्या कहना है?**

**बाबूलाल मरांडी :** यह सब भाजपा के खिलाफ उनका सिर्फ दुष्प्रचार भर है क्योंकि उनके पास कोई एजेंडा तो है नहीं। अगर झारखंड के आदिवासी सबसे अधिक विस्थापित हुए हैं तो वे कांग्रेस के शासनकाल में विस्थापित हुए हैं। बड़े-बड़े डैम, कल-कारखानों के नाम पर आदिवासियों को विस्थापित किया गया है। मोदी के राज में कोई विस्थापित नहीं हुआ है, बल्कि मोदी के राज में लोगों को न्याय मिला है। कांग्रेस पार्टी के साथ झामुमो का संबंध जगजाहिर है। जितने कारखाने कांग्रेस के कार्यकाल में खुले वे अब डूब रहे हैं जबकि गांव के गांव वे उजाड़ दिये। इस कांग्रेस पार्टी से संबंध के लिए झामुमो वालों को प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए, क्षमा मांगनी चाहिए।



जहां तक आदिवासियों की जमीन लूट की बात है तो सबसे बड़े जमीन का लुटेरा तो वही लोग है। झारखंड राज्य के गठन का 23 साल हो गया है। इस अवधि में भाजपा के तीन मुख्यमंत्री रहे हैं। मैं खुद सीएम रहा, अर्जुन मुंडा रहे और रघुवर दास भी सीएम रहे, किंतु कहीं जमीन की लूट नहीं हुई। हुई है तो झामुमो और कांग्रेस वाले बताते क्यों नहीं? झामुमो के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के बाद जमीन सेल की इतनी डीड रांची से लेकर पूरे झारखंड में है कि वह जमीन लूट का प्रमाण है। यहां तक कि आदिवासियों की भूईहरी जमीन है, पहनाई जमीन है जो सेलेबुल नहीं है उसको भी इन लोगों ने फर्जी कागजात बना कर बेच दिये। फॉरेस्ट लैंड, जीएम लैंड का फर्जी कागजात बना कर बेच रहे हैं। प्लॉटिंग कर रहे हैं। यही तो इनकी सच्चाई है।

**सवाल : पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर झामुमो एक मुद्दा बना रहा है। आपको लगता है कि ऐसी कोशिश से भाजपा के खिलाफ माहौल झारखंड में बनाने में सफलता मिल सकती है?**

**बाबूलाल मरांडी :** अब तो सब स्पष्ट होता जा रहा है। जमीन के जो कागजात बरामद हुए हैं, उनलोगों से जो बड़ी-बड़ी राशि बरामद हो रही है, कांग्रेस के ही एक मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां से करोड़ों रुपये बरामद हो रहे हैं। एक कांग्रेसी सांसद के यहां से 353 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। नोटों की गड्डी के पहाड़ मिले हैं, एक भ्रष्ट अफसर के यहां से भी बड़ी रकम मिली है। यह सब क्या बताता है? ऐसे लोग जेल नहीं तो कहां जायेंगे? आम जनता की सहानुभूति ऐसे लोगों के साथ बिल्कुल भी नहीं है।

**सवाल : वर्तमान सीएम चंपई सोरेन का कहना है कि झामुमो और सहयोगी दलों के शासन में झारखंड का चहुंमुखी विकास हो रहा है।**

**बाबूलाल मरांडी :** यह हास्यास्पद बात है। विकास के नाम पर झारखंड में लूट मची हुई है। सोचिये, जब मौजूदा झारखंड सरकार के एक कांग्रेसी मंत्री के पीएस के नौकर के यहां 20 करोड़ रुपये मिल सकते हैं तो पीएस और मंत्री के यहां छापेमारी हो, तो कितनी राशि मिलेगी? यह धन तो लूट का धन है। पता नहीं किस मुंह से झामुमो और कांग्रेसी नेता विकास की बात कहते हैं।

**सवाल : जैसा कि आपका दावा है कि संसदीय चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा व सहयोगी दल जीतने जा रहे हैं। अगर भाजपा को यह विजय मिलती है और मोदी तीसरी बार पीएम बनते हैं,तो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते आप यहां की जनता को क्या आश्वस्त करना चाहेंगे?**

**बाबूलाल मरांडी :** देखिए, मोदी जी ने साफ कहा है जिन्हें आवास नहीं मिला है, उन्हें आवास मिलेगा। जिन्हें गैस कनेक्शन नहीं मिला है उन्हें गैस कनेक्शन मिलेगा। साथ ही किसी भी जाति,वर्ग , और आय वर्ग से ऊपर उठ कर जो भी 75 साल के बुर्जुग हैं उन्हें 5 लाख रुपये का आयुष्मान कार्ड इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे लोग किसी भी अच्छे एवं पसंद के अस्पताल में साल में पांच लाख रुपये तक का इलाज करवा सकते हैं। मोदी जी की अगुवाई में भारत विकसित भारत बनेगा जिसका लाभ देश के अन्य राज्यों के साथ-साथ झारखंड और यहां रहने वाले हर नागरिक को भी मिलेगा। इसलिए हम झारखंड की जनता से कहना चाहेंगे कि वे मोदी सरकार के कार्यकाल की सुनहरी उपलब्धियों को देखते हुए अपना भाजपा और सहयोगी दल को दें।

## स्पीड न्यूज

### असम के सीएम डॉ हिमंत की आज तमाड़ में सभा

**तमाड़/जमशेदपुर।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा 11 मई को खूंटी लोकसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे रांची जिले के तमाड़ के रायडीह मोड़ स्थित अमलेसा मैदान में 1:30 बजे जनसभा करेंगे। मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र राय, एनडीए प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खूंटी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, रांची जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) सुरेंद्र महतो भी मौजूद रहेंगे।

### बार एसोसिएशन पहुंची जोबा, अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन

**चाईबासा।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन चुनाव प्रचार में पहुंची। वहां एसोसिएशन के महासचिव अधिवक्ता फादर अगस्तीन कुल्लू ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान जोबा ने अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। मौके पर स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अनिल कुमार महतो, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष कैसर परवेज, वरिष्ठ अधिवक्ता निरंजन प्रसाद साव, वरिष्ठ अधिवक्ता मदन मोहन दरिपा, सतीश चंद्र महतो, रमेश चौबे, सुभाष चंद्र मिश्रा भी थे।

### गोड़गोड़ा-भीमनगर में मनी बाबा भीम सोरेन की पुण्यतिथि

**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना के अंतर्गत आदिवासी ग्रीन स्पोर्टिंग क्लब गोड़गोड़ा फुटबॉल मैदान और भीम नगर में बालीगुमा में बाबा भीम सोरेन की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न हुआ। विदित हो कि बाबा भीम सोरेन जाने माने कविराज थे। जीवनभर लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा किया।उसके काम को अब उनके पोता संभलते हैं। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मदन सोरेन, झारखंड जनतांत्रिक महासभा के दीपक रंजीत, कांग्रेस आई के राखल सोरेन आदि थे।

### धातकीडीह शर्मा होटल की जमीन पर दिनदहाड़े करवा रहे निर्माण कार्य

**जमशेदपुर।** अल्पसंख्यक बहुल धातकीडीह मेन रोड के चर्चित शर्मा होटल की जमीन पर जबरन निर्माण कार्य भूमि माफियाओं ने शुरु कर दिया है। इस जमीन पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य पर रोक के बावजूद यह सब हो रहा है। जमीन का असली मालिक होने का दावा करते हुए दुर्गा प्रसाद शर्मा ने सपरिवार जमीन के सामने भूख हड़ताल शुरु कर दी है ताकि प्रशासन की नींद टूटे जो आज कल चुनाव की तैयारी में व्यस्त है। दुर्गा प्रसाद शर्मा के मुताबिक वे धातकीडीह टीओपी के निकट शर्मा होटल के मालिक हैं। वे ब्राह्मण जाति के हैं और 1946 से शर्मा परिवार यहां रह कर कारोबार कर रहा है। यह शर्मा परिवार की निजी जमीन है जिसका मकान संख्या 70/71 है और इसका क्षेत्रफल 3000 वर्गफीट है जो रजिस्ट्री डीड है। हर महीने 1584 रुपये नगरपालिका शुल्क भी दुर्गा प्रसाद शर्मा जमा करते हैं। इस भूमि पर विगत कुछ माह से लागतार दबंग भूमि माफिया जिन के ऊपर कई थाना में प्राथमिकी दर्ज है जिन में नजमुद्दीन खान उर्फ लड्डू,सनावर रहमान उर्फ शमी, अदील रशीद, तारिक रशीद, मो रफीक उर्फ नवाब, शकील राजा उर्फ जूता शकील, रशीद खान, तुसीफ रहमान और आशिफ रहमान मिलकर फर्जी हस्ताक्षर और फर्जी दस्तावेज बना कर मेरी निजी भुमि को अपना भुमि बताकर हत्यारा के बल निर्माण कार्य शुरू किए हुए है। इस पर दो दो बार धारा 144 लगा जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम जमशेदपुर ने दिनांक 26/10/23 को एमआइएस केस नंबर 203( 2023 को अदेश जारी किया कि इस भूमि पर राइट टाइटल इंट्रेस्ट एंड पोजिशन को लेकर विवाद पोजिशन का निर्णय संभव प्रतीत नहीं होता है लिखा है। जिस पर माननीय मुंशाफ कोर्ट जमशेदपुर न्यायालय द्वारा दिनांक 24/1/2003 में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पर रोक का आदेश है। मैं बहुत परेशान होकर अपनी जान मॉल कि रक्षा के लिए आज भूख हड़ताल पर बैठने को मजबुर हुआ हूं। अगर मुझे ज़िला प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो में यहां से पलायन के लिए मजबूर हो जाउंगा।

# जमशेदपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर सामान्य और पुलिस प्रेक्षकों ने की समीक्षा

- को-ऑपरेटिव कॉलेज स्थित ईवीएम डिस्पैच/ रिसिविंग सेंटर का किया निरीक्षण
- तैयारियों की समीक्षा की, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 9-जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री किल्लु शिव कुमार नायडू एवं पुलिस प्रेक्षक श्री जलिंदर डी. सुपेकर ने को-ऑपरेटिव कॉलेज में बनाये गए ईवीएम डिस्पैच सेंटर व रिसिविंग सेंटर का निरीक्षण किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल मौजूद रहे। प्रेक्षकों ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, भयमुक्त एवं व्यवस्थित तरीके से निर्वाचन कार्य के संपादन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा क्या तैयारियां की गई हैं इसकी जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग, ईवीएम का वेयर हाउस से डिस्पैच सेंटर में मूवमेंट तथा सुरक्षित रखरखाव, सभी छह विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रॉन्ग रूम, बिजली आपूर्ति, सीसीटीवी से 24 गुणा 7 निगरानी, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था तथा पूरे कॉलेज परिसर में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति आदि की समीक्षा किया। प्रेक्षकों ने ईवीएम डिस्पैच एवं रिसिविंग के लिए तैयार ब्लूप्रिंट, पोलिंग पार्टियों के बैठने की व्यवस्था, रूट चार्ट आदि की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से ईवीएम डिस्पैच एवं ईवीएम की रिसिविंग तथा मतगणना केन्द्र को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियों से अवगत कराया, वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी दी।



निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकगणों के साथ डीसी अनन्य मित्तल व एसएसपी किशोर कौशल।

इस दौरान उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, एआरओ, एईआरओ, भवन निर्माण व विद्युत विभाग के अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## साकची : झामुमो के मुख्य चुनाव कार्यालय का प्रत्याशी समीर महंती ने किया उद्घाटन



साकची शीतला मंदिर के सामने मुख्य चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते जमशेदपुर लोकसभा सीट के झामुमो सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर महंती (सबसे दायें)।साथ में विधायक मंगल कालिंदी, रामदास सोरेन और कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे।

## जोबा माझी ने सरायकेला व चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र में चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

- सिंहभूम सीट पर झामुमो प्रत्याशी हैं जोबा माझी बार एसोसिएशन के सदस्यों से भी मांगा समर्थन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सरायकेला/जमशेदपुर।** इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी ने शुक्रवार को सरायकेला शहरी क्षेत्र में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन की अपील की। अभियान के दौरान जोबा ने विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की और महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने इंडिया महागठबंधन और प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। अभियान के दौरान जोबा ने कहा कि इस बार के चुनाव में सारे मिथक तोड़ सरायकेला विस क्षेत्र की जनता एक नया इतिहास रचेगी। अभियान में मतदाताओं के समर्थन से गदगद जोबा ने कहा कि सरायकेला सहित सिंहभूम का सर्वांगीण विकास ही उनकी प्राथमिकता है।



सरायकेला नगर में जन संपर्क अभियान में झामुमो सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी।

## जनता के प्यार और आशीर्वाद से मोदी तीसरी बार भी बनेंगे पीएम : विद्युतवरण

- जमशेदपुर पश्चिम एवं जुगसलाई में भाजपा विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय का शुभारंभ
- जुगसलाई एवं पोटका विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मंडल के चुनावी कार्यालय का प्रत्याशी बिद्युत महतो ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा के मद्देनजर भाजपा द्वारा विभिन्न मंडलों में चुनावी कार्यालय के उद्घाटन का दौर शुक्रवार को भी जारी रहा। शुक्रवार को साकची बसंत सिनेमा के समीप जमशेदपुर पश्चिम एवं पटमदा के बेलटांड़ में जुगसलाई विस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। वहीं, सांसद विद्युत महतो ने जुगसलाई एवं पोटका विस क्षेत्र के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। सांसद विद्युत ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में दमदार जीत के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता का भरपूर प्यार एवं आशीर्वाद पुनः भाजपा के पक्ष में मिलेगा और मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे।



बोड़ाम में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जमशेदपुर सीट के भाजपा प्रत्याशी बिद्युतवरण महतो। साथ में पूर्व मंत्री व आजसू के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस।

## ठेकाकर्मी के परिजनों को मिला पांच लाख मुआवजा और नौकरी

- ठेका कंपनी जेबीकेएसएस ने किया समझौता

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र की आरएसबी कंपनी में एसएस इंजीनियरिंग ठेका एजेंसी के अधीन कार्यरत गम्हरिया निवासी ठेकाकर्मी मुचिराम गोराई की बीते 09 मई को कार्य के दौरान मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को जेबीएसएस के केंद्रीय संगठन मंत्री संजय गोराई ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कंपनी प्रबंधक से शांतिपूर्ण वार्ता कर मुआवजा के तौर पर पांच लाख रुपए का चेक, मृतक के पुत्र को स्थाई नौकरी एवं मृतक की पत्नी को पेंशन दिलवाने पर कंपनी प्रबंधक ने लिखित रूप से सहमति जताई। इस दौरान गोराई ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि मृत व्यक्ति वापस तो नहीं हो सकता है।

## मनोहरपुर में गीता कोड़ा के पक्ष में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव ने की चुनावी सभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मनोहरपुर/जमशेदपुर।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से एनडीए की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा ने आज मनोहरपुर विधानसभा अंतर्गत हाथीनाका, आम बगान के समक्ष आयोजित विशाल जनसभा में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साई जी के साथ शामिल हुईं।

इस दौरान आदरणीय विष्णुदेव साई जी को पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत कीं।सभा में उपस्थित जनमानस को नेताद्वय ने संबोधित कर भाजपा की उपलब्धियों को साझा करते हुए विकसित सिंहभूम के साथ विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हथों को मजबूत करने का अपील किए। **आउट सोर्सिंग कर्मचारी संघ ने किया भाजपा प्रत्याशी गीता कोडा का समर्थन :** दूसरी ओर, भाजपा प्रत्याशी गीता कोडा को इन दिनों लोकसभा क्षेत्र के अलग अलग संगठनों का समर्थन प्राप्त हो रहा है। इस क्रम में झारखण्ड राज्य ऑउट सोर्सिंग कर्मचारी संघ ने भाजपा प्रत्याशी गीता कोडा को समर्थन पत्र सौंपा। समर्थन पत्र में कहा है कि झारखंड राज्य ऑउट सोर्सिंग कर्मचारी संघ के जिला कमेटी के निर्देशानुसार कोल्हान के आदिवासी आरक्षित सीट सिंहभूम से एनडीए भाजपा गठबंधन को प्राप्त हुआ है। जिसमें सांसद गीता कोडा को प्रत्याशी बनाया गया है। पश्चिमी सिंहभूम जिला झारखण्ड राज्य ऑउट सोर्सिंग कर्मचारी संघ के जिला कमिटि, प्रखण्ड कमिटि के साथ-साथ स्थायी कर्मचारी और ऑउट सोर्सिंग कर्मचारी के बीच उनके समस्याओं को गम्भीरता से समर्थन करते हुए आवाज बुलन्द करती रही है। जिसे देख कर्मचारी संघ की जिला कमिटि के आदेश पर जिला के गोइलकेरा, सोनुआ, चक्रधरपुर, बंदगांव, जामदा, नोवामुंडी, जगनाथपुर, झीकपानी, हाटगम्हरीया, टॉन्टो, तातनगर, सदर चाईबासा, मंझारी, कुमारडूंगी, एवं मनोहरपुर, आनंदपुर के सभी कमिटि पूरी तत्परता के साथ सिंहभूम लोकसभा भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को अपना समर्थन देते हुए उनके चुनाव में तन, मन से जागरूकता अभियान चलाकर आम जनमानस के बीच चुनावी अभियान को चलायेगी।



चुनावी सभा में समर्थकों का अभिवादन करती भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा व छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साई।

## एक नजर में

### ब्रह्मर्षि विकास मंच ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव



**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि विकास मंच केबुल इकाई ने परशुराम जन्मोत्सव केबुल वेलफेयर एसोसिएशन में किया। कार्यक्रम के अतिथि सुधीर कुमार, श्रीराम ठाकुर, प्रभात ठाकुर थे। सर्वप्रथम परशुरामजी एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलित किया गया। अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि हम सभी ब्रह्मर्षि भगवान परशुराम जी के वंशज हैं। वह भगवान शिव के परम भक्त थे और शिवजी ने उनकी अराधना से प्रसन्न होकर उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र दिया तो उनका नाम परशुराम हो गया। परशु नामक अस्त्र उनका मुख्य अस्त्र बन गया। उन्हें अजर-अमर रहने का वरदान प्राप्त है और इसलिए वह हर युग में जन्में भगवान विष्णु के दूसरे अवतारों के साथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सिंह, झूलन ठाकुर, अरविंद कुमार, सुरेश ठाकुर, मनोज ठाकुर, राजेश कुमार, गोपाल सिंह, श्री निवास ठाकुर, भोला सिंह, राजेश राय, रवीन्द्र पांडेय, पंकज शाही, पिंटू, तेज नारायण ठाकुर, कमलकांत, वीरेन्द्र सिंह शामिल थे।

### ब्राह्मण शक्ति संघ ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव



**जमशेदपुर।** अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन ब्राह्मण शक्ति संघ के केंद्रीय कार्यालय ह्यूम पाईप में गौरव दिवस के रूप में किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण शक्ति संघ के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ पवन पाण्डेय एंव केंद्रीय महासचिव अशोक पाण्डेय उपस्थित थे। कार्यक्रम में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ पवन पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम ना सिर्फ भगवान विष्णु के छठे अवतार है बल्कि ज्ञान और शक्ति के अक्षय स्त्रोत हैं। इसलिए इनका अवतरण अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर हुआ। इन्होंने अपने ज्ञान के साथ ही अपने पराक्रमी सुधाकर नाम के फरसे से उस वक्त के दुराचारी राजाओं को सत्ता के मद में चूर होकर कमजोर और लाचारों पर जुल्म करने के लिए सत्ता सहित समूल विनाश किया था। कार्यक्रम में अशोक पाण्डेय, जितेन्द्र मिश्रा, सी, पी शुक्ला, रामानुज चौबे, संजय मिश्रा, संजय दुबे, मिथिलेश दुबे, उमलेश पाण्डेय, शैलेन्द्र झा, अभय पाण्डेय, बालाशंकर तिवारी, अजय ओझा,सुरेन्द्र पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ब्राह्मण युवा शक्ति संघ ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को ब्राह्मण युवा शक्ति संघ ने बाराद्वारी स्थित ओल्ड एज होम वृद्धा आश्रम में संध्या 6 बजे भगवान विष्णु के छठे अवतार श्री परशुराम का जन्मोत्सव मनाया। मौके पर परशुरामवंशियों ने इस पुनीत अवसर पर वृद्ध अभिभावकों के बीच भगवान श्री परशुराम की प्रतिमा के समीप 11 दीपक जलाये और सामूहिक आरती की। साथ ही सभी वृद्ध अभिभावक माता और पिता के बीच फल, ब्रेड, दूध, केला, मिठाई और अन्य समाग्री देकर आशीर्वाद मांगा। मौके पर संघ के संस्थापक सदस्य अभिषेक ओझा ने बताया कि संघ ने पूर्व ही घोषित कर दिया था कि और सभी परशुरामवंशियों के बीच दीपक बांटा गया था। कार्यक्रम में मुन्ना चौबे, अरुण शुक्ला, संतोष जोशी, निर्मल दीक्षित, अलोक दुबे, अंकित आंनद, चिंटू सिंह, वीर सिंह, ऋतिक चौबे, राहुल दुर्गे, कुलदीप सिंह, ललित कुमार मौजूद थे।

### गर्व है कि जमशेदपुर रक्तदाताओं का शहर है : काले



**जमशेदपुर।** रक्तदान एक महान कार्य है, इसे करने से किसी जरूरतमंद को जीवनदान भी मिलता है और रक्तदाता भी स्वस्थ रहते हैं। उक्त विचार समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने यहां साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में स्व लखि सरावगी एवं स्व शशि सरावगी की स्मृति में रेड क्रॉस के पेट्रन रवि सरावगी के संयोजन में आयोजित रक्तदान शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। उनके साथ समाजसेवी पूरबी घोष, रेड क्रॉस के वाईस पेट्रन डीके घोष, शिवम सरावगी, एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने भी उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि श्री काले ने रक्तदाताओं को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के साथ लॉयन्स क्लब ऑफ जमशेदपुर नार्थ ने शिविर में अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस नेता मणिभूषण भाजपा में शामिल



**विश्रामपुर (पलामू)।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय शुक्रवार को विधिवत रूप से भाजपा मे शामिल हो गये। उनके साथ दर्जनों समर्थक भी भाजपा में शामिल हुए। वे पिछले कुछ दिनों से अपनी उपेक्षा के कारण पार्टी से नाराज थे। भाजपा में शामिल होते ही उन्होंने पार्टी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया। कहा कि देश को प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व की जरूरत है।

### संजय उपाध्याय राजद में हुए शामिल



**विश्रामपुर, पलामू।** नगर परिषद के मुख्य कस्बा निवासी सह भाजपा नेता संजय उपाध्याय राजद में शामिल हो गये। श्री संजय को बिहार के पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री सह झारखंड राज्य के राजद प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश राजद प्रवक्ता अनिता यादव, राजद नेता पप्पू सिंह, बिश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव के समक्ष पार्टी का पट्टा पहनाकर राजद की सदस्यता दिलायी। मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह, जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा एवं महाबधबंधन के कई लोग मौजूद थे।

### वोट देकर सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायें : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** नावाहाता स्थित संत मरियम के छात्रावास के बच्चों ने शुक्रवार को पोस्टर, पेंटिंग, नृत्य, एवं नाटक के माध्यम से मतदान करने को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया। बच्चों ने मत का महत्व, अधिकार सहित सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे अनिवार्य बताया। मौके पर चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए बेहतर प्रयास किया है। मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है और भारत के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### पांकी पुलिस ने 55 गोवंशीय पशु किये जब्त, छह पशु तस्कर भी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** पांकी थाना पुलिस ने बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पांकी के महुगाईं रामबान आहर के पास से 55 पशुओं को जब्त कर छह पशु तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पांकी पुलिस ने बताया कि जिला के एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि सतबरवा थाना क्षेत्र होते गौ तस्करों के द्वारा पैदल हांकते हुए काफी संख्या में गोवंशीय पशु का अवैध तस्करी करने के उद्देश्य से पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार से गुजरनेवाला है। इस सूचना पर एसपी ने पांकी के पुलिस अधिकारियों को छापेमारी करने का निर्देश दिया। छापामारी दल की कार्रवाई कर आसेहार, महुगाईं रामबान आहर के पास से गौ तस्करों द्वारा पैदल हांकते हुए तस्करी हेतू ले जा रहे 55 गौवंशीय बैल व भैसा को जब्त किया गया। साथ ही छह गौ तस्कारों को गिरफ्तार कर कुल 10 गौ तस्करों पर पांकी थाना में पशु क्रुरता अधिनियम व पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार छह पशु तस्करों को जेल भेज दिया है। छापेमारी में पांकी थाना पुलिस थी।

### राष्ट्रवादी सरकार देशहित में जरूरी है



**मेदिनीनगर।** प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र और प्रांत संगठन मंत्री माननीय देवी सिंह की उपस्थिति में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला कार्यालय में बैठक की गई। बैठक में मतदान शत प्रतिशत कराने की योजना पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल और संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि खंड और उपखंड स्तर पर जिस तरह छोटी छोटी टोली संपर्क कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं, उस अभियान को और सघन किया जायेगा। प्रत्येक मतदाता तक विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की टोली संपर्क अभियान और तेज करेगा। प्रांत मंत्री ने बताया कि विपक्ष के लोग एकजुट हो रहे हैं। उसी तरह हमें भी सक्रिय रहना होगा। राष्ट्र वादी सरकार देश हित में जरूरी है। बैठक में प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप गुप्ता, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, जिला संपर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, दिवाकर मिश्र, जिला सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, नगर बजरंग दल संयोजक दिलीप गिरी शामिल थे।

### छतरपुर : आपराधिक घटनाओं में हुई बेतहाशा वृद्धि से दहशत में हैं लोग

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर में आपराधिक घटनाएं बढ़ी है, आये दिन होनेवाली हत्या, लूट, चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का आलम है। हत्यारों बीते दिन संतोष साहू को भी थाने के पीछे दु:साहसी अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था हालांकि अपराधी पकड़े गए लेकिन संतोष अब भी रांची के मेडिका अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं।

# मतदान के दिन 13 को रहेगा सार्वजनिक अवकाश : डीसी

- गैर-सरकारी /निजी व्यावसायिक संस्थाओं के कर्मियों हेतु मतदान के लिए मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश का प्रावधान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान के दिन 13 मई को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (बी) के प्रावधानों के अंतर्गत गैर-सरकारी/ निजी/ व्यावसायिक संस्थाओं के कार्मिकों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान दिवस के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रवधान है।

उक्त अधिनियम अनुसार मतदान के दिन अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कमी नहीं की जायेगी। यदि कोई नियोजक उक्त धाराओं के उल्लंघन करेगा तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।



शशि रंजन, पलामू उपायुक्त।

### पांकी विधायक ने तरहसी में किया भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

# चतरा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह की जीत सुनिश्चित : डॉ शशिभूषण मेहता

**कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को शति-प्रतिशत मतदान के लिए करें प्रेरित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** चतरा लोकसभा चुनाव को लेकर पांकी विस क्षेत्र के तरहसी मंडल में भाजपा का चुनाव कार्यालय खोला गया। उद्घाटन पांकी विस क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने फीता काटकर किया। उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष बैठक भी की। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने गांव मोहल्ले में हर घर जाकर मोदी सरकार भाजपा की उपलब्धियों को बताते हुए मतदान की अपील करें। पांकी विधायक ने कहा कि तरहसी मंडल में भाजपा का चुनाव कार्यालय खोला गया है। चुनाव कार्यालय से कार्यकर्ता चुनाव संबंधी हर कार्य कर सकते हैं। अभियान में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में लोगों का समर्थन मिल रहा है। श्री सिंह प्रचंड मतों से चुनाव जीतेंगे। चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। भाजपा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के घर-घर में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें।



**ये रहे उपस्थित :** मौके पर प्रेम सिंह, प्रो बच्चन ठाकुर, तरहसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि गोपाल साव, अनिल सिंह, शंकर शुक्ला, सुरेश राम चंद्रवंशी, शंभू गुप्ता, बजरंगी मेहता, मंटू यादव, शिवपाल राम जवाहर प्रसाद, अमित शर्मा, रघुनंदन साव, दिलीप पांडे, लाला प्रसाद, अशोक यादव, अमरेश यादव, मनीष पाठक, अमन भारती समेत सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उंटारी रोड प्रखंड के गांधी उवि मैदान में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता के पक्ष में की जनसभा

# भाजपा हिंदू-मुस्लिम के नाम पर देश में नफरत फैला रही : तेजस्वी

- भाजपा देश के संविधान व लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है : मुकेश साहनी
- संविधान की रक्षा व आने वाले पीढ़ी को बेहतर सुविधा के लिए करें वोट : ममता भुइयां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के गांधी उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव व वीआइपी सुप्रीमो मुकेश साहनी ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। तेजस्वी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार में जनता मंहगाई, बेरोजगारी व पलायन का दंश झेल रही है। 2014 से अभी तक भाजपा 10 वर्षों तक केंद्र में सत्ता पर काबिज रही, लेकिन न तो विदेश के काला धन वापस आया, न तो युवाओं को नौकरी मिली और न ही देश में महंगाई कम हुई। भाजपा मुद्दे की बात नहीं हिंदू-मुस्लिम कर समाज में नफरत फैला रही है। देश के संविधान को तोड़ना व आरक्षण खत्म करना चाहती है। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो प्रतिवर्ष 1 करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी, गैस सिलेंडर 500 रुपये, गरीब बहनों को साल में 1 लाख, झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा, अग्निवीर योजना खत्म करने की बात कही।



जनसभा के दौरान मंचासीन तेजस्वी यादव, मुकेश साहनी, ममता भुइयां और सभा में उमड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़।

**खास बातें :** 13 मई को इंडिया गठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार ममता भुइयां के चुनाव चिह्न लालटेन छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताने की अपील की। वीआइपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए यह चुनाव देश के संविधान को बचाने व लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए है। हमारे देश को आजादी दिलाने के लिए पूर्वजों ने अंग्रेजों से पौने दो सौ साल लड़ाई लड़ी तब जाकर देश आजाद हुआ। फिर बाबा अंबेडकर ने हमें एक संविधान बनाकर दिये।

# धार्मिक कार्यों से लोगों में बढ़ती है भक्ति की भावना : डॉ शशिभूषण

- श्री हनुमत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सह श्री मारुति नन्दन महायज्ञ कलश यात्रा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड पांकी के माड़न पंचायत के हरिजन टोला नावागढ़ में शुक्रवार को श्री हनुमत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सह छह दिवसीय श्री मारुति नन्दन महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने फीता काटकर की कलश यात्रा की शुरुआत की। कलश यात्रा में विधायक शामिल होकर श्रद्धालुओं व महायज्ञ समिति का हौसला बढ़ाया।



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते पांकी विधायक।

**खास बातें :** कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से निकलकर विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। जहां जलस्रोत से श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर पुनः महायज्ञ स्थल आकर कलश स्थापित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि श्री हनुमत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व श्री मारुति नंदन महायज्ञ कराना क्षेत्रवासियों के लिए सुखद संकेत है। उन्होंने महायज्ञ समिति को ऐसे आयोजन के लिए बधाई दी। मौके पर महायज्ञ समिति ने विधायक का स्वागत भी किया। मौके पर विधायक ने कहा कि महायज्ञ से क्षेत्र में सुख, शांति व समृद्धि आती है। साथ ही धार्मिक कार्यो से लोगों में भक्ति भावना जागृत होती है। कहा कि महायज्ञ से मिली शक्ति को लोक सामाजिक कार्यो में लगायें। कहा कि महायज्ञ स्थल पर हवन कुंड से निकली धुआं से संपूर्ण क्षेत्र शुद्ध हो जाता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को महायज्ञ में आकर सफल बनाने की अपील की। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, समाजसेवी कमेश यादव, मंटू शर्मा, समाजसेवी अजय पासवान, रौशन सिंह, बहादुर राम, बाबूलाल, संजय कुमार, अजय कुमार, सुनील कुमार, एवं सभी यज्ञ कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण मतदान को लेकर एसपी ने की महत्वपूर्ण बैठक

- मतदान शांतिपूर्ण कराया जायेगा, सभी करें सहयोग : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पलामू संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा बूथ स्तर पर सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गयी है। मतदान के दिन पलामू जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में स्वतंत्र व निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस विभाग कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। इसे लेकर एसपी रीष्मा रमेसन ने पूर्व से ही जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दे रखी हैं। जिस पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में शांतिपूर्ण मतदान कराने, मतदाताओं व मतदानकर्मियों को पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने के साथ सभी



# भाजपा ने भंडार पंचायत में की पथ सभा गिनायी गयी मोदी सरकार की उपलब्धियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम पंचायत में भाजपा द्वारा पथ सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी और संचालन मुखिया राधा कृष्ण साव ने किया। सभा में बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी और विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेत्री संध्या सिंह शामिल हुई। मौके पर किसलय तिवारी ने कहा कि यह चुनाव देश के विकास को और तेज करने का है। भारत को विश्व गुरु बनाने का है.इसलिए आपसी भेदभाव भूलकर पार्टी प्रत्यासी को जिताने में पूरी ताकत झोंक दें। भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनायी। कहा कि उनका दस वर्षों का कार्यकाल गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विजय सोनी, दिलीप पासवान, छोटन सिंह, रवींद्र पांडेय, सुधीर दुबे, उपेन्द्र तिवारी, शंभू शरण सिंह, शिवबंश मिश्रा सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।



### दलित कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने किया गांवों का दौरा



**पाटन पलामू।** दलित कांग्रेस पलामू जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ने छतरपुर विधानसभा के बुद्धि, बुक, चैतमा, तिलैया रोल लाल बनवा आदि ग्राम का दौरा किया। श्री पासवान ने हर गांव के हर घर में जाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में लोगों से वोट देने का आग्रह किया और राहुल गांधी को हाथों को मजबूत करने की अपील की। मौके पर मजदूर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, पाटन पाटन दलित प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, मंडल अध्यक्ष लव सिंह, सुग्रीव सिंह, रविंद्र सिंह, राकेश दुबे, पंकज सिंह, संतोष सिंह, नरदेव सिंह, मुखदेव सिंह, कमलेश दुबे, राकेश दुबे आदि शामिल थे।

### शहरी क्षेत्र के बूथों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान 13 मई को होना है। इसमें शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन विशेष रूप से चौकस है। ताकि कहीं उपद्रव न हो। शांतिपूर्ण मतदान के लिए शहर थाना की पुलिस एवं महिला आरबीआई बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में शहरी क्षेत्र के सभी बूथों पर फ्लैग मार्च कर बूथ का निरीक्षण किया गया। टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान ने बताया कि मतदाताओं को शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए यह फ्लैग मार्च निकाली गयी है। मतदान में व्यवधान उत्पन्न करनेवाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करनेवाले लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

### सर्वोच्च न्यायालय पर ही भरोसा : ओंमकारनाथ



**मेदिनीनगर।** न्यायालय पर हम सबको भरोसा है और जिस प्रकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत प्रदान की है इसके लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और देश की जनता की ओर से न्यायालय के प्रति आभार प्रकट करते हैं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। श्री जायसवाल ने अरविंद केजरीवाल के सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत प्रदान करने के आलोक में प्रेस व्यक्ति जारी कर कहा कि केजरीवाल को मोदी सरकार जिस प्रकार गलत तरीकों से गिरफ्तार कर जेल भेजा था और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया था।

### प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

- सभी लोग सपरिवार मतदान कर, उत्सवी माहौल में लोकतंत्र के इस महान पर्व को सफल बनायें : आयुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने शुक्रवार को पलामू जिला के समाहरणालय के दूसरे तल्ले में बनाये गए सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से मतदान किया। उन्होंने कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग करना, लोकतंत्र में अपनी सीधी भागीदारी का प्रमाण है। मैंने मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दिया अब आम जनमानस भी लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथ में देश के भविष्य की जिम्मेवारी है। उनकी भागीदारी से लोकतंत्र को और भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने समस्त प्रमंडलवासियों से वोटिंग का आह्वान किया।



### कोयल पुल पर सड़क हादसे में एक की मौत

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला कोयल पुल पर शुक्रवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान गढ़वा जिले के मसूरिया गांव निवासी भोला राम के पुत्र पंकज कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पंकज कुमार मोटरसाइकल से जा रहा था। इसी दौरान कोयल पुल पर किसी बड़े अज्ञात वाहन उसे रौंदते हुए फरार हो गयी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेहला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

### ब्राह्मण महासभा ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने शुक्रवार को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर लेसलीगंज के कोट खास स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम जी की विधिवत पूजा अर्चना किया। मुख्य अतिथि महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने भगवान परशुराम जी के तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

### 10 वर्षों से चल रही झूठ-जुमलेबाजी की दुकान, आवाज उठाने वाले भेजे जा रहे जेल

# लालू का लाल हूं, झुकूंगा नहीं : तेजस्वी

- वीआइपी नेता मुकेश साहनी ने भाजपा पर लगाया चुने हुए जनप्रतिनिधियों को खरीद-फरोख्त कर दल तोड़ने का आरोप
- अपने हक और अधिकार के लिए महागठबंधन के साथ और लड़कर संविधान बचायेंगे : साहनी
- महागठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में लोगों से की गयी अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं वीआईपी नेता मुकेश साहनी अपने पूर्व निर्धारित समय से 30 मिनट लेट अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में चुनावी जन सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने दल के संयुक्त महागठबंधन के उमीदवार ममता भुइयां के पक्ष में जनता से मतदान की अपील की। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि दस वर्षों से झूठ और जुमलेबाजी की सरकार से जनता त्रस्त है। 2014 में झूठ बोल कर सत्ता में आयी भाजपा सरकार अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर पायी है। न ही युवाओं को रोजगार दिया, उल्टा अग्निवीर जैसी योजना बना कर देश को महंगाई और बेरोजगारी की आग झोंक दिया। अब जनता सब कुछ समझ चुकी तो हिंदू मुसलमान की अलाप जाप कर देश में नफरत की खेती करने पर तुले हुए हैं। प्रभु श्री राम के नाम पर राजनीतिक दुकान चलायी जी रही है।



हुसैनाबाद में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते तेजस्वी यादव।

**...और क्या बोले तेजस्वी**

उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन, दिल्ली में केजरीवाल व बिहार में हमारे पिता लालू प्रसाद यादव समेत दर्जनों नेताओं को भाजपा डरा रही हैं। मैं लालू के लाल हूं झुकूंगा नहीं। वही बिहार के पूर्व मंत्री व वीआइपी के मुकेश साहनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ खरीद फरोख्त में विश्वास रखते हैं। उनके पास अडानी और अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि बिहार में उनके चार विधायकों को वह खरीद कर सरकार में शामिल कर लिये। इस बार लोगों ने मन बना लिया है कि वे नरेंद्र मोदी की सरकार को सता से हटा देंगे।

# राम-जानकी मंदिर बारालोटा में 35 वर्षों के बाद शुरू हुआ भगवान का छप्पन भोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के पांकी रोड़ बारालोटा में स्थित राम-जानकी मंदिर में शुक्रवार से छप्पन भोग के साथ भगवान का भोग लगना शुरू हुआ। इसे लेकर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। पुजारी सुशील वैद्य के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया उसके बाद भगवान का छप्पन भोग के साथ रागभोग लगाया गया। भगवान के भोग लगने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। राम-जानकी मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष लव तिवारी ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना 35 वर्ष पहले किया गया था। लेकिन अभी तक भगवान का भोग नहीं लगता था। समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर निर्णय लिया गया कि भगवान का भोग लगाने की परंपरा की शुरूआत की जाएं। इसके बाद आज अक्षय तृतीया को भगवान का रागभोग छप्पन भोग के साथ शुरू किया गया जो निरंतर चलेगा। इस मौके पर बलराम तिवारी, बुधनाथ तिवारी, श्याम लाल तिवारी, विजय सिंह, श्याम बिहारी तिवारी, पूर्व मुखिया विनय त्रिपाठी, ब्रजेश तिवारी, गोल्डी शुक्ला, विद्या तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, शैलेश तिवारी, अजीत तिवारी, मीना देवी ,ललन तिवारी, सुनीता देवी, रीता देवी, वशिष्ठ शुक्ला सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।



भोग लगाते व गीत गाते श्रद्धालु।



### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड की जनता के स्वाभिमान को चोट पहुंचाया है

# सीता सोरेन को वोट कर सबक सिखायें : राजनाथ

### जनता पानी की किल्लत से त्राहिमाम, और राज्य में बह रही भ्रष्टाचार की गंगोत्री: सीता सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड की जनता गरीब जरूर हो सकती है, लेकिन उसके साथ स्वाभिमानी भी है। उक्त बातें भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यज्ञ मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर कहा। उन्होंने कहा कि किसी राज्य के मुखिया(सीएम) 24 घंटे तक गायब हो गए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं भी मुख्यमंत्री यूपी का रहा, लेकिन ऐसा कभी नहीं किया। हेमंत सोरेन सीएम रहते राज्य की जनता के स्वाभिमान से खेलने का काम किया है। इसका सबक सिखाना है। स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने का बदला सीता सोरेन के पक्ष में वोट कर जीताना है। वोट की चोट से झामुमो सरकार को सबक सिखाना है। इसके बाद गोड्डा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोड्डा के लिए रक्षा मंत्री रवाना हो गए। इससे पहले समाहरणालय परिसर कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने जिला निवार्ची पदाधिकारी ए दोड्डे के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिला करने के बाद सीता सोरेन ने झामुमो सरकार को पूरी तरह विफल बताया। उन्होंने कहा की भीषण गर्मी में लोग पानी की किल्लत से त्राहिमाम कर रहे है। राज्य में नल-जल योजना पूरी तरह ठप पड़ा है, टंकी है, नल लगा है लेकिन पानी नहीं है। इस ओर सरकार का ध्यान नहीं है। राज्य में केवल भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है। राज्य के मंत्री एवं सांसद के घरों से छापेमारी के दौरान करोड़ों नगदी मिलना इसका प्रमाण है। राज्य को वतर्मान सरकार के मंत्री और अफसरों ने केवल लूटने का काम किया है। राज्य और देश का विकास केवल पीएम मोदी जी के नेतृत्व में हो सकता है। नामांकन से पूर्व लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन अपने दोनों बेटियां जयश्री एवं भाग्यश्री संग की बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा-अर्चना एवं आरती की। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लुईस मरांडी, सारठ विधायक रणधीर सिंह एवं राकेश चौधरी उपस्थित थे।



नामांकन करती भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन, चुनावी मंच पर उपस्थित केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व उपस्थित कार्यकर्त्ता

## सीता ने बसंत के बयान पर किया पलटवार, कहा, भ्रम न फैलायें



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** भीषण गर्मी में झारखंड में चुनावी तपिश के बीच राजनीतिक पारा काफी हाई हो गया है। चुनावी पारा पथ निर्माण विभाग मंत्री बसंत सोरेन के उस बयान के बाद और बढ़ गया है। जिसमे पत्रकारों से बात करते कहा कि मोदी परिवार में सीता सोरेन का मन भर गया है। अब वापस परिवार में लौटना चाहती है। लेकिन नामांकन कर देने के बात पर बसंत सोरेन ने कहा कि 17 मई तक धैर्य रखिए। सब स्पष्ट हो जाएगा। बंसत सोरेन के यह बयान के बाद जब सीता सोरेन से इस बात पर सवाल किया गया तो उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि वह हाल ही में झामुमो छोड़ कर भाजपा में शामिल हुई है। उनकी मुलाकात अपने परिवार के लोगों के साथ हुई है। इस मुलाकात में पार्टी और राजनीति से संबंधित कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने फिर दोहराया की परिवार के साथ है। लेकिन राजनीतिक पिच पर अलग जरूर है। जहां तक परिवार की बात है तो परिवार को कोई भी छोड़ नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि झामुमो पार्टी के लोग इस तरह का भ्रम क्यों रख रहे हैं। वहीं जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल से इस मामले पर पूछा गया तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि सीता ने सब कुछ बोल ही दिया तो अब वे क्या बोलें।बता दे कि सीता सोरेन की मुलाकात गुरुवार देर शाम गुरूजी और बंसत सोरेन से हुई थी।

घण्टों दोनों की मुलाकात के बाद जब सीता वापस निकली तो उन्होंने यह मुलाकात को परिवार के बीच की मुलाकात बताया है। लेकिन अब बंसत ने जो बयान दिया है इससे साफ है कि राजनीति में कुछ भी संभव है। बसंत सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सीता सोरेन की मुलाकात के दौरान कई बातें हुई है। लोगो का भ्रम जल्द दूर होगा। अब मोदी के परिवार से सीता सोरेन का मन भर गया है। वापस सोरेन परिवार में आना चाह रही है। साथ ही बंसत ने कहा कि अभी नामांकन पर्चा दाखिल किया गया है। अभी वापसी को तिथि बची हुई है।

## इंडी गठबंधन प्रत्याशी को जिताने को लेकर शोमुवा कार्यालय में बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /जारंगडीह।** शुक्रवार को संडेबाजार स्थित शोमुवा प्रधान कार्यालय में इंडिया गठबंधन के लोक सभा प्रत्याशी मथुरा महतो को भारी मतों से विजय बनाने के लिए शोमुवा संगठन के सलाह सुबोध सिंह पवार के नेतृत्व में एक अहम बैठक आयोजित की गई। घंटो चली इस बैठक में निर्णय लिया गया की इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जितने के लिए वे सभी लोग घर घर जा कर वोट मांगेंगे और जीत सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में श्री पवार के अलावे इंटक के विरेंद्र कुमार सिंह, जयनाथ तांती, राकेश नायक, राजेश पासवान, सरोज कुमार, सुरेश त्रिपाठी, प्रकाश महतो, लालचंद महतो, संतोष दिगार, शेर मोहम्मद, गणपत रविदास, रत्न निषाद, मुन्ना सिंह, राजू मिश्रा, राजा राम कुमार, छोटू छत्री, पिंटू तिवारी, बाबुचन्द किस्कू, शिवनंदन, विचित्रा सोनार, मिन्हाज मंजर, शंकर बेसरा, प्रदीप कुमार, गोपाल रविदास, शफीक अंसारी, प्रमोद रवानी, दीपक सिन्हा, निशांत सिंह, लखन तुरी, सरफराज अहमद, हलीम आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### विजय हांसदा और ताला मरांडी ने किया नामांकन, भारी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरहेट।** शुक्रवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के दो दिग्गज प्रत्याशियों का नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इनमें झामुमो के प्रत्याशी विजय हांसदा और भाजपा के प्रत्याशी ताला मरांडी का एक बड़ी काफिला बरहेट से मोटर साइकिल, चार चक्का वाहन, बसें आदि से हजारों हजार की तादाद में साहेबगंज पहुंचे। जिससे बरहेट की राजनीतिक झलकियां देखने को मिला। झामुमो के प्रत्याशी विजय हांसदा के रैली में बरहेट झामुमो कार्यालय से निकाला गया तथा सभी गांव तथा पंचायत से लोग गाड़ी में निकले । इस संबंध में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राजा राम मरांडी ने बताया कि ये झामुमो के समर्थक हैं, जो अपने विधि व्यवस्था से जा रहे हैं। वहीं इस भीड़ को एक झांकी बताया और जनता को संदेश देते हुए बताया कि इस राजमहल लोकसभा सीट की लड़ाई नही है ये इंडिया गठबंधन को जिताने की लड़ाई है, लोकतंत्र तथा संविधान बचाने की लड़ाई है।

## उपायुक्त ने विभिन्न मतदान केन्द्रो का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त हेमंत सती ने चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक मे लोकसभा चुनाव- 2024 को लेकर मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। मतदान स्थलों का निरीक्षण कर मतदान केन्द्र में उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली साथ ही एएसडी सूची मतदाता वोटर सूची प्रपत्रों की जांच किया गया अधिनस्थ बीएलओ को व्यवस्थाओं में सुधार करने का निर्देश दिए।



उपायुक्त ने बूथ नंबर 89 मध्य विद्यालय पुलिस लाईन साहेबगंज, बूथ नंबर 88 मध्य विद्यालय पुलिस लाईन दक्षिणी भाग, बूथ नंबर 86 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ साहेबगंज का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बताया कि इन बूथो पर पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत तक मतदान हुई इस बार हमें नियंतर प्रयास कर 80 प्रतिशत तक मतदान सुनिश्चित करना है।

मतदान बूथ पर मूलभूत सुविधाएं ,शौचालय, पानी ,बिजली, चार्जिंग पॉइंट, पंखा, शौचालय में नल की व्यवस्था एवं अन्य का जायजा लिया गया । वहीं मतदाता बूथ के क्षेत्र के मतदाताओं से बात कर उनके वोटर कार्ड की जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा उपस्थित मतदाताओं अपील की किसी भी प्रलोभन मैं आकर अपने मताधिकार का प्रयोग गलत ना करें एवं इस बार अपने मतदान बूथ पर मतदान कर चुनावी प्रक्रिया को समावेशी, स्वच्छ, चुनाव में भागीदार बने। इसी क्रम में उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, संबंधित मतदान बूथ के सुपरवाइजर, बीएलओ एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## भाजपा के पास अपना प्रत्याशी नहीं, झामुमो का मुकाबला नहीं कर सकती : सीएम

### लोकसभा सीट पर जीतकर दुमका नहीं बचाना है, संथाल परगना व दिसोम गुरू एवं हेमंत सोरेन का मान बचाना है: कल्पना सोरेन









नामांकन करते झामुमो उम्मीदवार नलीन सोरेन, चुनावी सभा में मंच पर उपस्थित सीएम समेत इंडी गठबंधन नेता एवं उपस्थित कार्यकर्त्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** झामुमो लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी नलीन सोरेन ने शुक्रवार को नामांकन पर्चा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ए दोड्डे के समक्ष दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद आउटडोर स्टेडिय में चुनावी सभा को इंडी गठबंधन के नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर सीएम चंपई सोरेन ने नलिन सोरेन के पक्ष में लोगों से वोट की अपील करते हुए जीत सुनिश्चित बताया। उन्होंने संगठन को मजबूत बताते हुए कहा कि भाजपा के पास प्रत्याशी नहीं है, वह बाहर से प्रत्याशी खोज रही है। इस प्रकार से उम्मीदवार खोजकर लाना, मै नहीं समझता हूं कि मेरा मुकाबला भाजपा कर सकेगी। इस अवसर पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने चुनावी सभा में हुंकार बढ़ते हुए कहा कि जो लड़ाई दिसोम गुरू शिबू सोरेन ने झारखंड बनाने के लिए लड़ी थी। दुमका एक वैसी राजनीति क्षेत्र है। जो दिसोम गुरू को बड़ी पहचान दिलायी।

ये दुमका है जो आपके अपने बेटे हेमंत सोरेन को पहली बार विधानसभा भेजने का काम किया था। ये दुमका है, तो बसंत सोरेन को विधानसभा भेजने का काम किया।

उन्होंने लोगों से सवाल करते हुए कहा कि दुमका तैयार है। उन्होंने कहा कि कमर कस लिजिये दुमका नहीं बचाना है, संथाल परगना बचाना है। दिशोम गुरू शिबू सोरेन का मान बचाना है। हेमंत सोरेन सम्मान बचाना है। आपके नलीन चाचा का मान और खुद का स्वाभिमान बचाना है। उन्होंने लोगों से सम्मान बचाने का अपील करते हुए कहा कि मै आपकी भाभी नहीं बोल रही हूं। मै आपकी बेटी नहीं, आपकी भाभी नहीं कर रही हूं।

यह सवाल उस लोगों से पूछ रही हूं, उस लोगों से बोल रही हूं। जिस दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने अपने बच्चों को छोड़कर, अपने घर परिवार को छोड़कर, अपने दलित आदिवासी समाज को जोड़कर झारखंड बनाया है, आज उसका सम्मान वापस देना होगा और दुमका वापस लेना है। लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुमका लेना है कि नहीं लेना है। यदि दुमका लेना है, तो अपनी ताकत एक जून को दिखाना होगा और जिसका जबाब 4 जून को मिलेगा। जबाब दुमका लोकसभा सीट से जीत कर लेना होगा। नामांकन से पूर्व झामुमों प्रत्याशी स्वतंत्रता सेनानी सिदो कान्हू के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इसके बाद आदिवासी समाज के पूज्य स्थल दिसोम मांझी थान जाकर परांपरिक रूप से पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत अन्य नेता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### जयंती समारोह का आयोजन

**बोकारो।** महाराणा प्रताप विचार मंच द्वारा स्थानीय सेक्टर 4 स्थित वीर कुंवर सिंह प्रतिमा स्थल प्रांगण में महाराणा प्रताप का जयंती समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह एवं संचालन अतुल सिंह व तरुण सिंह ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह सहित बेरमो विधायक जय मंगल सिंह राजद के जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव राजद के वरीय नेता घनश्याम सिंह चौधरी कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह एवं अन्य उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत 21 विद्वान ब्राह्मण द्वारा श्री गणेश वंदना से हुई। तत्पश्चात डीप प्रज्वलन के बाद वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उस समय राजा रजवाड़े तो बहुत हुए परंतु महाराणा प्रताप सरीखा ना कोई स्वतंत्रता प्रेमी हुआ और न होने की संभावना है। कुमार जय मंगल सिंह ने कहा कि आज हमें जरूरत है महाराणा प्रताप के आत्मोसर्ग बलिदान एवं स्वतंत्रता प्रेम सहित उनके आदर्शों को व्यावहारिक रूप में अमल करने की। मुख्य अतिथि सांसद पीएन सिंह ने इतिहास के विभिन्न तथ्यों का उल्लेख करते हुए महाराणा प्रताप के मातृभूमि प्रेम एवं स्वाधीनता हेतु किए गए त्याग की विस्तृत चर्चा की। मंच के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने मंच के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महाराणा प्रताप के आदर्शों को आत्मसात करने एवं आने वाले समय में भावी पीढ़ियों को उसका अनुसरण करने पर जोर दिया। कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह ने महाराणा प्रताप की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आयोजक महाराणा प्रताप विचार मंच के प्रयास की सराहना की। समारोह को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह उपाध्यक्ष रंजेश सिंह व शत्रुंजय सिंह महामंत्री नागेंद्र कुमार सिंह मृगेंद्र प्रताप सिंह शशि सिंह राजा जनक मुकेश सिंह विद्या सागर सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने जदयू नेता अशोक चौधरी से मांगा समर्थन

**बोकारो।** धनबाद संसदीय क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो लोहांचल स्थित वरिष्ठ जदयू नेता अशोक चौधरी के आवास पर आए और श्री चौधरी से चुनाव में बोकारो विधानसभा क्षेत्र में पूर्ण रूपेण समर्थन देने हेतु वार्ता किया। जदयू कार्यकताओं के साथ श्री महतो ने विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने अशोक चौधरी के साथ विस्तृत मंत्रणा की और चुनाव में अधिक मत के लिए समर्थन मांगा। जदयू नेता अशोक चौधरी ने एनडीए प्रत्याशी को बोकारो विधानसभा क्षेत्र से पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। जदयू की पूर्व निर्धारित 19 मई को होने वाली बूथ स्तरीय कार्यकताओं की बैठक के पूर्व जदयू ने 12 मई को पार्टी के वरिष्ठ साथियों की एक आवश्यक बैठक आहूत की है। उक्त बैठक में केंद्र सरकार तथा नीतीश कुमार के उपलब्धियां को लेकर जनता के बीच जाने की रणनीति बनाई जाएगी। जदयू नेता अशोक चौधरी ने कहा कि ढुल्लू महतो की जीत से दबे कुचले गरीबों के लिए आवाज उठाने वाला एक मजबूत सांसद इस क्षेत्र को मिलेगा। उक्त अवसर पर पूर्व जनता दल जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार डॉ के कुमार वाल्मीकि सिंह अशोक राय राज किशोर शंकर स्नेही सिंह जितेंद्र राय अरुण कुमार श्रीवास्तव कन्हैया कुमार राजू कुमार अवधेश कुमार राजकुमार राजेश कुमार श्याम नंदन सिंह दिवाकर महतो रतन सिंह महेंद्र सिंह विनोद कुमार महतो सुभाष महतो पानू महतो आदि उपस्थित थे।

### निर्वाचन कार्यों की प्रगति की हुई समीक्षा, दिया गया जरूरी दिशा-निर्देश

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबु की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर पुलिस प्रेक्षक मोहित चावला एवं व्यय प्रेक्षक अर्जुन लाल जाट उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक ने क्रमवार*सभी कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त की। इससे पूर्व निवार्ची पदाधिकारी सह डीईओ विजया जाधव ने 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की तैयारियों से संबंधित विस्तार से जानकारी प्रेक्षकों को दी। प्रेक्षकों ने जिले की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। समीक्षा क्रम में श्रीमती जाधव ने सामान्य प्रेक्षक पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक को संसदीय क्षेत्र की सीमा/जिला की सीमा सीमावर्ती राज्य एवं उनके जिले अंतरराज्यीय सीमा विधानसभा क्षेत्र आदि के संबंध में बताया। मतदान के सफल संचालन को लेकर बनाए गए 136 इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम मतदान केंद्रों की संख्या महिला मतदान केंद्र पर्दानशी मतदान केंद्र वल्नरेबल मतदान केंद्र क्रिटिकल मतदान केंद्र आदि के संबंध में बताया। कुल 159 शस्त्रों का लाइसेंस रद्द किया गया है। 901 शस्त्रों का सत्यापन कर जमा कराया गया है वारंटियों पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान कुल 41 लाख 16 हजार, 070 रकम की जब्ती एसएसटी द्वारा की गई है। वहीं उत्पाद विभाग द्वारा अब तक 3105 लीटर विदेशी शराब एवं 49705 देशी शराब को जब्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबु ने कहा कि स्थानीय स्तर पर मतदाताओं को जागरूक कर मतदान के महत्व एवं मतदान तिथि को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### गिरिडीह से मात्र 16 प्रत्याशी हैं चुनावी अखाड़े में

**बोकारो।** 06 गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों के नामांकन की संवीक्षा हुई। गिरिडीह से कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था। इनमें 07 उम्मीदवारों धीरन मोदक निर्दलीय नारायण गिरी राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी ईमाम सफी निर्दलीय राकेश रोशन घोष निर्दलीय राजा हक निर्दलीय जयराम महतो ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक तुलसी महतो निर्दलीय के नामांकन को अयोग्य पाया गया।


**FormatC-7**

*(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)*

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates**

*(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'bleSupreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)*

Name of Political Party : INDIAN NATIONAL CONGRESS
Name of the Election : Lok Sabha Election-2024
Name of State/UT : Jharkhand
(1) Name of the Constituency : **04- Chatra Parliamentary Constituency**
Name of the candidate: **KRISHNA NAND TRIPATHI**

| Sl.No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC-342, 143, 188<br>2. IPC-188<br>3. IPC-188, 288<br>4. IPC-147, 148, 149, 323, 324, 427<br>5. IPC-188, 171H<br>6. IPC-420, 379<br>7. IPC-419, 420, 467, 468, 471, 34, 120B, 147, 504<br>8. IPC-147, 148, 323, 324 |
| | b. | Case no. | 1. GR-2659/21,FIR N.-94/2017, Dated-30-11-2019<br>2. GR-448/20, FIR N.-307/2019,Dated-30-11-2019<br>3. GR-2682/20, FIR N.-482/2009, Dated-07-12-2021<br>4. GR-645/20, FIR N.-306/2019,Dated-30-11-2019<br>5. GR-2675/21, FIR N.-494/2009,Dated-02-12-2009<br>6. GR-1984/18, FIR N.-346/2018,Dated-20-10-2018<br>7. GR-408/19, FIR N.-1970/2019,Dated-01-03-2019<br>8. FIR N.-209/23, Dated-24-06-2023 |
| | c. | Name of the Court | 1. JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu<br>2. Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu<br>3. JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu<br>4. Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu<br>5. JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu<br>6. Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu<br>7. Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu<br>8. Judicial Magistrate, Bokaro |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NO |
| | e. | Date of conviction, if any | NOT APPLICABLE |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NOT APPLICABLE |
| | g. | Any other information required to be given | NOT APPLICABLE |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Give some reasons, example : very sincere, widely respected, popular among masses, choice of party workers, contribution to the party, country affairs, any special books, recognitions etc. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | Give some reasons, example : Has edge over others, charges leveled are not backed are non substantive, case long pending, party believes that outcome will not be adverse etc. |

(Rajesh Thakur)
President
Jharkhand Pradesh Congress Committee

# स्कूलों में कड़ाई

राजस्थान के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा मंत्री की ओर से जारी दिशा-निदेशों के अनुसार स्कूल आवर के दौरान शिक्षक पूजा पाठ करने या फिर नमाज अदा करने के लिए स्कूल छोड़कर नहीं जा सकते। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि स्कूल के समय के दौरान पूजा करने या फिर नमाज पढ़ने के नाम पर कोई भी टीचर स्कूल न छोड़े। अगर किसी को जाना है तो वह छुट्टी लेकर जाए। छुट्टी लेकर जाने वाले शिक्षकों को रजिस्टर में दर्ज करना होगा कि उसने छुट्टी ली है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अगर कोई शिक्षक बिना सूचना दिए स्कूल छोड़ कर जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे शिक्षकों को निलंबित या फिर बर्खास्त किया जा सकता है। स्कूल में ड्यूटी के दौरान शिक्षकों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल करने पर उन्होंने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षक दिन भर मोबाइल में शेयर मार्केट और न जाने क्या-क्या देखते रहते हैं। मोबाइल फोन में शिक्षकों के उलझे रहने से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान होता है। मोबाइल एक बीमारी जैसा हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने फैसला लिया है कि स्कूल में कोई भी शिक्षक मोबाइल लेकर नहीं जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अगर कोई शिक्षक गलती ले फोन लेकर चला जाता है तो वह उसे अपना मोबाइल प्रिंसिपल के पास जमा कराना होगा। स्कूल में केवल प्रिंसिपल को ही अपने साथ मोबाइल रखने की अनुमति होगी। इन नियमों का बड़ा व्यापक असर संभावित है। देश के दूसरे राज्यों के स्कूलों में भी इस प्रकार के अनुशासन से शैक्षणिक सुधार अवश्य होगा।

# 2030 की बात

राज्य का भविष्य कोयला सहित खनिज संपदा से ही प्रभावित है और भविष्य में इनके उपयोग और खनन पर जो पाबंदियां लगेगी उसको लेकर मंथन किया जाना एक सार्थक कदम है। वन विभाग झारखंड सरकार ने सीड के सहयोग से राज्य के शीर्ष संस्थाओं ने जो मंथन किया वह 2030 में कोयले के उत्पादन को कम करने से लेकर 2070 में कोयले की उत्पादन पूरी तरह से बंद करने तक थी। एक राज्य के लिये आज से ठीक आठ साल बाद आंरभ होने वाली पाबंदियों से लेकर 2070 तक कोयला उत्पादन पूरी तरह बंद कर दिये जाने के बाद उत्पन्न स्थिति को लेकर अभी से योजना बने और उस पर काम आंरभ हो। आज की स्थिति में राज्य की एक बड़ी आबादी कोयले के उत्पादन और खपत को लेकर अपना जीवन यापन करती है। राज्य में कोयला से होने वाली आय और कोयले के कारण लोगों को मिल रहे रोजगार को किसी भी हाल में समाप्त किया जाना एक बड़ी कठिनाई पैदा कर सकती है। इन कठिनाईयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार मंथन किये यह एक शुभ संकेत हैं। विगत वर्षो में राज्य में कोयला पर आधारित थर्मल पॉवर और अन्य उद्योग का तेजी से विस्तार हो रहा है। लेकिन अब राज्य के पास एक दशक से भी कम समय है। अगर राज्य की विधायिका, कार्यपालिका और विभिन्न संगठन इस मामले को गंभीरता से नहीं लेते हैं तो आने वाला समय राज्य के लिये चुनौती से भरा होगा। राज्य में सीसीएल और बीसीसीएल सहित कोल इंडिया की कई अनुषंगी कंपनियां है जिसमें हजारों लोग काम कर रहें हैं। इनके साथ सहयोगी कंपनियां और निजी कंपनियों का भी काम राज्य से संचालित होता है। देखना है आने वाले समय में राज्य का भविष्य पर इस पर्यावरण के नये घोषणाओं का असर कितना होता है?

# अहिंसा : जिओ और जीने दो

विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

अपरिग्रहः दूसरों की जरूरतों का सम्मान

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सुरक्षा को प्राथमिकता


**कोरोना** महामारी की चौथी लहर खतरनाक होती जा रही है। लोगों की लापरवाही खतरे की घंटी से कम नहीं है। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना, हाथों को साबुन से धोना, नियम पालना हेतु मीडिया का सहारा लेना पड़ेगा। लोगों को अविलंब वैक्सीन लगवानी होगी। अर्थव्यवस्था की चिंता छोड़ जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी नाजुक दौर का मुकाबला करने में सक्षम हो सकें। **-विजय, रांची**

### मजदूरों की बदहाली

**देश** के विकास व नवनिर्माण में मजदूरों की मेहनत ऊंची इमारतों, अट्टालिकाओं के माध्यम से झलकती है। आजीविका के लिए अपनों का बिछोह, घर से बेघर, मीलों दूर का सफर करती भूखी प्यासी जिंदगियों का दर-दर ठोकरें खाना बदहाली की तसवीर पेश करता है। आज भी बढ़ती महंगाई, रोटी की चिंता में खुले आकाश तले, सर्दी-गर्मी सहने को मजबूर है मजदूर। **-अनिल कौशिक, खूंटी**

# यूनिफॉर्म सिविल कोड समय की जरूरत





**- नीलम महाजन**

> हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संकेत दिया है कि राम मंदिर, सीएए, ट्रिपल तलाक और अनुच्छेद 370 तो हो गया, अब कॉमन सिविल कोड की बारी है। भारतीय जनता पार्टी के मूल उद्देश्यों में तीन मुद्दे प्रखर हैं। अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण, एक विधान एक संविधान के तहत कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35-ए के अधिकांश प्रावधानों को हटाना व यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करना।

**भारत** में फिलहाल संपत्ति, शादी, तलाक और उत्तराधिकार जैसे मामलों के लिए हिंदू, ईसाई, जोरेसटरीयन और मुसलमानों का अलग-अलग पर्सनल लॉ है। इस कारण एक जैसे मामले को निपटाने में पेचीदगियों का सामना करना पड़ता है। देश में लंबे अरसे से समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर बहस होती रही है। समान नागरिक संहिता का अर्थ है, देश के हर नागरिक पर एक समान कानून लागू होना, फिर चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का हो। भारत की नई पीढ़ी बदल चुकी है, उसे धर्म व जाति के बंधन से मुक्त कर समान कानून के दायरे में लाने की जरूरत है। समान नागरिक संहिता महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेगी। एक बार फिर से यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला तूल पकड़ रहा है। हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संकेत दिया है कि राम मंदिर, सीएए, ट्रिपल तलाक और अनुच्छेद 370 तो हो गया, अब कॉमन सिविल कोड की बारी है। भारतीय जनता पार्टी के मूल उद्देश्यों में तीन मुद्दे प्रखर हैं। अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण, एक विधान एक संविधान के तहत कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35-ए के अधिकांश प्रावधानों को हटाना व यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करना। दिल्ली उच्च न्यायालय की जज माननीय जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने यह महत्वपूर्ण आदेश दिया था, जिससे देश की राजनीति पुनः गरमा गई है। भारत में फिलहाल संपत्ति, शादी, तलाक और उत्तराधिकार जैसे मामलों के लिए हिंदू, ईसाई, जोरेसटरीयन और मुसलमानों का अलग-अलग पर्सनल लॉ है। इस कारण एक जैसे मामले को निपटाने में पेचीदगियों का सामना करना पड़ता है। देश में लंबे अरसे से समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर बहस होती रही है। इसका सामाजिक और धार्मिक असर तो पड़ता ही है। राजनैतिक दलों की भी अपनी-अपनी विभिन्न सोच है। दो मूल उद्धेश्य लागू कर दिये गये हैं। पहला राम मंदिर निर्माण और दूसरा कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर, वहां राष्ट्रपति शासन लगा। राम मंदिर भूमितल का सुप्रीम कोर्ट का 2:2 का फैसला था। मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई का वीटो निर्णय था। अब समान नागरिक संहिता लागू करने की बात है, जिसकी राह बननी जरूरी है। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने कहा कि, सामान नागरिक संहिता की जरूरत लागू करने का सही वक्त आ गया है। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि आर्टिकल 44 में जिस यूनिफार्म सिविल कोड की उम्मीद जताई गई है, अब उसे हकीकत में बदलना चाहिए। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने कहा, भारतीय समाज में धर्म, जाति, विवाह आदि की पारंपरिक बेड़ियां टूट रहीं हैं। युवाओं को अलग-अलग पर्सनल लॉ से उपजे विवादों के कारण शादी और तलाक के मामले में संघर्ष का सामना न करना पड़े। ऐसे में कानून लागू करने का यह सही समय है। हाईकोर्ट ने समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए केंद्र सरकार को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह की पीठ, पिछले दिनों राजस्थान की मीणा जनजाति की महिला और उसके हिंदू पति की तलाक की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मौजूदा मामले में भी अलग-अलग कानून का विरोधाभास सामने आने पर हाईकोर्ट ने यह आवश्यकता समान नागरिक संहिता को कार्यान्वित करने के आदेश दिए हैं। इस जोड़े की शादी 24 जून, 2012 को हुई थी। पति ने 2 दिसंबर, 2015 को परिवार अदालत में तलाक की याचिका दायर की। महिला का पति हिंदू विवाह कानून के मुताबिक तलाक चाहता था। लेकिन महिला का कहना है कि वह मीणा समुदाय से ताल्लुक रखती है, इसलिए उस पर हिंदू मैरिज एक्ट लागू नहीं होता। बाद में फैमिली कोर्ट ने हिंदू मैरिज एक्ट-1955 का हवाला देते हुए याचिका को खारिज कर दिया। फैसले में कहा गया कि महिला राजस्थान की अधिसूचित जनजाति से है, इसलिए उस पर हिंदू विवाह कानून लागू नहीं होता। महिला के पति ने फैमिली कोर्ट के फैसले को 28 नवंबर, 2020 को हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामलों के लिए ही ऐसे कानून की जरूरत है, जो सभी के लिए समान हो। अह्वरङ्ग फ्रीं - डॉ. जयंतीलाल भंडारी का लेख : मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की क्षमता समान नागरिक संहिता का अर्थ है, देश के हर नागरिक पर एक समान कानून लागू होना, फिर चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का हो। संविधान के अनुच्छेद 36 से 51 तक के द्वारा राज्यों को कई मुद्दों पर सुझाव दिए गए हैं। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह के मुताबिक, संविधान के अनुच्छेद 44 में उम्मीद जताई गई है कि राज्य अपने नागरिकों के समान नागरिक संहिता की सुरक्षा करेगा। अनुच्छेद की यह भावना महज उम्मीद बनकर ही नहीं रह जाए। अनुच्छेद 44 राज्य को सही समय पर सभी धर्मों के लिए समान नागरिक संहिता बनाने का निर्देश देता है। यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने के बाद विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेने और संपत्ति के बंटवारे जैसे विषयों में सभी नागरिकों के लिए नियम समान होंगे। दरअसल देश में समान नागरिक संहिता का मामला पहली बार 1985 में शाहबानो केस के बाद सुर्खियों में आया। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद शाहबानो के पूर्व पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। तब शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए। उस वक्त गुप्तचर विभाग ने यह सूचना दी थी कि सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से मुस्लिम समुदाय में रोष है। तब राजीव गांधी की सरकार ने संसद में विधेयक पास करा कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया था। हाईकोर्ट ने 1985 में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जारी एक निर्देश का हवाला देते हुए निराशा जताई कि तीन दशक बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। गोवा के पास पहले से ही ऐसा यूनिफॉर्म सिविल कोड है जिसकी कल्पना संविधान निमार्ताओं ने की थी। 'एक देश, एक कानून' के तहत समान नागरिक संहिता को किस प्रकार, विभिन्न जातियां, धर्म, समुदाय स्वीकार करेंगे, इस बारे में अभी कुछ कहना कठिन है, लेकिन देश को इस ओर जरूर बढ़ना चाहिए। भारतवर्ष में विभिन्नता में एकता तो है, परंतु समान नागरिक संहिता को राजनैतिक चश्मे से लागू करने का प्रयास करना सही तरीका नहीं होगा।

ईडी की टीम आखिरकार भ्रष्टाचार के उद्गम स्थल, भ्रष्ट मंत्रियों और अधिकारियों के 'सेफ हाऊस' झारखंड मंत्रालय तक पहुंच ही गई।कल की कारवाई भले ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े मामले में हुई है, लेकिन ईडी के दस्तक भर से मंत्रालयों में बैठकर पिछले 5 सालों से भ्रष्टाचार का सिंडिकेट चला रहेङ्ख

**– बाबूलाल मंराडी, भाजपा**

## आपके ट्वीट

**गुजरात** की हर ईंट को आदिवासियों ने अपने खून-पसीने से सींचा है।लेकिन उन्हे उनके हक और हिस्से की भागीदारी से वंचित रखा गया। आदिवासी सत्याग्रह जल, जंगल और जमीन का आंदोलन है।

**–राहुल गांधी सांसद**





झारखंड से लेकर ओडिशा तक, हर जगह लोगों में केंद्र की तानाशाही नीतियों के खिलाफ काफी नाराजगी है, जिसका परिणाम इन चुनावों में स्पष्ट दिखेगा।

जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया !

**– चंपई सोरेन, सीएम**

## खास बात

# मां की ममता, स्नेह व समर्पण अनमोल

**मनोज कुमार सिन्हा**

मदर्स डे पर विशेष

**हर साल** मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे माताओं के सम्मान में दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिन, बच्चे, साथी और परिवार के अन्य सदस्य अपनी मां को उपहार, कार्ड और अन्य अच्छी चीजें देकर उनके प्रति अपना प्यार और आभार व्यक्त करते हैं। यह हर दिन माताओं द्वारा किए जाने वाले प्रयास, बलिदान और प्यार की सराहना करने का अवसर है। मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे क्यों मनाया जाता है? मई के हर दूसरे रविवार को हम अपनी माताओं के सम्मान में मदर्स डे मनाते हैं। यह सभी माताओं के लिए एक खास दिन है, जिनके योगदान को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। यह अपने बच्चों की सफलता में हर मां के अतुल्य और निस्वार्थ योगदान को स्वीकार करने का दिन है। यह उसके लिए उसे धन्यवाद देने का भी दिन है।

उल्लेखनीय रूप से, पहला मदर्स डे 1908 में अमेरिका में मनाया गया था। 1905 में अपनी मां की मृत्यु के बाद, अन्ना जार्विस नामक एक अमेरिकी महिला ने माताओं द्वारा किए गए कार्यों और बलिदानों का सम्मान करने के लिए एक दिन अलग रखना चाहा। परिणामस्वरूप, उन्होंने मई 1908 में वेस्ट वर्जीनिया के ग्राफ्टन में पहला औपचारिक मदर्स डे समारोह आयोजित किया। अंत में, 1914 में, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में मनाने की घोषणा की। यह उत्सव जल्दी ही राष्ट्रीय सीमाओं से परे और अन्य देशों में फैल गया। आज, मदर्स डे दुनिया भर के 50 से अधिक देशों में मनाया जाता है। मां, जिन्हें हम प्यार से मम्मी, माँ, मां, अम्मी और अनेक नामों से बुलाते हैं, वे हमारे जीवन की निर्मित्री होती हैं। उनके बिना हमारा जीवन अधूरा है। मां की ममता, स्नेह और समर्पण का कोई सीमा नहीं होती। उनके प्यार में हम सुरक्षित महसूस करते हैं। उनके बिना हमारी प्रगति, शिक्षा और समृद्धि संभव नहीं होती। माँ का प्यार अनमोल है, और उनके साथ हर पल की यादें हमेशा दिल में बसी रहती हैं।

# देश में लोन के लिये तरसते लोग और बढ़ती अफसरशाही

**सतीस कुमार**

शोध

**भारत** में अभी भी जरूरतमंदों को बैंक से ऋण नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण देश का अपेक्षित विकास नहीं हो पा रहा है। आर्थिक गतिविधियों में तभी तेजी आएगी, जब समय पर व्यक्ति, कारोबारी या कंपनी को वित्तीय सहायता मिले। ट्रांसयूनियन सिबिल लिमिटेड (सिबिल) की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में पात्र उम्मीदवारों में से लगभग 48 करोड़ लोगों को औपचारिक वित्तीय संस्थानों से ऋण सुविधा नहीं मिल सकी है, जबकि 17.9 करोड़ लोग बैंकों या अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में सफल रहे हैं, अर्थात भारत में 63 प्रतिशत लोगों को औपचारिक वित्तीय संस्थानों से ऋण नहीं मिल सका है। इस आंकड़े से यह पता चलता है कि भारत में अभी भी सूदखोरों का जाल बहुत ही ज्यादा मजबूत है। हालांकि विकसित देशों में भारत जैसी स्थिति नहीं है। अमेरिका में केवल 3 प्रतिशत पात्र आवेदक ही ऋण सुविधा से वंचित हैं। कनाडा में यह अनुपात 7 प्रतिशत,कोलंबिया में 44 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका में 51 प्रतिशत है। भारत सरकार अधिकतम लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने की कोशिश कर रही है। इस क्रम में देश में 45 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले जा चुके हैं और उनमें से पात्र खातेदारों को ओवरड्राफ्ट ऋण की सुविधा दी जा रही है। वैकल्पिक चैनलों जैसे मिनी बैंक या बिजनेस कॉरस्पॉन्डेंट(बीसी), एटीएम, यूपीआई आदि के माध्यम से लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। बावजूद इसके, इस दिशा में अभी भी बहुत ज्यादा काम करने की जरूरत है। मौजूदा भौतिकवादी दुनिया में बहुत ही कम लोग, कारोबारी या कंपनी ऐसे हैं, जो अपनी वित्तीय जरूरतों को बिना ऋण लिए पूरा करते हैं। फिलवक्त कार, मकान, शिक्षा आदि ऋण लेना बहुत ही आम हो गया है, क्योंकि एक अच्छी जिंदगी जीने के लिए इनकी जरूरत सभी को है। कारोबार, कृषि, उद्योग आदि के लिए भी ऋण लेने की जरूरत होती है। आज की तारीख में बहुत कम ऐसे व्यक्ति, कारोबारी,कंपनी या कॉर्पोरेट्स हैं, जिन्हें ऋण लेने की जरूरत नहीं होती है। कारोबार चलाना हो या फिर उसका विस्तार करना हो, दैनिक जरूरतों को पूरा करना हो या फिर शादी-विवाह करना हो, हर मामले में ऋण लेने की जरूरत होती है और आमजन, कारोबारी, कंपनी या कॉर्पोरेट्स अमूमन ऋण औपचारिक माध्यम यानी बैंक या वित्तीय संस्थान से या फिर अनौपचारिक माध्यम यानी मित्र, रिश्तेदार या फिर महाजन या सूदखोर से लेते हैं। औपचारिक ऋण लेने के लिए आवेदकों को बैंकों या वित्तीय संस्थानों की कुछ शर्तें पूरी करनी होती हैं। वैयक्तिक ऋण लेने के लिए क्रेडिट या सिबिल स्कोर की जरूरत होती है, वहीं, कंपनी या कॉर्पोरेट्स को ऋण लेने के लिए रेटिंग की जरूरत होती है, जिसे देने का काम देसी व विदेशी रेटिंग एजेंसियां करती हैं। सिबिल और क्रेडिट स्कोर के बीच एकमात्र अंतर यह है कि कोई भी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रेडिट स्कोर प्रदान कर सकती है, लेकिन सिर्फ सिबिल ही सिबिल स्कोर देता है। सिबिल द्वारा गणना किए गए क्रेडिट स्कोर को सिबिल स्कोर के रूप में जाना जाता है। सिबिल द्वारा विभिन्न बैंकों और उधार देने वाली संस्थाओं से प्राप्त क्रेडिट डेटा की मदद से सिबिल रिपोर्ट तैयार की जाती है। सिबिल रिपोर्ट में गृह ऋण, ऑटो लोन, क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन, ओवरड्राफ्ट आदि के भुगतान का विश्लेषण होता है, क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से एक है। ट्रांसयूनियन सिबिल लिमिटेड को पहले क्रेडिट इनफॉर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, जिसका काम व्यक्तियों एवं कंपनियों की ऋण से जुड़ी गतिविधियों का लेखा-जोखा रखना है।

# अब देश में ई जनगणना लागू करने पर जोर हो

**अभिनय आकाश**


सामयिक

**जनगणना** हर 10 साल में की जाती है। हर दस साल पर देश में जनगणना होती है। आजादी के बाद पहली बार जनगणना 1951 में हुई थी। 2011 तक जनगणना करने वाले अधिकारी घर-घर जाकर फॉर्म के जरिये जानकारी एकट्ठा करते हैं। जिसके लिए हर घर से दो फॉर्म भरे जाते हैं। इसमें सबसे पहले हाउसिंग सेंसस होता है। इसमें घर, घर के उपयोग, पीने के पानी और शौचालय की उपलब्धता, बिजली आदि से संबंधित सवाल होते हैं। इसके बाद राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर से संबंधित सवाल होते हैं। इस सेक्शन में भी कई जानकारियां मांगी जाती है।

पिछले महीने सरकार ने अगली जनगणना और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) सूची में ऑनलाइन स्व-गणना की अनुमति देने के लिए जनगणना नियमों में कुछ संशोधनों को अधिसूचित किया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, सामान्य निवासी वे हैं जो कम से कम पिछले छह महीनों से स्थानीय क्षेत्र में रह रहे हैं, या अगले छह महीनों के लिए किसी विशेष स्थान पर रहने का इरादा रखते हैं। एक गजट अधिसूचना में, केंद्र ने जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों की अनुसूची में इलेक्ट्रानिक्स लेक्ट्रॉनिक रूप और स्व-गणना को शामिल करने के लिए जनगणना नियम, 1990 में संशोधन किया। संशोधन नियम -2 के खंड सी में डाला गया है, जो परिभाषाओं से संबंधित है। क्लॉज सी जनगणना अनुसूची का अर्थ है अजिसमें अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (1) में संदर्भित प्रश्न हैं।

**ई जनगणना की जरूरत क्यों है**

जनगणना की प्रक्रिया काफी जटिल होने के साथ ही इसमें कई बार गलतफहमी में लोग सही जानकारी नहीं




दर्ज कराते हैं। हाल ही में सीएए और एनआरसी को लेकर हुए विवाद का असर जनगणा की प्रक्रिया पर पड़ सकता है।

**ई-जनगणना कैसे काम करेगी?**

अमित शाह के अनुसार जनगणना आधुनिक तकनीकों की मदद से अधिक वैज्ञानिक, सटीक और बहुआयामीङ्ग होगी। सरकार ई-जनगणना के लिए नया सॉफ्टवेयर तैयार कर रही है। ई-जनगणना की शुरूआत के साथ देश की 50 प्रतिशत आबादी अपने फोन पर डाउनलोड किए गए मोबाइल एप्लिकेशन पर अपना डेटा फीड कर सकेगी। जन्म के समय जनगणना में एक व्यक्ति का नाम जोड़ा जाएगा। जब वे 18 साल के हो जाएंगे, तो नाम मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा और मृत्यु के बाद, नाम हटा दिया जाएगा।

जन्म और मृत्यु रजिस्टर को जनगणना से जोड़ा जाएगा। इसका मतलब है कि जनगणना देश में हर जन्म और मृत्यु के बाद अपने आप अपडेट हो जाएगी। गृह मंत्री के अनुसार, जनगणना के आंकड़े जनसांख्यिकीय परिवर्तन, आर्थिक मानचित्रण, विकास के मानकों में पीछे छूटे क्षेत्रों और सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक परिवर्तनों को प्रतिबिंबित कर सकते हैं। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार ई-जनगणना में विभिन्न एजेंसियां शामिल होंगी और पते बदलने जैसी प्रक्रियाएं आसान होंगी।

ऑनलाइन स्व-गणना के अलावा, जनगणना डेटा एकत्र करने के लिए प्रगणकों द्वारा घर का दौरा जारी रहेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घरों में आने वालों के पास टैबलेट या स्मार्टफोन होने की संभावना होगी। जो उन्हें सीधे एक पोर्टल में जानकारी दर्ज करेंगे। सितंबर 2020 में शाह द्वारा पहली बार एक ऑनलाइन जनगणना का उल्लेख किया गया था।

स्पीड न्यूज

## शादी की सालगिरह पर पत्नी की मौत, घर में छाया मातम

**चतरा।** शुक्रवार को भद्रकाली माता के दर्शन करने जा रहे दंपती की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब एक अज्ञात कोल वाहन ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी। टंडवा थाना क्षेत्र के सिसई (बुटखेता) निवासी सुरेंद्र भुईयां और उनकी पत्नी ममता देवी अपनी शादी की सालगिरह मनाने के लिए इटखोरी स्थित मां भद्रकाली माता के दर्शन करने जा रहे थे। चतरा नवोदय विद्यालय के समीप एक अनियंत्रित अज्ञात कोल वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई और सुरेंद्र भुईयां गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुँची और घायल सुरेंद्र भुईयां को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है, जबकि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## बरिसाखी पंचायत में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**गिद्धौर।** बरिसाखी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र के पास भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने शक्ति केंद्र बूथ संख्या 157 में बैठक की। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, उप प्रमुख प्रीतम यादव और संयोजक संतोष कुमार दांगी मौजूद रहे। बैठक में हर हाल में बूथ पर जीत हासिल करने की रणनीति बनाई गई। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को 157 बूथ से भारी मतों से जीत दिलाने का निर्णय लिया गया।बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की बात कही गई और बताया गया कि मोदी जी का कार्यक्रम सिमरिया के मोरवे मैदान में 11 तारीख को 3:00 बजे है। बैठक में मोदी के कार्यक्रम में आने की बात बताई गई। बैठक में प्रभारी वासुदेव दांगी, देव कुमार दांगी, रोहित कुमार दांगी, सत्येंद्र दांगी, प्रेमजीत पांडेय, शिव शंकर गुप्ता, पंकज कुमार, जितेंद्र कुमार, विनोद साव, रीता देवी, सुनील कुमार दांगी भी मौजूद थे।

## भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में जुटे कार्यकर्ता

**टंडवा (चतरा)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपाई दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। भाजपा नेत्री और महिला मोर्चा की टंडवा मंडल अध्यक्षा बेबी देवी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रही हैं और उन्हें कालीचरण सिंह को वोट देने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनका लक्ष्य 4 लाख से अधिक मतों से कालीचरण सिंह को विजयी बनाना है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भाजपाई विधि व्यवस्था बनाए रखने में लगे हुए हैं। जनसंपर्क अभियान में मंजु देवी, मुन्ना देवी, किरण देवी, रेखा देवी, सुलेखा देवी सहित अन्य कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

## राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृति योजना परीक्षाफल घोषित

**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृति योजना परीक्षाफल सत्र 2023-24 के नतीजे गुरुवार को घोषित किये गये, जिसमे प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय योगिडीह के छः छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। छात्र छात्राओं के परीक्षा में सफल होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। सफल छात्र छात्राओं में ललन कुमार, श्रीकांत कुमार ने कोडरमा जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र छात्राओं में सोनी कुमारी, सोनम कुमारी, अजित कुमार, सौरभ कुमार का नाम शामिल है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्राानाध्यापक विनोद कुमार सिन्हा ने सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बााई दी। वहीं विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक दु:खहरण साव, नूनमन विश्वकर्मा, मुन्ना कुमार सिंह, दिनेश सिन्हा के साथ साथ विद्यालय के अन्य शिक्षकों को दिया है।

# चोरी के आरोप में पांच आरोपी गिरफ्तार





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मोटरसाइकिल चोरी कांड का उद्भेदन कर लिया गया है। इस संदर्भ में एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस ब्यान जारी कर बताया कि तिलैया थाना काण्ड संख्या 102/2024 के तहत दर्ज अप्राथमिकी अभियुक्त विशाल कुमार राम पिता संतोष राम लेंगरापीपर डोमचांच निवासी के घर पर छापामारी कर उसे गिरफ्तार किया गया।

वहीं उसके निशानदेह पर तिलैया एवं अन्य थाना के मोटरसाईकिल चोरी से संबंधित कई कांडों का उद्भेदन हो पाया है। छापेमारी के दौरान डोमचांच जंगल एवं गझंडी जंगल से चोरी के पांच मोटरसाईकिल बरामद किया गया एवं मोटरसाईकिल चोरी के विभिन्न कांडों के चार अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों में :** विशाल कुमार के अलावा, सुमित कुमार पिता दीपक राम, विक्की कुमार पिता रघु राम लेंगरापीपर, डोमचांच, अमित कुमार पिता लालो साव गझंडी थाना डोमचांच, प्रेमचंद पिता प्रकाश चौरी सिकोडीह थाना मुफ्फ्फसिल जिला गिरिडीह निवासी के नाम शामिल हैं। इसके अलावा पांच मोटरसाइकिल जिसमें एक अपाची, एक हिरो स्पलेण्डर सिल्वर रंग का, रॉयल इनफिल्ड काला रंग का बुलेट, नेवी ब्लू एवं काला रंग का बुलेट भी जप्त किया गया।

**छापेमारी दल में :** छापेमारी दल में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, पुनि सह थाना प्रभारी तिलैया विनय कुमार, थाना प्रभारी डोमचांच प्रेम कुमार, पुअनि. अब्दुल्लाह खान, तकनिकी शाखा कोडरमा, पुअनि. बब्लु कुमार तिलैया थाना व तकनिकी शाखा के कर्मी एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

एक नजर में

## भाजपा जनता को बरगलाने का काम कर रही है : महागठबंधन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** महागठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह की जीत को लेकर क्रम संख्या 7 तीन तारा पर बटन दबाकर विजय बनाने को लेकर गंठबंधन दलों के लोग जोर-शोर से लगे हुए हैं। इस निमित पंचायत पिपराडीह में गुरुवार को घटक दलों की बैठक हुई। बैठक के बाद जनसंपर्क अभियान घर-घर चलाने के लिए निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस एवं पिपराडीह पंचायत के पूर्व मुखिया बालेश्वर यादव व संचालन बैद्यनाथ दास ने किया।

वहीं वक्ताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन को मिल रहे अपार जनसमर्थन से भाजपा घबरा गयी है और हताशा से घिर गयी है। वहीं वक्ताओं ने कहा कि सांसद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री रहते हुए भी क्षेत्र के लिए कोई काम नहीं किया।

## जागरुक होकर राष्ट्रहित में भाजपा को करें मतदान : पिंकी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भाजपा नेत्री सह पार्षद पिंकी जैन शहर के गली मोहल्ले घरों में जाकर कोडरमा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में कमल फूल निशान पर वोट देकर एक बार फिर ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील कर रही है। वहीं पिंकी जैन ने कहा कि कोडरमा के भविष्य और देश की तरक्की के लिए नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाना है, इसलिए आप सभी जागरुक होकर राष्ट्रहित में भाजपा को मतदान करें। उन्होंने कहा देश उन्हीं के हाथों में सुरक्षित है। इस लिए 20 मई को ईवीएम मशीन के एक नंबर पर कमल फूल निशान पर वोट देकर अन्नपूर्णा देवी को एक बार फिर ऐतिहासिक जीत दिलानी है। मौके पर गोपाल सिंह, राजेश वर्मा, वीरेंद्र पंडित, रवि भदानी, रंजीत कुमार, राकेश सिंह, टिंकू चंद्रवंशी अमित कुमार विकास कुमार गिरिजा देवी आदि लोग मौजूद थे।

## कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की जनता बदलाव के पक्ष में : मुन्ना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सतडीहा में इंडिया महागठबंधन की बैठक किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक का संचालन मुखिया प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद यादव ने किया। बैठक में जैन संपर्क अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया। वहीं घर-घर पहुंच कर चुनाव चिन्ह बतावें घर घर का नारा झंडे में तीन तारा लोगों को बढ़ाकर महागठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को विजय बनाने का अपील करें और अभियान को तेज करें। गांव में नौजवानों एवं किसान मजदूर महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है, इस बार कोडरमा लोकसभा की जनता बदलाव के मूड में है। वहीं क्षेत्र की जनता ने निर्णय लिया है कि इस बार बदलाव सुनिश्चित है। बैठक को राजद प्रदेश उपाध्यक्ष सह ककरचोली मुखिया राजकुमार यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मिशुवाउदिन, माले जिला समिति सदस्य मुन्ना यादव, युवा राजद सह चेहल पंचायत समिति बलराम यादव, असगर अरविंद सिंह, बुलाकी यादव समेत कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर दुलारी देवी रेणु कुमारी, विमला देवी, संजय चौधरी, इंद्रदेव यादव, द्वारिका यादव, नागेंद्र सिंह, श्याम सुंदर यादव, गंगाार यादव, पवन कुमार, अशोक यादव, डॉ. कॉमरेड, रीतिक, गोविंद बिहारी, दुलारचंद दास, सुरेंद्र यादव, कारू दास रोहित दास किशन दास समेत अन्य लोग शामिल थे।

## बटेश्वर शिव मंदिर में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



**खबर मन्त्र संवादाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के बटेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के लोगों ने परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कार्य कारणी सदस्य एवं ब्राह्मण समाज के कोषाध्यक्ष यदुनंदन पांडेय ने किया और संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांडेय ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वस्तिवाचन, दीप प्रज्वलन और शंखनाद के साथ हुई। भगवान परशुराम के जन्म उत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए लोगों ने संकल्प लिया और उन्हें पराक्रम के प्रतीक और सत्य सनातन का पर्याय बताया। भगवान परशुराम को भगवान श्री हरि विष्णु का छठा अवतार माना जाता है और अक्षय तृतीया के दिन 24 घंटे शुभ मुहूर्त माना जाता है।सनातन परंपरा में आठ चिंरजीवी देवता हैं जिनमें से एक भगवान परशुराम भी हैं। समाज हित के लिए दहेज प्रथा को समाप्त करने का संकल्प लिया गया और भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भविष्य में त्यौहार के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष बैजनाथ पांडेय, बनवारी पांडेय, मुनी पांडेय, सुधीर पांडेय, जमुना पांडेय, त्रिपुरेश पांडेय, श्रीकांत पांडेय, कामदेव पांडेय, ऋषिदीप पांडेय, पंकज पांडेय, नैतिक पांडेय, मुनी पांडेय, मनोज पांडेय, सचिन पांडेय और दर्जनों पांडेय परिवार उपस्थित थे।

# दस साल बाद चतरा आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा/सिमरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 साल बाद फिर से चतरा आ रहे हैं, जिससे लोगों में काफी उत्साह है। वे आज चतरा के सिमरिया स्थित मुरबे मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस सभा के माध्यम से वे चतरा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह और हजारीबाग लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनीष जसवाल के पक्ष में वोट डालने के लिए जनता से अपील करेंगे। यह दूसरी बार होगा जब पीएम मोदी चतरा में जनसभा करेंगे। इससे पहले साल 2014 में पीएम ने चतरा स्थित बाबा घाट मैदान में आम सभा को संबोधित किया था। इस जनसभा में पीएम मोदी के साथ प्रदेश के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद होंगे। जनसभा को लेकर सारी तैयारी कर ली गई है। प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर अलग ही माहौल दिख रहा है। समर्थकों और एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकताओं से लेकर आमलोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस सभा में चतरा, हजारीबाग, लातेहार और कोडरमा के पार्टी कार्यकर्ता जुटेंगे, साथ ही चतरा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, हजारीबाग से मनीष जयसवाल और कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी भी सभा में शामिल होंगी।

**आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, जिसमें एसपीजी की अहम भूमिका होगी। प्रधानमंत्री लगभग 3 बजे सिमरिया पहुंचेंगे और एसपीजी कमांडो के घेरे में रहेंगे। उनके साथ लगभग एक दर्जन से अधिक आईपीएस अधिकारी, 60 डीएसपी रैंक के अधिकारी और दो हजार जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में विधायक ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान



**खबर मन्त्र संवादाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में शुक्रवार को कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। विधायक ने मरकच्चो प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र डगरनवां पंचायत के ग्राम परसाबाद, नवाडीहा, पतरुनिया, बेको, अरैया, कटियो आदि गांवो में भ्रर्मण कर कोडरमा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में मतदान करने की लोगों से अपील की। वहीं मतदाताओं को जागरुक करते हुए कहा कि 20 मई को मतदान केंद्र जाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। जनसंपर्क अभियान में विजय यादव, राजकुमार यादव, बेदु साव, पवन कुमार सिंह, सकलदेव सिंह रामचंद्र राणा, देवकी ठाकुर, यमुना यादव, लखन पासवान, बालो यादव, उमेश यादव, नकुल यादव, प्रकाश यादव, किशोर मुर्मू, सुरेश मुर्मू, मुंशी टुडू, महावीर यादव, सकलदेव यादव, दिलीप यादव, मुकेश यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा चुनावी कार्यालय का अन्नपूर्णा देवी ने किया उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के कोडरमा लोकसभा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को बांझेड़ीह फोर लाइन चौक पर चुनावी कार्यालय का फीता काटकर और नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के नारे जमकर लगे। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा क्षेत्र व देश के चहुमुखी विकास के लिए अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से विजय बनाना है और इस बार राज्य का नही केन्द्र सरकार के मंत्री बनाना है, साथ ही नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री फिर से बनाना है। वहीं उन्होंने आगामी 20 मई को अपने अपने मतदान केंद्र पर जाकर कमल फूल का बटन दबाकर वोट करने का अपील किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज साव, सुरेश यादव, रामचन्द्र सिंह, किशोर यादव, भोला दास, बिनोद यादव, मीना साव, सुमित्रा देवी, सुभाष यादव आदि मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर मेडिकल कैंप का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता तथा मतदान के प्रति लोगों को जागरूकता को लेकर सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया में आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में आमजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं चिकित्सक डॉ. कुलदीप कुमार और डॉ. नीरज साहा के द्वारा लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने अनिमीया, ब्लड प्रेशर, शुगर, हिमोग्लोबीन एवं अन्य जांच किया और आवश्यकतानुसार दवा वितरण किया गया। मेडिकल कैंप में अपना हेल्थ चेकअप कराने आये मतदाताओं ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली और जिलेवासियों से 20 मई को मतदान करने का अपील किया। वहीं चिकित्सकों द्वारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया। हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे की शपथ दिलाया गया।

## वोटर इंफोर्मेशन स्लिप का शत-प्रतिशत वितरण करना सुनिश्चित करें : सहायक निर्वाची पदाधिकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन के निमित 5 कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छ निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में मतदाता जागरूकता से संबंधित कई कार्य किये जा रहे हैं। वहीं शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के बीच वोटर इंफोर्मेशन स्लिप का वितरण किया जा रहा है और मतदाताओं को 20 मई को अपने अपने घरों से निकल कर मताधिकार का प्रयोग करते हुए नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने डोमचांच व कोडरमा प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा वितरित किए गये वोटर इंफोर्मेशन स्लिप का सत्यापन किया। साथ ही अपसेंट, शिफ्टेड और डेथ मतदाताओं का सूची से सत्यापन किया।

# चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ब्राउन शुगर और जिंदा कारतूस के साथ 10 गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** सदर पुलिस ने ब्राउन शुगर की अवैध खरीद-बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 लाख रुपये की ब्राउन शुगर और दो जिंदा कारतूस के साथ 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में गिद्धौर थाना क्षेत्र के गिद्धौर गांव निवासी पंकज कुमार दांगी, सिमरिया थाना क्षेत्र के सिमरिया केवटा गांव निवासी अमित कुमार, सदर थाना क्षेत्र के रहमत चौक निवासी मो० सैफ, कठौतिया इस्लामनगर निवासी मो० शहजाद, पानी टंकी राजा तालाब के अमर कुमार, अशोक नगर के मासूम हैदर, धंगरटोली मुहल्ला के कौशल किशोर, हफुआ टिकुलिया गांव के संदीप कुमार सिंह, टंडवा थाना क्षेत्र के सोपारण गांव निवासी कृष्णा कुमार दास और पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के चंद्रपुर गांव निवासी नकुल कुमार सिंह शामिल हैं। यह जानकारी एसडीपीओ संदीप कुमार सुमन ने शुक्रवार को सदर थाना परिसर में प्रेस कॉफ्रेंस कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली कि बरैनी जाने वाले रोड किनारे कठौतिया के पास एक एलिवेस्टर के खाली मकान में ब्राउन शुगर का खरीद-बिक्री और पीने-पिलाने का काम चल रहा है। सूचना के आधार पर छापामारी दल का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए कठौतिया स्थित एलिवेस्टर के मकान को घेर लिया गया। वहां से पांच लोगों को ब्राउन शुगर के साथ और एक व्यक्ति को ब्राउन शुगर और दो राउंड जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में सभी ने रामटुंडा के जंगल में अवैध ब्राउन शुगर खरीदने की बात कही। गिरफ्तार लोगों के बताए स्थान पर छापेमारी कर चार और लोगों को ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया। इस तरह कुल 10 लोगों को ब्राउन शुगर और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।सभी के खिलाफ सदर थाना कांड संख्या 176/24 के तहत एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार लोगों में एक पुलिस जवान के पुत्र भी शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा प्रत्याशी ने घाघरा प्रखंड मुख्यालय में चलाया जनसंपर्क अभियान

**घाघरा।** भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक के नेतृत्व में शुक्रवार को घाघरा प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड भाजपा के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव शामिल हुए। जनसंपर्क अभियान नेतरहाट रोड स्थित पार्टी के कार्यालय से प्रारंभ हुई जो चांदनी चौक, थाना चौक होते हुए ब्लॉक चौक पहुंची। इस दौरान प्रत्याशी समीर उरांव ने लोगों से आशीर्वाद के तौर पर अपने पक्ष में मत देकर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने डोर टू डोर दुकानों में लोगों से मुलाकात कर अपने पक्ष मत देने का आग्रह किया है। इस दौरान समीर उरांव ने कहा देश के विकास के लिए हम सभी को लोहरदगा लोकसभा से एक कमल का फूल खिलकर यशस्वी प्रधानमंत्री को देना है। साथ ही उन्होंने कहा क्षेत्र का माहौल काफी बेहतर है हर लोगों के जुबान पर अबकी बार 400 पर फिर एक बार मोदी सरकार है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को बताया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री का सोच है कि गांव में संसाधनों को डेवलप कराया जाए ताकि हर एक तबके के लोग अपने आप को रोजगार से जोड़ सके। किसान अपना आय दोगुनी कर पाय सहित हर एक लोगों के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री ने सोचा और जन कल्याणकारी कार्यों को बेहतर करने का काम किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रत्याशी समीर उरांव, मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, प्रभु प्रकाश भगत, अमित ठाकुर, आशीष सोनी, रवि पहान, मनोज सिंह, लाल साहू, सीमा देवी व आजाद साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### अच्छे जनप्रतिनिधि का चयन कर राष्ट्र निर्माण में दे योगदान: सिविल सर्जन

**गुमला।** ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट गम्हरिया घाघरा के तत्वाधान में सदर अस्पताल नर्सिंग कॉलेज गुमला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर राजू कच्छप थे। उन्होंने ने कहा कि हमें 13 मई को मतदान देने जाना है और साथ ही साथ हमें एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव कर अच्छे राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देना है। मेजर एवं नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल नीरजा केरकेट्टा ने कहा कि हमें इस महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना है और आम जनों को भी इस मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में हेल्थ टूर की प्रबंध निदेशक पूजा कुमारी एवं शिक्षिका निशा मिंज, पूजा टांडी, प्रिसकिला बाड़ा, सुमिता चटर्जी, अनिल कुमार, चंदन कुमार सिंह, वीरेंद्र तिवार, पंकज कुमार, उत्तम कुमार, इशिका कुमारी, यशराज के साथ सैकड़ो की संख्या में नर्सिंग बहने सम्मिलित हुई एवं कल्पतरु अभियान के अंतर्गत कॉलेज परिसर में फलदार पौधे लगाये गये।

### रक्तदाता नहीं मिलने से एक मरीज लौट रहा था घर, मिशन बदलाव सदस्यों ने सूचना मिलते ही किया रक्तदान

**गुमला।** नर सेवा नारायण सेवा के तर्ज पर शुक्रवार को मिशन बदलाव के सदस्यों ने रक्तदान कर सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों की जीवन रक्षा की। जिसे मरीज के परिजनों के मुरझाये चेहरे पर खुशी दौड़ पड़ी। रक्तदाता नहीं मिलने पर एक मरीज का परिवार अस्पताल से मरीज को लेकर जा रहे थे। लेकिन अल्प सूचना पर मिशन बदलाव सदस्यों ने जनसेवा का जो भाव दिखाया वह सराहनीय है। मिशन बदलाव सदस्यों ने तत्काल मरीज को बल्ड देकर उसकी जीवन रक्षा की। शुक्रवार को मिशन बदलाव के ऊजार्वान सदस्य अशोक तिर्की और उनके सहयोगी मित्र प्रेम उरांव के सहयोग से 5 वर्ष की बच्ची जो एनीमिया बीमारी से पीड़ित है उसे ए पॉजिटिव ब्लड दिया गया। वहीं मांगरा उरांव जिनका कोई सहारा अस्पताल में उपलब्ध नहीं था। उसे भी रक्तदान कर मिशन बदलाव सदस्यों ने जीवन रक्षा की। पिछले शनिवार को ही वे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हुए थे। एक सप्ताह हो गया था लेकिन उनको ब्लड नहीं मिल रहा था। अंत में उनकी पत्नी और बेटी आज डिस्चार्ज करा के घर ले जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही मिशन बदलाव सदस्य परिवार वालों से सम्पर्क कर रूकने के लिए बोले और ड्यूटी छोड़ सिमडेगा से आकर रक्तदान किया।

### सतू के शरबत का किया वितरण

गुमला। अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गुमला के द्वारा जनसेवा के तहत मारवाड़ी समाज के श्री राजकुमार अग्रवाल सौजन्य से रॉयल कट सिसई रोड के सामने करीब 35 किलो सत्तू शरबत का वितरण किया। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष अंचल अग्रवाल,सचिव ज्योति फोगला, कार्यक्रम संयोजक और पूर्व अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल,कोषाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, सहायक मंत्री सुमित अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच सदस्य शंकर अग्रवाल,पूनम अग्रवाल,अम्बिका अग्रवाल,सीमा शर्मा,स्वाति अग्रवाल आदि उपस्थित थी।

# कांग्रेस व जेएमएम चोर-चोर मसौरे भाई : विष्णु देव साय

## देश में कांग्रेस के 60 साल में केवल लूट हुआ व झारखंड में जेएमएम के सरकार में सीएम भ्रष्टचार के आरोप में गये जेल

- भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था व विश्व गुरू बनाने के लिए लोगों से भाजपा को समर्थन देने की अपील की
- चैनपुर के छतरपुर बगीचा में भाजपा का महाविजय संकल्प सभा संपन्न



कार्यक्रम में छतीसगढ़ के सीएम का स्वागत करते समीर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि कांग्रेस व जेएमएम चोर चोर मसौरे भाई हैं। दोनों पार्टियों ने मिलकर छतीसगढ़ व झारखंड को लूटा है। विशेषकर जेएमएम ने झारखंड को लूटा है। जिसके कारण राज्य के मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाना पड़ा। वहीं राजनीति अस्थिरता के कारण छतीसगढ़ के साथ जन्मे झारखंड की स्थिति बदहाल हो गयी। श्री साय शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड के छतरपुर बगीचा में आयोजित महाविजय संकल्स सभा को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टचारा की जननी है। देश में अपने 60 साल के कार्यकाल में कांग्रेस ने केवल लूटने का काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में हुए बोर्फोस घोटाले में सरकार तक गिर गयी थी। वहीं मनहोन सिंह के कार्यकाल में भ्रष्टाचार की नयी इबादत लिख दी गई। इसलिए भारत को विकसित राष्ट्र व विश्व गुरू बनाने के लिए लोग भाजपा को अपना समर्थन दें। भाजपा के शासन काल में न तो आदिवासियों की जमीन छीनी जाएगी और न ही आरक्षण खत्म होगा। श्री साय ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव को विजय बनायें। नरेंद्र मोदी गरीब व चाय बेचने वाले का बेटा है। वह पूरे देश को अपना परिवार समझता है। यही कारण है कि वे देश के गरीब, किसान मजदूर के हित में काम किये। उनके कार्यकाल में पाकिस्तान की गीदड भभकी भी खत्म हो गई। नरेंद्र मोदी ने अपने वादे पूरे किये और राम मंदिर का निर्माण कराया। जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भाजपाईयों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मिशिर कुजूर ने किया। कार्यक्रम में निर्वतमान सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव, छतीसगढ़ भाजपा के राम प्रताप सिंह, पवन साय, कृष्णा राय, रवि भगत, ओम प्रकाश साय, जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, दामोदर कसेरा, विनोद कुमार, निर्मल गोयल, अरविंद मिश्रा, देवेंद्र लाल उरांव, ज्योति देवी संगीता देवी, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, बोनी फासकुजूर, अमित किशोर पांडेय, अवधेश प्रताप सहदेव, नीरज शर्मा, प्रदीप केशरी, कौशल केहरि, भूषण सिंह, गोपाल सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सरना कोड के नाम पर आदिवासियों को धोखा दे रहे हैं चमरा लिंडा: रमेश

- राहुल गांधी के बसिया में आयोजित सभा से कांग्रेस के पक्ष में बह रहा है चुनावी समीकरण
- कांग्रेस के प्रदेश सचिव व अन्य सदस्यों ने किया प्रेस कान्फ्रेंस



प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल कांग्रेस के प्रदेश सचिव व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा सरना कोड के नाम पर आदिवासियों को धोखा दे रहे हैं। वे सत्ता में रहकर आदिवासियों को उनका अधिकार नहीं दिला पाये तो निर्दलीय रहकर कैसे दिलाएंगे। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने बसिया में आयोजित जनसभा में आदिवासी समाज को सरना कोड देने की घोषणा की है। श्री कुमार पालकोट रोड स्थित कांग्रेस के चुनावी कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि लोहरदगा संसदीय सीट पर सुखदेव भगत का मुकाबला भाजपा से है और सुखदेव भगत भारी मतों से चुनाव जीत रहे हैं। जिसका प्रमुख कारण बसिया में राहुल गांधी के जनसभा से बना समीकरण बता रहा है। जिले के आम नागरिक कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुके हैं। क्योंकि देश में अच्छे दिन कांग्रेस पार्टी ही ला सकती है। वहीं पार्टी प्रत्याशी के जीत के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता तन मन से लगे हुए हैं। जिसका परिणाम है कि कांग्रेसी पार्टी गुमला, सिसई व मांडर विधान सभा से लीड वोट ला रही है। विशुनपुर व लोहरदगा में भी पार्टी की स्थिति काफी मजबूत है। कांग्रेस नेता मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि जो चमरा लिंडा आदिवासियों को सरना कोड देने की बात कह रहे हैं वे जब झारखंड विधान सभा से सरना कोड पारित हो रहा था तब वे विधान सभा भी नहीं गये थे। वहीं लोहरदगा संसदीय सीट से तीन बार क्षेत्र की जनता ने भाजपा को अवसर दिया लेकिन क्षेत्र का विकास नहीं हुआ।

एक बाईपास सड़क का रोना आज भी गुमला की जनता रो रही है। क्योंकि आज तक बाईपास सड़क का काम पूर्ण नहीं हुआ। वहीं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव आशिक अंसारी ने कहा कि पूरा मुस्लिम समाज कांग्रेस के पक्ष में है। चमरा लिंडा का साथ मुस्लिम समाज नहीं देगी। कांग्रेस प्रत्याशी लोहरदगा संसदीय सीट से एक लाख मतों से चुनाव जीतेंगे। इस अवसर पर अकील रहमान, शाहजहां अंसारी, गुलाम सरवर आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### घर मे संचालित किराना दुकान खुलवा कर अपराधियों ने लूटा 15 हजार

**भंडरा लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर एक ओर पुलिस प्रशासन विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी हुई है वही दूसरी ओर भंडरा मुख्य पथ में बीती देर शाम घर में घुसकर लूट की घटना को अंजाम देकर अपराधी पुलिस को खुली चुनौती दे दी। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार भंडरा मुख्य पथ भौरो मोड़ के पास स्थित किराना दुकानदार मनी साहू के घर में घुसकर 15 हजार की लूट अपराधियों द्वारा की गई है। अपराधी दुकान से सामान लेने के नाम पर 8.30 बजे दरवाजा खुलवाए और मनी साहू एवं उसकी पत्नी को कब्जे में लेकर दुकान में रखा पैसा का संदूक एवं एक छोटा डब्बा में रखा दस हजार रुपये लेकर चलते बने। जिसके बाद इस घटना की सूचना भडरा थाना को दी गई। भंडरा पुलिस के द्वारा घटनास्थल का मुयाना कर घटना में सन्लिप्त अपराधियों की पहचान एवं धार पकड़ की प्रक्रिया में लग गई है। मनी साहू के द्वारा बताया गया कि दुकान के संदूक में लगभग पांच हजार रुपये था। अपराधियों द्वारा घटना को देर शाम में अंजाम दिए जाने से स्थानीय लोगों में भय का माहौल देखा जा रहा है।

### मतदानकर्मियों को बूथ भेजने की तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर समहारणालय में शुक्रवार को जिले के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने तैयारियों का जायजा लिया। 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के 324 बूथों में आज से मतदानकर्मियों को भेजा जाएगा। समाहरणालय परिसर में मतदानकर्मियों को मतदान केंद्र तक भेजने के लिए सुविधा केंद्र बनाया गया है, वही कल से नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बूथों तक मतदानकर्मियों को भेजा जाएगा। इस क्रम में जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने अधिकारियों के साथ सुविधा केंद्र का जायजा लिया है ताकि मतदानकर्मियों को बूथों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उपायुक्त ने बताया कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के बूथों में करीब 1600 मतदानकर्मियो चुनाव संपन्न कराने के लिए लगाया गया है। जिला प्रशासन ने शांति पूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए व्यापक तैयारियां किया है और इस बार वोट प्रतिशत बढ़ाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

### लोकतंत्र की मजबूती व देश के उन्नति के लिए करे मतदान: मनोज साहू

**लोहरदगा।** लोकतंत्र कि मजबूती एवं देश के उन्नति के लिए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज साहु एवं संरक्षक प्रो शिवदयाल साहु व नन्द किशोर साहु ने किया है। उन्होंने समाज के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि लोकतंत्र के मजबूती एवं देश के उन्नति के लिए सभी मतदाता अपने अपने मताधिकार का प्रयोग करें। वही प्रो शिवदयाल साहु ने कहा की पांच वर्षों में जनता को अपने मतदान करने एवं योग्य सांसद और स्थाई सरकार चुनने का सुअवसर प्राप्त होता है इससे देश सशक्त होता है, रोजगार, शिक्षा, अच्छी सड़कें, शुद्ध जल एवं विकास होता है। चुनाव में एक एक वोट का बहुत ही महत्व है इसलिए अपने अपने मतदान केंद्र में जाकर अपना वोट जरूर दें। मनोज साहु ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व के महाउत्सव में मिलकर मनाए। बिना भय बिना लालच एवं बिना बहकावे के स्वविवेक से अच्छे एवं योग्य प्रत्याशी का चयन करें। साथ अपने वोट के साथ अन्य मतदाताओं को भी वोट के लिए प्रेरित करने की अपील की है।

### 360 गाड़ियों से मतदान कर्मियो को पहुंचाया जाएगा बूथ

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटी हुई है। मतदान केंद्रों तक जाने के लिए लोहरदगा जिले में 280 चार पहिया वाहन और 80 बसों को सीज कर कुल 360 गाड़ियों को चुनाव ड्यूटी में लगाई गई है। जिले के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इन बसों और चार पहिया वाहनों में मतदान कर्मियो को मतदान केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। जिसकी लिए तैयारी शुरू कर दिया गया। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है जिसके लिए 11 मई से सभी मतदान केंद्रों में मतदान कर्मियो और बूथ कार्य में लगे कर्मियो को बूथ तक पहुंचाया जाएगा।

# सहारा के जमाकर्ता व कार्यकताओं का हर समस्या का निदान कराना मेरी प्राथमिकता: समीर उरांव



सहारा इंडिया के सदस्यों के साथ समीर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सहारा इंडिया परिवार घाघरा की बैठक शुक्रवार को प्रखंड के कार्यालय सभागार में हुई। बैठक में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के बीजुपाडा ,बेडो , सिसई, भरनो ,बसिया ,गुमला ,मांझा टोली ,टोटो ,बिशुनपुर ,घाघरा , सेन्हा , लोहरदगा ,किस्को ,कुंडू ,कैरो एवं भण्डरा ब्रांच के सैकड़ों कार्यक्रर्ता शामिल हुए। वहीं भाजपा के लोक सभा प्रत्यासी समीर उरांव भी बैठक में विशेष रूप से शामिल हुए। मौके पर समीर उरांव ने कहा कि आप सबों के कष्ट से मैं वाकिफ हूँ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्री अमित शाह इस मामले को सीधा देख रहें हैं । जैसा कि आप सभी जान रहे हैं कि मामला माननीय उच्चतम न्यायलय के अधीन चल रहा है। परन्तु गृह मंत्री अमित शाह के प्रयास से पोर्टल लॉन्च किया गया। जिसके माध्यम से सभी जमाकर्ता का भुगतान कराया जा रहा है ।परंतु पोर्टल में हो रहे व्यवधान के कारण भुगतान जिस गति से होना चाहिए नहीं हो पा रहा है । आप सभी के सहयोग से मैं जीतकर संसद पहुंचता हु तो पहला सवाल सहारा जमाकर्ता के भुगतान एवं कार्यकताओं के रोजगार के विषय को प्राथमिकता से रखने का काम करूंगा एवं आप सबों को न्याय दिलाने में अपना शत प्रतिशत लगाउंगा । आप सबों का दर्द मेरा दर्द है आप सब अपना लम्बा समय सहारा इंडिया परिवार से जुड कर गरीब से गरीब आदमी को बचत कराना सिखाया एवं उनको आत्म निर्भरता बनाया है। मेरा प्रयास भी सभी जमाकर्ता एवं कार्यकर्ता को न्याय दिलाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुमला के पूर्व रीजनल मैनेजर संदीप गुप्ता और लोहरदगा के आनंद केशरी ने किया एवं सभा का संचालन लोहरदगा सेक्टर मैनेजर हरीनाथ साहु ने किया । सभा के अंत में एक मांग पत्र सहारा कार्यकताओं के द्वारा समीर उरांव को सौंपा गया। इस अवसर पर कमलेश ठाकुर, कृष्णा सिंह , भीम साहु ,रमेश तुरी, उमेश साहु , मन्तोष जी, अशोक साहु, मनोज सिंह, अरुण नारायण सिंह, जितेंद्र साहू, रवि श्रीवास्तव, मनोज सिन्हा, रविरंजन सिन्हा, बी एम सिंह आदि उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



बैठक में मौजूद अधिकारी

खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा ।** प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी बीएलओ उपस्थित हुए । प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने मतदान केंद्र के हिसाब से उपस्थित बीएलओ से मतदाता पर्ची वितरण की समीक्षा की। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कर सभी मतदाताओं से 13 मई को मतदान केंद्र पर निश्चित रूप से जाकर मतदान करने की भी अपील करने का निर्देश दिया । यह भी अनुरोध करें कि यदि घर का कोई सदस्य दूसरे जिलों में या दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए गए हुए हैं तो ऐसे लोग भी आकर निश्चित रूप से मतदान कराए । मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने आगामी 12 मई व 13 मई को बीएलओ द्वारा संबंधित मतदान केन्द्रों पर किए जाने वाले कार्य की जानकारी दी । जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, भंडरा एवं अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार द्वारा बीएलओ को बताया गया कि मतदाता की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों में व्हील चेयर , वोलंटियर , टेंट आदि की व्यवस्था की गई है । साथ ही पेयजल ,शेड आदि की भी व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी परिस्थिति में किसी भी मतदाता को यदि वह दिव्यांग भी हो तो मतदान के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या या परेशानी ना हो इस पर सभी बीएलओ विशेष निगरानी रखे । इस मौके पर गौरीश गरीश, नवप्रभात कुजूर,धर्मदास भगत,मुकेश कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# विकास को ठेंगा दिखा जात-पात की राजनीति करती है भाजपा : रोशन

### भाजपा के 60 कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता



भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेसी

**गुमला।** बसिया प्रखंड के तुरबुंगा पंचायत के किनीरकेला ग्राम में कांग्रेस के विचारधारा से प्रभावित होकर एवं राहुल गांधी के गारंटी से प्रभावित होकर 60 भाजपा के नवयुवक साथियों ने कांग्रेस का हाथ थामा लिया। शुक्रवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी बसिया के अध्यक्ष विकास साहू के नेतृत्व में किंनीरकेला ग्राम में कांग्रेस की एक बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव श्री रोशन वरवा ने कांग्रेस की गारंटी व क्षेत्र की विकास के बारे में ग्राम वासियों को बताते हुए कहा कि आज भारत जिस विषम परिस्थिति से गुजर रही है। जहां विकास को ठेंगा दिखाते हुए सिर्फ धर्म और जात-पात की राजनीति केंद्र के भाजपा के सरकार के द्वारा किया जा रहा है। जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। हम सबों की आपसी भाईचारगी को दिन प्रतिदिन खत्म करते जा रही। हम सब को एक होकर भाजपा की झूठी सरकार को बदलने के लिए कांग्रेस के लोहरदगा लोकसभा के सुखदेव भगत को वोट देकर भारी से भारी मतों से विजय बनाना है। वहीं बैठक में भाजपा से शामिल हुए सभी कार्यकताओं को आश्वस्त किया गया कि आपके मान-सम्मान आपके क्षेत्र के विकास के लिए अगर कांग्रेस की सरकार आती है तो पूर्ण सहयोग किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि भारत में जिस तरह से भेदभाव की राजनीति हो रही है। उसे कांग्रेस हीं खत्म कर सकती है। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो सभी जाति धर्म एवं समाज को लेकर एक साथ चल सकती है। आज महंगाई जिस स्थिति में पहुंच गई है जिससे लोगों का जीना दुभर हो गया है । सिसई विधानसभा कोऑर्डिनेटर प्रदीप केसरी ने कहा कि भाजपा के शासन काल में राज्य के पांच जिलों में ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिया गया है। भाजपा ने ओबीसियों को ठगने के अलावा कुछ भी नहीं किया है। कांग्रेस की अगर सरकार बनती है तो राहुल गांधी जी के गारंटी पर विश्वास करते हुए आप सबों को मैं यह कर सकता हूं की ओबीसी का जो आरक्षण झारखंड के गठबंधन सरकार के द्वारा भेजा गया है उसे निश्चित ही स्वीकृति प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में प्रवक्ता के रूप में प्रदेश महासचिव रोशन वर्मा, कोऑर्डिनेटर प्रदीप केसरी, जिला महासचिव संतोष कुमार गुप्ता, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विकास साहू, जेडी नायक, आदिवासी एकता मंच के अध्यक्ष अमरजीत डांगवार आदि उपस्थित थे।

**से लोग हुए कांग्रेस में शामिल :** कार्यक्रम में भाजपा से कांग्रेस में शामिल होने वाले कार्यकताओं में विशेष कर परमानंद सिंह, युगल प्रकाश सिंह, मनभरण नायक, तिलेश्वर सिंह, अनुराग सिंह, अंकित साहु, दीप नारायण सिंह, कर्मपाल नायक, अनिल सुरीन, वीरेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह ,अनूप साहू, दशरथ साहू ,अजय साहू ,मनीष सिंह, मनोज साहू, पवन सिंह, दिलीप हजाम, कमल साहू ,अमित साहू, पवन साहू ,भोला साहू, देवेंद्र साहू, दीपक हजाम, मनोज सिंह, सहित साठ कार्यकताओं ने भाजपा के विचारधारा को छोड़ कांग्रेस के विचारधारा को अपनाते हुए कांग्रेस की सदस्यता ली।

Format C-2

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation &Ors. Vs. Union of India &Anr.)

Name of Political Party: INDIAN NATIONAL CONGRESS

* Name of Election : LOKSABHA 2024

Name of State/ UT : JHARKHAND

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Section of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date (s) of order(s) | Description of offence (S) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
| 1. | 12-Lohardaga Parliamentary Constituency (ST) | Sukhdeo Bhagat | I/C, J.M M.P./M.L.A. Court, Ranchi M.P./ M.L.A.-02/2021 Lohardaga P.S.- 116/2018 | U/s - 147/149/341/342/332/353/186/ 189/504 IPC | NA | NA | NA |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा

# डालसा ने किया लीगल लिटरेसी क्लब का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के निदेर्शानुसार जिला में 6 लीगल लिटरेसी क्लब का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को पूरे जिले में चयनित स्कूलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया ने ऑनलाइन इस कार्यक्रम की शुरूआत की। इसी क्रम में राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय चंदवा में पीएलवी राजेश प्रसाद ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया। कहा कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है और काफी लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इन दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है दो पहिया वाहन चालक हो या भारी वाहन के चालक सबके लिए यातायात नियम तय है आप गाड़ी चला रहे हैं तो इंसान ही नहीं पशुओ की भी रक्षा करना आपकी जिम्मेदारी है। हम सभी के लिए ट्रैफिक नियम का पालन करना आवश्यक जरूरी है। सरकार ने यातायात के लिए जो नियम निर्धारित किए हैं उनका पालन करना हम सब का दायित्व है व जिम्मेदारी है इसके अलावे कानून से संबंधित दहेज प्रथा, बाल श्रम, बाल विवाह, डायन भूत, सड़क सुरक्षा, इत्यादि विषय से संबंधित जानकारी दिया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार साव, शिक्षक अरुण कुमार मिश्रा, रश्मि गोप के अलावे शिक्षक ,शिक्षिका, विद्यार्थी एवं पीएलबी सुशीला कुमारी उपस्थित थे।

### बच्चों को दी गई कानून की जानकरियां



कानून की जानकारी देते पीएलवी राजेश प्रसाद।

### इन स्कूलों में भी हुआ कार्यक्रम

जिला में 6 स्कूलों में लीगल लिटरेसी क्लब की शुरूआत की गई। इसमे नेतरहाट आवासीय विद्यालय नेतरहाट, कस्तूरबा गांधी अवासीय विद्यालय लातेहार, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बालूमाथ, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरवाडीह, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवा एवं प्रोजेक्ट हाई स्कूल बरियातू, लातेहार शामिल है। इन क्लबों में महीने के पहले एवं तीसरे शानिवार को कानून की विशेष क्लास और जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### भाकपा प्रत्याशी अर्जुन कुमार पहुंचे चंदवा, की बैठक

**चंदवा।** चतरा संसदीय क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अर्जुन कुमार शुक्रवार को चंदवा पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय प्रह्लाद कॉम्प्लेक्स प्रांगण में कार्यकताओं के साथ बैठक की। उनके साथ पार्टी के केंद्रीय सदस्य बनवारी साहू, गयानाथ पांडेय भी मौजूद थे। अनिल कुमार ने उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ है। पिछले 10 साल से चतरा में भाजपा के सांसद है लेकिन यहां विकास की क्या स्थिति है किसी से छिपी नही है। यहां खनिज संपदा का प्रचुर भंडार है बावजूद इसके रोजगार के अभाव लोग पलायन को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण यहां उनका गठबंधन महा गठबंधन दलों के साथ नहीं है। हमारी पार्टी स्वतंत्र चुनाव लड़ रही है, कार्यकताओं से सभी गांव टोले में कम्युनिस्ट पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों की चर्चा करने की बात कही साथ ही चुनाव को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर लेने का दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर मो. अलाउद्दीन, प्रमोद साहू, सुरेश बासपति, तेजू उरांव, अनिल साहू, काटा गंझु, धनेश्वर तुरी, मछिंद्र लोहार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला परिषद सदस्य ने मृतक के घर पहुंच कर कराया राशन उपलब्ध



**बारियातू।** जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने बारिखाप निवासी मृतक उपेंद्र गंझु के परिजनों से मुलाकात कर राशन उपलब्ध कराया. बारिखाप निवासी उपेंद्र गंझु की आकस्मिक निधन हो गया. अपने पीछे तीन बेटा व एक बेटी छोड़ गए। जहाँ जिला परिषद रमेश राम पहुँचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया। क्रिया क्रम के लिए राशन उपलब्ध कराया। मौके पर गोवर्धन यादव, बहादुर गंझु, बालकिशुन गंझु, रघुनाथ यादव, सीटन गंझु, महेंद्र यादव, रूनीया मसोमात, बिलवा मसोमात सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### अबुआ आवास के दूसरा किस्त राशि के लिए जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य: शशि

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के अबुआ आवास लाभुकों को पीलिंत का कार्य पूर्ण होने के बाद दूसरा किस्त की राशि के लिए लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा, जानकारी देते हुए आवास प्रखंड समन्वयक शशि कुजूर ने बताया की प्रखंड क्षेत्र में 451 लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। अब तक 84 लाभुक ही पीलिंत का कार्य किए हैं। सभी लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। जाति प्रणाम पत्र अपलोड किए जाने के बाद ही दूसरा किस्त की राशि लाभुक के खाते में भेजा जायेगा। साथ ही बताया की जितने भी लाभुक अभी तक पीलिंत का कार्य नहीं किए हैं। अविलम्ब पूर्ण करते हुए जाति प्रमाण पत्र अवश्य जमा कर दे।

### धुमधाम से मनाया गया सरहुल का त्यौहार



नृत्य करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत साल्वे अलखडिहा व, गुरूसालवे मे सरहुल का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पारंपरिक रुप से सभी गांव में बारी-बारी से सरहुल का त्यौहार मनाया जाता है। इसी क्रम मे आज साल्वे ग्राम के सभी टोले मे प्रकृति का महापर्व सरहुल मनाया गया। गाँव के पाहन पुरोहित ने मां सरना की पुजा कर ग्रामवासीयों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष युवक युवतीयो ने अपनी पारंपरिक नृत्य कला संस्कृति का मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। सरहुल त्यौहार के माध्यम से आदिवासी समुदाय प्रकृति प्रेम व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते है।

### हज के लिए रवाना हुए पिता और पुत्र



**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के सरयू से मोहम्मद हुसैन और उनके बेटे अथर हुसैन, बृहस्पतिवार को हज के लिए रवाना हुए। वही सरयू के जामा मस्जिद में लोगों ने माला पहनाकर और नारे के साथ हज के लिए विदाई किए। वही मोहम्मद हुसैन और उनके बेटे अथर हुसैन ने कहा की मक्का मदीना में जा कर देश में अमन चैन और भाईचारे की खुशहाली के लिए दुआ करूंगा। इस मौके पर अख्तर हुसैन, गुड्डु हुसैन, अब्दुल कुदुस, डॉ नईम अख्तर, असगर हुसैन, मो कलाम, मुस्ताक खलीफा, मो इमराज, फजलु रहमान, शाहनवाज हुसैन, मीमसाद आलम, मो इबरार, मो मिस्टर, मो शमीम आलम, कलीम खलीफा, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने का माकपा ने किया स्वागत



**चंदवा।** माकपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दिए जाने की सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है साथ ही झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी न्याय की मांग उठाई है। माकपा नेता अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसला लोकतंत्र की जीत है। इस फैसले ने देश के करोड़ों लोगों को राहत दी है। भाजपा नेतृत्व वाली केंन्द्र सरकार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजवाकर उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोकने की कोशिश की थी। ताकि उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोका जा सके। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला केन्द्र सरकार के द्वारा शुरू की गई तानाशाही पर रोक है, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत को भी जल्द न्याय मिले।

## ग्रामीणों ने चुनाव का किया बहिष्कार कहा, रोड नहीं तो वोट नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता



बहिस्कार करते ग्रामीण।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के जोगियाडीह ग्राम स्थित सेमरसोत टोला के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में विकास नहीं होते और सड़क नहीं बन पा रही है तो वह अपने मताधिकार का प्रयोग क्यों करें। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक सड़क अब तक नहीं बनी है। जिस कारण विकास रुका हुआ है। सड़क की बदहाली से यहाँ के ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर गांव में बरसात के दिनों में किसी की तबीयत खराब हो जाए तो उसे सड़क नहीं होने के कारण खाट में ले जाने की नौबत तक आ जाती है। ग्रामीण देवंती देवी ने बताया कि सेमरसोत गांव से बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय तक जोड़ने वाली कच्ची सड़क 10 किलोमीटर तक खराब है। जिसमे हेमपुर, सोपारम, सिमरसोत, जोगियाडीह समेत कई गांव आते है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे बन जाने से आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते है। ऐसे में ग्रामीण एकजुट होकर वोट का विरोध करने पर उतर गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रोड नहीं तो वोट नहीं। मौके पर धनेशरी देबी, मिना देबी, शांती देबी, सुमित्रा देबी, लिलू देबी, नितु देबी, परोया देबी, आरती देबी, सुनीता देबी, मानती देबी, कुंती देबी, पार्वती देबी, सिबती देबी, ललिता देबी, जासो देबी, शिवनी देबी, गांगी देबी, अनीता देबी, मंजु देबी, मनीता देबी, एतवरिया देबी, फुलमती देबी, बिदीया देबी, फुलमनी देबी, प्रमिला देबी, निलेश गंझू ,मुरारी गंझू ,बिगन गंझू, संतोष गंझू, भोला गंझू, रामा गंझू ,टुनेशर गंझू, बिरेदर गंझू, निर्मल गंझू, फेकन गंझू, मोहन गंझू ,सत्य गंझू ,बंधन गंझू, टेमा गंझू, ठुया गंझू, बिहारी गंझू समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## बरवाडीह में शनिदेव मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

# मंदिरों के निर्माण से ही धर्म की रक्षा और राष्ट्र का उत्थान होता है: राकेश मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



भूमिपूजन करवाते पंडित राकेश मिश्रा।

**बरवाडीह।** शुक्रवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में शनि देव मंदिर के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। पंडित राकेश मिश्रा के सानिध्य में भक्ति भावना के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यजमान राकेश अग्रवाल एवं उनकी पत्नी सरिता अग्रवाल के द्वारा पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य का आरंभ किया गया। भूमि पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण से आसपास का क्षेत्र काफी भक्तिमय हो उठा था। इस अवसर पर अग्रवाल दंपती ने पंडित राकेश मिश्रा के साथ मंदिर के नींव की पहली ईंट रखी। जहां पंडित राकेश मिश्रा ने कहा कि मंदिरों के निर्माण से ही धर्म की रक्षा और राष्ट्र का उत्थान होता है। मंदिर वह स्थान है जहां सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में शनि देव को न्याय का देव भी कहा गया है। वहीं राकेश अग्रवाल ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सभी को उत्साह से भाग लेना चाहिए। ऐसे कार्यों से आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलती है। धर्म, कर्म के क्षेत्र में यहां के लोग काफी अग्रणी रहते हैं, और हर तरह से सहयोग करते हैं। गौरतलब हो कि प्रखण्ड मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर पूर्व से भी कई अन्य देवी-देवताओं के मंदिर हैं। इस मौके पर अमित मित्तल उर्फ बिट्टू अग्रवाल, शिवनारायण प्रसाद अग्रवाल, व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज, भाजपा वरिष्ट नेता इकबाल सिंह, हर्ष कुमार, उत्कर्ष कुमार, आनंद अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह और खुशबू अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने बनवारी साहू महाविद्यालय, गांधी इंटर कॉलेज, व अनुमंडल कार्यालय का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



निरीक्षण करती डीसी।

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने बनवारी साहू महाविद्यालय, गांधी इंटर कॉलेज लातेहार व अनुमंडल कार्यालय लातेहार में बनाये गए पोस्टल बैलेट सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सुविधा केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, विधि व्यवस्था, मतदान कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुविधा केंद्र के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मियों को विभिन्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया। विदित हो कि चुनाव व आवश्यक ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए जिले में पोस्टल बैलेट से आज से मतदान शुरू किया गया है। सभी सुविधा केंद्रों पर सुबह 9.00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है। पहले दिन सुविधा केंद्र चुनाव में आवश्यक ड्यूटी में लगाये गए अधिकारी व कर्मी जिनके संसदीय क्षेत्र में चौथे एवं पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव होना है उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग पोस्टल बैलेट से किया। चौथे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 12 मई तक, पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 13 मई तक, छठे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 14 से 18 मई तथा सातवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 21 से 25 मई तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जाएगा।

### गोल्डेन कोचिंग सेंटर का किया गया उदघाटन

**सरयू।** सरयू प्रखंड के नीलांबर पितांबर चौक स्थित साबीर कम्प्लेक्स में गोल्डेन कोचिंग सेंटर का शुभारंभ शुक्रवार को चोरहा पंचायत के मुखिया अंकिता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस मौके के पर उन्होंने कहा कि अभी के युग में शिक्षा अति आवश्यक है। बहुत ही खुशी की बात है कि इस प्रखंड में कोचिंग सेंटर का शुभारंभ हुआ। उप मुखिया संजय उरांव ने कहा कि गरीब तबके के छात्र आर्थिक स्थिति है के कारण पढ़ाई लिखाई को पूरा नहीं कर पाते हैं। सरयू में कोचिंग सेंटर का शुभारंभ होने से छात्रों को सुनेहरा मौका मिला है शिक्षा प्राप्त करने के लिए। वही गारू के पूर्वे जिला परिषद सदस्य शिल्पा कुमारी ने बताई कि इस क्षेत्र में बच्चे पढ़ाई के मामले में काफी उत्सुक हैं। जोकि काफी दूर दराज से पढ़ाई करने के लिए विद्यालय आते जाते हैं। जिससे देखते हुए सरयू में कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया है। कोचिंग सेंटर के संचालक मो मीमसाद आलम उर्फ गोल्डेन ने बताया कि इस संस्थान के द्वारा हर संभव कोशिश किया जाएगा की बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देने का प्रयास रहेगा। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, इश्वर प्रसाद, रिंकु प्रसाद, डॉ सदाम हुसैन, विरेन्द्र प्रसाद, निर्मल उरांव, दिलीप प्रसाद, फीरोज आलम, मोजफर आलम, मो कलाम, खादिम रसुल, साबीर अंसारी, अलीम आलम समेत काफी लोग उपस्थित थे।

### महागठबंधन के नेताओं ने की बैठक

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत केड़ पंचायत के ग्राम गाड़ी में और छिपादोहर के हरिजन मुहल्ला के आस-पास के कई गांवों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में चुनावी बैठक किया गया। मंच संचालन विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव ने किया। इस दौरान क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। मौके पर चतरा संसदीय क्षेत्र के महागठबंधन कांग्रेस प्रत्यासी के भाई नकुल त्रिपाठी ने अपने महागठबंधन के सभी दलों के नेताओं के साथ चुनावी बैठक में उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों से भाजपा की सरकार केन्द्र में काबिज है, और इन दस वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। वहीं विजय बहादुर सिंह ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के हक अधिकार को छीनने का सफल प्रयास किया है। मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी, कांग्रेस, जेएमएम राजद माले के नेताओं ने कांग्रेस और महागठबंधन उम्मीदवार के एन त्रिपाठी के पक्ष में अपने कीमती वोट देने की अपील किया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, कांग्रेस प्रदेश कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी, मुखिया छिपादोहर बेरोनिका कुजुर, निजाम अंसारी, नरेश सिंह खरवार, समाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह, दिलीप कुमार सिंह, एम रहमान मुन्ना, सौदागर सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पोस्टल बैलेट मतदान में दिखा भारी अनियमितता



मतदान केंद्र।

**बालूमाथ।** बालूमाथ राजकीयकृत उच्च विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार से सरकारी कर्मियों का पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान होना सुनिश्चित था। लेकिन पदाधिकारी की लापरवाही के कारण पूरे चुनाव के दौरान भारी अनियमितता देखी गई। जिससे लोग वोट करने आए सरकारी कर्मी काफी परेशान दिखाई दिए। मिली जानकारी के अनुसार मतदान सुबह 9:00 बजे से आरंभ कर दी जानी थी। लेकिन बैलेट पेपर 1:00 बजे तक नहीं पहुंचा था। बाद में जब बैलेट पेपर पहुंचा तो राजनीतिक दल के लोगों को जानकारी नहीं होने के कारण सिर्फ कांग्रेस पार्टी बूथ एजेंट पहुंचे हुए थे। लेकिन भाजपा एवं अन्य दल के कार्यकर्ता नहीं होने के कारण मतदान 3:00 बजे तक आरंभ नहीं हो पाई थी। जब पत्रकारों का टीम उच्च विद्यालय जानकारी लेने पहुंचा तो मामले को छुपाने के लिए बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने दरवाजा बंद कर दिया। बाद में मतदान के लिए दो पोलिंग बूथ बनाया गया था। जिसमें एक मतदान केंद्र में खूंटी लोहरदगा एवं सिंहभूम एवं दूसरे मतदान केंद्र में पलामू जिला के सरकारी कर्मियों ने मतदान किया। अटेंसन ऑफिसर सह चंदवा के अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने बताया कि सरकारी कर्मियों के मतदान के लिए बालूमाथ, महुआडांड़ एवं लातेहार में पोलिंग बूथ बनाया गया है। यह मतदान 10 मई से 25 मई तक विभिन्न मतदान केंद्रो में मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बालूमाथ अंचलाधिकारी ने अपनी अनियमितता को छुपाने के लिए पत्रकारों के सवाल देने से कटते नजर आए इस दौरान कई लोग उपस्थित थे।

### मां की यादें हमें अपने कर्तव्यों का प्रतिबोध कराते है : दिलीप नाथ

**बरवाडीह।** जनसंघ के जमाने से भाजपा के दिग्गज नेता रहे स्व.अमरेंद्र नारायण नाथ उर्फ खोखा दा की पत्नी स्व.पुष्पा देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर शुक्रवार को बरसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित उनके निजी आवास पर श्रद्धांजलि सभा, हरिनाम संकीर्तन, शांति पाठ एवं भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकताओं के साथ उपस्थित सैकड़ो गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बड़े पुत्र दिलीप कुमार नाथ ने अपनी मां को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मैंने व्यक्तिगत अनुभव किया है कि एक माँ की ममता व आशीर्वाद जनसेवा के लिए काफी प्रेरणादायी होता हैं। माँ की यादें मुझे अपने कर्तव्यों का प्रतिबोध कराते है। वहीं छोटे पुत्र राज कुमार नाथ ने कहा कि आपका स्नेहिल आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते कालीचरण सिंह।

**बालूमाथ।** चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड के बड़का बालूमाथ नगडा, शेरेगडा, चमातू, आरा, फुलबसिया, कारीमाटी, गणेशपूर, भगिया, केरी सरदम टोला, शांति गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया और चतरा क्षेत्र के विकास के लिए अपने पक्ष में मतदान करने के लिए अपील किया। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी कलीचरण सिंह ने चुनाव प्रचार के लिए चुनाव प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के बारे में जनता को अवगत कराया। मौके पर बोलते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चतरा (सिमरिया)की धरती पर आगमन हो रहा है। उनके स्वागत को चतरा के साथ इस पूरे क्षेत्र की जनता उन्हें सुनने को उत्साहित है कि प्रधानमंत्री की यह सभा ऐतिहासिक और लोगों के लिए अविस्मरणीय होगी साथ ही कहा कि चुनाव जीतने के बाद में इस क्षेत्र के सेवा के लिए सदैव खड़ा रहूंगा। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम साव, चुनाव प्रभारी अर्जुन साव, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मन कुशवाहा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उमेश सिंह, सूरज शाह, राजेंद्र साव, मुखिया विमला देवी, उमेश सिंह, प्रदीप यादव, लक्ष्मण प्रसाद, रामकुमार गुप्ता, गिरधारी यादव, त्रिवेणी साव, रूपा देवी, रूबी देवी, सुरेंद्र उरांव, प्रखंड महामंत्री विजय यादव, महेंद्र यादव, विजय कुमार गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य सत्यनारायण साव, मुखिया परमेश्वर उरांव, त्रिवेणी साव, दामोदर साव, विजय यादव, विजय साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर अब तक हुए कार्यों की शुक्रवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से रामगढ़ जिले में मतदान संपन्न कराने को लेकर किए जा रहे कार्यों की क्षेत्रवार संबंधित अधिकारियों से समीक्षा की गई वहीं उनके द्वारा समीक्षा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए। मौके पर उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता मतदान के दिन सुनिश्चित रखने, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने, शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने, जिले के विभिन्न सीमाओं पर बनाए गए चेकनाकों के माध्यम से नियमित जांच अभियान चलाने, उड़न दस्ता दलों द्वारा चलाए जाने वाले जांच अभियानों आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधित कार्यों के दौरान कोई भी दुविधा सामने आने पर त्वरित वरीय अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर उसे दूर करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा भी निर्वाचन संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर कई आवश्यक जानकारियां उपस्थित सभी कोषांग अधिकारियों को दी गई। बैठक के दौरान सभी कोषांग के पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# बसपा के पूर्व प्रत्याशी राम कुंवर राम बीजेपी में शामिल



एजेंसी

**बेतिया।** लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहे जनसंपर्क अभियान के तहत वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने आज नरकटिया विधानसभा के कुदरकट, रामनगर, एकडरी, श्रीपुर, बेलवाडीह, मुरली, जुआफर, चैनपुर आदि गांवों और पंचायतों के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने घर-घर जा कर लोगों से मुलाकात की तथा मोदी सरकार द्वारा चंपारण के विकास के लिए किये गये कार्यों के बारे में बताकर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान ग्राम पंचायत खैरवा में आयोजित एक कार्यक्रम में गंगा राम, नंदकिशोर राम एवं अनिल जोशी जी के नेतृत्व में बसपा के पूर्व प्रत्याशी व पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा राम कुंवर राम जी ने बसपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर डॉ जायसवाल ने उनके साथ राजेश्वर राम, मनोज राम, रुदल राम, राम कुमार राम, रामश्वरूप राम, राजकिशोर राम, साहेब राम सहित सैकड़ों कार्यकताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। लोगों से मिल रहे समर्थन से उत्साहित डॉ जायसवाल ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का भाजपा में विश्वास दिखाना वास्तव में विकास की जीत है। लोग मान चुके हैं कि मोदी है तभी विकास संभव है। मोदी सरकार में हुए विकास कार्यों से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिला है इसीलिए सभी के मन में मोदी सरकार के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास है. यह दिखाता है कि चंपारण का चप्पा-चप्पा मोदीमय बना हुआ है। जनता के रुख से साफ पता चलता है कि इस बार कमल और वेग से खिलेगा। कांग्रेस को मुद्दाविहीन बताते हुए एनडीए प्रत्याशी ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का इतना पतन हो चुका है कि अब इन्हें झूठ के अलावा कुछ सूझता ही नहीं।

# बिहार के मुजफ्फरपुर से पाकिस्तानी संगठन से जुड़ा युवक गिरफ्तार

## गुजरात के अहमदाबाद में एक मौलाना से जुड़ा था युवक, नूपुर शर्मा सहित कई नेताओं को दी थी हत्या की धमकी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से पाकिस्तानी संगठन से जुड़े मोहम्मद अली को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। इसे सूरत की स्पेशल ब्रांच की टीम ने चक अब्दुल्ला गांव से गिरफ्तार किया। मोहम्मद अली की गिरफ्तारी उसके मामा के घर से हुई। इसके बाद सूरत पुलिस ने मोहम्मद अली को गिरफ्तार कर मुजफ्फरपुर कोर्ट में आज पेश किया। कोर्ट का आदेश मिलने के बाद पुलिस मोहम्मद अली को सूरत लेकर जायेगी। बताया गया है कि इसी मोहम्मद अली ने भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा और उमेश्वर राणा को हत्या की धमकी थी। मोहम्मद अली लगातार पाकिस्तानी संगठनों के संपर्क में था। मोहम्मद अली पर कई हिंदू नेताओं को जान से मारने की धमकी और साजिश रचने का आरोप है। इसका नेटवर्क गुजरात के सूरत में रहने वाले एक मौलाना और पाकिस्तान के कट्टरपंथी सदस्यों से लगातार चल रहा था। पुलिस ने सबसे पहले इसके मोबाइल को जब्त कर जांच किया, जिससे पता चला कि वो सूरत व पाकिस्तान के सदस्यो सें लगातार अलग-अलग वाट्सएप चैटिंग और अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से कनेक्ट रहता था। उपदेश राणा की हत्या की साजिश में मौलाना सोहैल अबु बक्र तिमोल की गिरफ्तारी के बाद यह मामला खुला है। सोहैल का संबंध पाकिस्तानी आतंकी संगठन से जुड़ने के बाद गुजरात पुलिस ने इसकी और कड़ियों जोड़ी है। उसने ही शहनाज उर्फ अली को पाकिस्तानी संगठन के साथ जोड़ा था। गिरफ्तार युवक नेपाल में शहनाज के नाम से जाना जाता है



# मझिआंव नगर पंचायत ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, दिलाई शपथ




रैली में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार की अध्यक्षता में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत लोक सभा आम निर्वाचन 2024 का स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली अभियान नगर पंचायत कार्यालय से चलकर ब्लॉक रोड होते हुए मुख्य शहर में भ्रमण कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

इस रैली में नगर पंचायत के सभी कर्मियों के अलावे एवं 9वी एवं 10वी कक्षा की छात्राएं तथा एसएचजी की महिलाएं भी शामिल थे। इसके पश्चात मतदाता जागरूक जागरूकता रैली में शामिल सभी को 13 मई को अपने साथ-साथ अपने आसपास के मतदाता को शत प्रतिशत वोट कराने मे सहयोग करेंगे ताकि एक भी मतदाता वोट करने से वंचित न रह पाए इसके लिए शपथ दिलाई गए।

मतदाता जागरूक रैली में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के अलावे नगर प्रबंधक राकेश पाठक, जितेश कुमार, नाजीर अमित कुमार पाठक, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, प्रधानाध्यापक महताब आलम, जेई प्रमोद उरांव, विकास कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार चौधरी, रामाशीष राम, दिनेश कुमार सहित सभी नगर पंचायत कर्मी शामिल थे।

# बिहार में पांच लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में लोकसभा की पांच सीटों पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। इस चरण में बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह, उजियारपुर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर, मुंगेर से ललन सिंह और समस्तीपुर से शाम्भवी चौधरी चुनाव मैदान में विपक्षी उम्मीदवारों को पटखनी देने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह की इस बार सीधी टक्कर सीपीआई के अवधेश राय से है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में गिरिराज सिंह ने त्रिकोणीय मुकाबले में काफी मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। तब गिरिराज सिंह ने सीपीआई के कन्हैया कुमार को 2,77,278 मतों से हराया था। गिरिराज सिंह को 6,92,193 वोट मिले थे और कन्हैया कुमार को 2,69,976 मत। राजद के तनवीर हसन तीसरे नंबर पर थे और उन्हें 1,98,233 लोगों ने मतदान किया था। भाजपा के लिए उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र काफी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। यहां गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की टक्कर राजद सुप्रीमो के करीबी और पूर्व मंत्री आलोक मेहता से है। भाजपा के उम्मीदवार नित्यानंद राय पिछले 10 साल से उजियारपुर पर जीत का झंडा फहराए हुए हैं। अब उन्हें यहां से जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती है। पहली बार नित्यानंद राय वर्ष 2014 में उजियारपुर से चुनाव लड़े और जीते भी। नित्यानंद राय को तब 3,17,352 वोट मिले और राजद के आलोक मेहता को 2,56,839 मत। दूसरी बार वर्ष 2019 में भाजपा उम्मीदवार नित्यानंद राय की टक्कर रालोसपा के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा से हुई। तब वे 2,71,278 मतों के अंतर से जीते।

खबर एक नजर में

## साइंस और मानविकी संकाय के दर्जनों शोध प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति

**भागलपुर।** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) में शुक्रवार को लालबाग स्थित वीसी के आवासीय कार्यालय में कुलपति प्रो. जवाहर लाल की अध्यक्षता में पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च काउंसिल (पीजीआरसी ) की बैठक हुई। पीजीआरसी की जैठक में साइंस और मानविकी संकाय के कई शोध प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई, जिसमें करीब दो दर्जन शोध प्रस्ताव स्वीकृत किए गए जबकि तीन को समय विस्तार दिया गया। पीआरओ डॉ दीपक कुमार दिनकर ने बताया कि साइंस संकाय अंतर्गत केमिस्ट्री में 03, बॉटनी में 05, गणित में 01 शोध पारित हुए जबकि जूलोजी के 02 और बायोटेक्नोलॉजी के 01 मामले में समय विस्तार दिया गया। वहीं मानविकी संकाय अंतर्गत अंग्रेजी के 02, अंगिका के 05, बांग्ला के 05 और उर्दू के 03 शोध प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई, जबकि मैथिली विषय से आए 01 शोध प्रस्ताव को संशोधन करने के निर्देश के साथ स्वीकृत किया गया। सोशल साइंस में शोध निदेशक के मरणोपरांत शोधार्थी को गाइड उपलब्ध कराने के निर्णय पर सहमति बनी। फोर्थ फेज के शिक्षकों को सेवा से हटाए जाने के बाद वाणिज्य संकाय में शोधार्थी को नए गाइड उपलब्ध कराने को लेकर कॉमर्स के डीन को संचिका बढ़ाने का निर्देश दिया गया। पीजीआरसी की बैठक में टीएमबीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ आनंद कुमार झा सहित सभी डीन, सभी पीजी विभागों के हेड, द्वितीय वरीय शिक्षक और रिसर्च सेक्शन के कर्मी उपस्थित थे।

## फारबिसगंज स्टेशन पर सुरक्षा को लेकर ट्वीट करने पर रेलवे ने लिया संज्ञान

**फारबिसगंज/अररिया।** भारत नेपाल सीमा सटे फारबिसगंज स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 पर लगा सीसीटीवी कैमरा का मुंह आसमान के तरफ घुमा हुआ था जो कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से ये बड़ी लापरवाही है। इसकी तस्वीर लेकर हमने रेलवे मुख्यालय को ट्वीट के माध्यम से इसकी जानकारी दी। हमने जानकारी दी कि फुट ओवरब्रिज पर कैमरा नहीं लगा हुआ था। इसके साथ ही फारबिसगंज स्टेशन की अन्य समस्या से अवगत कराया तो रेलवे हरकत में आया और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया। इसके बाद तुरंत ही फारबिसगंज स्टेशन पर लगे कैमरा को ठीक किया गया और जगह जगह कैमरा और भी लगाया गया।

## 46 बोतल शराब बरामद

**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रेफरल रोड के पास झाड़ी में से पुलिस ने शुक्रवार को 46 बोतल विदेशी शराब बरामद किया। दरअसल पुलिस को यह सूचना मिली थी कि शराब का अवैध धंधा करने वाला धंधेबाज शराब लेकर जाने वाला है।सूचना के सत्यापन को लेकर थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने टाइगर मोबाइल के जवान को मौके पर भेजा। रेफरल रोड में टाइगर मोबाइल के जवान तफ्तीश में जुटे ही थे कि शराब के कारोबारी ने शराब को झाड़ी में छिपाकर रखकर मौके से फरार हो गए,जिसके बाद टाइगर मोबाइल के जवान ने खाली पड़ी जमीन में झाड़ी से कुल 46 बोतल करीबन 18.375 लीटर शराब बरामद किया।

# नवादा में चोरी के दस बाइक के साथ 6 अपराधी गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के भलुआ,ढ़ाब एवं बहुआरा गांव से शुक्रवार को थानाध्यक्ष सह एसआई संजीत राम ने चोरी के दस बाइक के साथ कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं चोरी के बाइक के मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार किया गया है,जो कई थानों में नामजद अभियुक्त भी है।

# चौक-चौराहों पर चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की हुई जांच



जांच करती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने की चुनाव आयोग की कवायद लगभग पूरी हो चुकी है। प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इधर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर सभी वाहनों की सघन जांच हेतु ज्यादातर चौक चौराहों पर चेक पोस्ट लगवाया गया है। चेक पोस्ट पर तैनात दंडाधिकारी पुलिस बल के साथ मुस्तैदी से सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इधर मझिआंव - सुंडीपुर मुख्य सड़क से कोयल नदी पुल अप्रोच सड़क तीन मुहान पर लगे चेक पोस्ट पर दंडाधिकारी मनोज कुमार की उपस्थिति में एसआई सलीम अंसारी एवं पुलिस के जवान ओम प्रकाश चौधरी के द्वारा चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वाहनों मसलन टू व्हीलर, फोर व्हीलर एवं बड़ी गाड़ियों में सघनता के साथ डिक्की एवम बैग आदि की जांच की जा रही है। इस दौरान दंडाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है।

# विद्युत उपभोक्ताओं के सुविधा हेतु बिजली विभाग ने किया हेल्पलाइन जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गढ़वा 1 के वरीय प्रबंधक महेश्वर कुमार ने मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी असुविधा होने की स्थिति में हेल्पलाइन जारी किया है। जारी हेल्पलाइन में तीनों प्रखंडों के विद्युत उपभोक्ता विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गढ़वा 1 महेश्वर कुमार के मोबाइल नंबर 94 317 07405 एवं ईमेल आईडी पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल गढ़वा 2 श्री पप्पू के मोबाइल नंबर 700 4 911 894 एवं ईमेल आईडी तथा कनीय विद्युत अभियंता कमल कुमार विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मझिआंव एवं कांडी के मोबाइल नंबर 77396 08059 पर अपने शिकायत दर्ज कर विद्युत से संबंधित सभी समस्याओं का तत्काल निवारण करवा सकते हैं। इसके अलावा उपरोक्त जारी सभी हेल्पलाइनों पर बिजली बिल में त्रुटि सुधार एवं बिजली बिल से संबंधित शिकायत भी दर्ज करवा सकते हैं।

# भाजपा का चार सौ पार का नारा पाकिस्तान का नक्शा बदलने के लिए है : भानु

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कैलान, अरसली उत्तरी, दक्षिणी एवं भवनाथपुर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर के पास नुक्कड़ सभा कर एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के लिए वोट मंगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक भानु प्रताप शाही ने अपने आक्रामक भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नारा 400 पार संविधान बदलने के लिए नहीं है, बल्कि पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान का नक्शा बदलने के लिए है। शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी, उग्रवादी, सामंतवादी और परिवारवादी लोग रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पूर्व विधायक गिरनाथ सिंह, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव सामंती विचारधारा के हैं, जबकि ताहिर अंसारी उग्रवादी है। यह सभी लोग देश में मोदी की सरकार को रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने गरीबों को भोजन, शौचालय, गैस सिलेंडर और जनान खाता दिया तथा हर घर में नल से पानी भी दिया। इसलिए भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। शाही ने बिहार के पूर्व राजद सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासनकाल में कला के बिफन यादव, पुतुर के सूरज देव यादव और जयप्रकाश यादव की हत्या उग्रवादियों ने की थी। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान निर्माता अंबेडकर जी को अपमानित करने का भी आरोप लगाया। लोगों से अपील किया कि हर हिंदू एकमत होकर भाजपा के पक्ष में अपना मतदान करें। पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि विपक्षी दलों का अफवाह है कि मोदी संविधान बदल देंगे और आरक्षण भी समाप्त कर देंगे। घूरन राम ने भी लोगों से अपील किया कि मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए भाजपा उम्मीदवार बीडी राम को अपना कीमती मत दें। गढ़वा जिला भाजपा उपाध्यक्ष उमेंद्र कुमार यादव ने कहा कि मोदी ने बेरोजगारों को नौकरी देने के लिए भवनाथपुर में औद्योगिक करिडोर की स्थापना करने का आदेश दिया था, जिसे झारखंड की सरकार ने इसे भवनाथपुर से स्थानांतरित करते हुए बोकारो भेज दिया। सभा को पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, जिला मंत्री मुलता कुमारी, विधायक प्रतिनिधि चंदन ठाकुर, संजय यादव ने भी संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता और संचालन मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव ने की। मौके पर भाजपा महिला जिला अध्यक्ष अनिता गुप्ता, रूपा सिंह, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, अनिल चौबे, मनोज पहाड़िया, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, भानु गुप्ता, विनय चौबे सतीश पाठक, घनश्याम शुक्ला, रवि पाल, लल्लू ठाकुर, सुधीर गुप्ता, भृगुण ठाकुर, अरुण गुप्ता दयानन्द सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



विधायक का स्वागत करते लोग

# झामुमो ही राज्य की हितैषी पार्टी है : मिथिलेश ठाकुर

## केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो प्रति वर्ष एक करोड़ युवाओं को मिलेगा रोजगार : तेजस्वी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका/गढ़वा।** रंका उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान इंडिया गठबांन के नेताओं ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के गठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को उनके चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

मौके पर बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो प्रत्येक वर्ष एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक गरीब महिला को एक लाख रूपये सलाना देकर सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में उनके तीन वर्षों के शासन काल में पांच लाख लोगों को रोजगार दिया गया। उनके इसी कार्यों से घबराकर भाजपा ने बिहार में चाचा को ही तोड़कर गठबंधन की सरकार को गिरा दिया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा 400 पार सीटें जीत कर संविधान को खत्म करना चाहती है। जनता अब जाग चुकी है। यह मनसूबा कुछ काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बदलने का समय आ गया है। श्री यादव ने कहा कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने गढ़वा - पलामू को कुछ नहीं दिया। यहां गरीबी, बेरोजगारी, पलायन नहीं रुकी और न ही सिंचाई की व्यवस्था और न कारखाना ही खुली। अब हिसाब मांगने का समय आ गया है। आम जनता हिसाब ले। कहा कि झारखंड में भी मोदी जी गठबंधन की सरकार को गिराने की कोशिश कर रहे थे। श्री यादव ने कहा कि बिहार में भाजपा का सफाया हो चुका है। अब झारखंड की बारी है। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि हमें सिर्फ सांसद नहीं चुनना है बल्कि संविधान बचाना है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा पूंजिपतियों का पोषक और गरीबों का शोषक है। वे लोकतंत्र को समाप्त करने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह की बात नहीं मानी तो जेल में डाल दिया गया। जनता इसका करारा जवाब देगी। वीआईपी पार्टी के केंद्रीय अयक्ष मुकेश साहनी ने कहा कि भाजपा के पीछे आरएसएस है, जो हमारे हाथ से छुए हुए पानी नहीं पीते हैं। नफरत फैलाते हैं। क्या हमें ऐसी सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी झुठ बोलते हैं। किसानों की आय दुगना करने की वादे किये थे, लेकिन आज कहीं कुछ नहीं हुआ। कहा कि भाजपा 400 सीटें लाकर आरक्षण खत्म करना चाहती है। भाजपा पैसों पर घमंड करती है। हम सभी को मिलकर पैसे की घमंड को तोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन भाजपा से मजबूती से लड़ाई लड़े। विरोध करने पर जेल में डाल दिया गया। प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि बीडी राम ने 10 वर्षों में पलामू की किसी भी समस्या को दिल्ली तक नहीं पहुंचाया। उन्होंने कहा कि पलामू की जनता एक बार उन्हें विकास करने का मौका दे। वे पलामू का विकास कर के दिखाएंगी। साथ ही सपा के रंजन यादव, गोड्डा के पूर्व विधायक संजय यादव, माले नेत्री सुशमा मेहता आदि ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से वीआईपी पार्टी के मंदीप मल्लाह, राजद जिलाध्यक्ष सुरज कुमार सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, डॉ. यासीन अंसारी, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, जिप अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, अनिल कुमार, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, देवेंद्रनाथ तिवारी, आशीष कुमार गुप्ता, रौशन पाठक, धर्मेंद्र कुमार पाठक, मो.अलीम, मो. इसराफिल, शाह मोहम्मद खान, मुमताज अली रंगसाज, विजय चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।





मंचासीन तेजस्वी यादव, मिथिलेश ठाकुर व अन्य, उपस्थित जनसमूह

## पेज एक का शेष

### झामुमो-कांग्रेस ने...

**मोदी ने नक्सलमुक्त किया :** उन्होंने कहा कि मैं आज डंके की चोट पर कहता हूं कि झारखंड और बिहार को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने और सभी आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए देश भर में स्पेशल ट्राइबल स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम बनाने का काम पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि पीएफआई देश में आतंकवाद फैलाता था। वहीं उसको सबसे बड़ा समर्थन यहां कांग्रेस और जेएमएम की सरकार से मिलता था। पीएम मोदी ने एक ही रात में 100 से ज्यादा स्थानों पर छापा मारकर पीएफआई की पूरी कैडर को जेल में डाला और उसे बैन करने का काम किया। खूंटी की इसी पावन भूमि से भगवान बिरसा मुंडा ने भारत से अंग्रेजों को निकालने का आंदोलन सबसे पहले शुरू किया था। वह आंदोलन यहां से लेकर नागपुर तक और समग्र देश में क्रांति की ज्योति शुरू की थी।

**कांग्रेसी पाक से हमें डराता है :** श्री शाह ने कहा, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर देश को धमकी दे रहे हैं कि पाकिस्तान को सम्मान दीजिये। उनके पास एटम बम है। कुछ दिन पहले इसी इंडी अलायंस के नेता फारुख अब्दुल्ला ने कहा था कि पीओके की बात मत करिये, पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं कांग्रेस और इंडी अलायंस वालों को कहना चाहता हूं कि पीओके भारत का है। भाजपा का स्टैंड क्लियर है कि पीओके की एक-एक इंच भूमि भारत की है।

**सुदेश और मुंडा बोले : इस** मौके पर एनडीए के सहयोगी दल आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ये हमारा सौभाग्य है कि भगवान बिरसा मुंडा के जीवन के आदर्शों को विश्वपटल पर लाने का काम पीएम मोदी ने किया। इससे हर झारखंडी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की आवाज दिल्ली तक पहुंचनी चाहिये। हम सभी को आज ऐसे गृहमंत्री का संबोधन सुनने की मिला है। पीएम मोदी के काल में देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है। देश शांति के साथ आगे बढ़ना चाहता है। जनसभा में पूर्व सांसद पद्म भूषण कड़िया मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, कोचे मुंडा, पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र राय, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने किया सहायक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सहायक शिक्षकों के पद पर बीएड डिग्रीधारी आवेदकों की नियुक्ति निरस्त कर दी है और साथ ही छह सप्ताह में डीएड धारकों की पुनरीक्षित सूची बनाने का आदेश दिया है। न्यायालय के इस फैसले के बाद तीन हजार से अधिक सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में आ गई है। पिछली सरकार के दौरान चार मई 2023 को लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में सहायक शिक्षक के पद पर बीएड कोर्स को भी मान्य किया गया था। 10 जून को परीक्षा हुई थी और दो जुलाई को रिजल्ट और मेरिट लिस्ट जारी की गई।

## ब्राजील में बाढ़ से तीन लाख से अधिक बेघर

ब्रासीलिया। ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में मूसलाधार बारिश के बाद आयी बाढ़ के कारण अपना स्थायी स्थल छोड़ने वालों की संख्या बढ़कर 3,27,105 हो गयी है। प्रांतीय नागरिक सुरक्षा सेवा ने शुक्रवार को बताया कि अधिकांश विस्थापित व्यक्ति अपने दोस्तों या रिश्तेदारों के घरों में चले गए, जबकि लगभग 68 हजार लोगों ने आश्रय स्थलों में शरण ली है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अब तक बाढ़ के कारण करीब 107 लोगों की मौत हो गयी और 754 अन्य घायल हो गये जबकि 314 अन्य लापता बताये गये हैं।

## टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा सकता है तुर्की

इस्तांबुल। तुर्की में नियमों का उल्लंघन करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक को ब्लॉक किया जा सकता है वहीं एक्स को देश में प्रतिनिधि नियुक्त करने से इनकार करने पर परिणाम भुगतना पड़ सकता है। तुर्की में डिजिटल मीडिया पर संसदीय आयोग के प्रमुख हुसैन यायमन ने यह जानकारी दी श्री यायमन ने कहा कि इंटरनेट ट्रोलह्या ऑनलाइन बदमाश जो जानबूझकर आक्रामक या उत्तेजक संदेश ऑनलाइन पोस्ट करते हैं, अन्य बातों के अलावा, तुर्की में राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन को धमकी देते हैं।

## आज पृथ्वी की चमक से चमकेगा चंद्रमा

भोपाल। खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए शनिवार, 11 मई शाम आसमान में एक अद्भुत खगोलीय घटना घटने जा रही है। जब आप पश्चिम दिशा में शुक्ल पक्ष चतुर्थी के हंसियाकार चांद को देखेंगे तो आप पाएंगे कि हंसियाकार भाग तो तेज चमक के साथ चमक रहा होगा लेकिन हल्की चमक के साथ पूरा गोलाकार चंद्रमा भी दिखाई देगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि इसे अर्थ शाईन कहा जाता है। इस घटना में चंद्रमा का अप्रकाशित भाग दिखाई देता है। लियोनार्डो द विंची ने पहली बार स्केच के साथ 1510 के आसपास अर्थ शाईन की अवधारणा को रखा था।

# कांग्रेस ने कभी आदिवासी समाज को नहीं दिया सम्मान

## आजादी की पूरी लड़ाई का श्रेय केवल एक परिवार को ही देती है कांग्रेस : मोदी

- राष्ट्रपति चुनाव में आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को हराने के लिए रात दिन एक किया था
- शहजादे के गुरु ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण और रामनवमी का उत्सव भारत के विचार के खिलाफ है



एजेंसी

नंदुरबार। महाराष्ट्र के नंदुरबार में प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी आदिवासी समाज को सम्मान नहीं दिया और न देने दिया। आदिवासी क्रांतिकारियों ने आजादी की लड़ाई में इतने बलिदान दिए, लेकिन यह बलिदान की बात मानने को तैयार नहीं है। आजादी की पूरी लड़ाई का श्रेय कांग्रेस केवल एक परिवार को ही देती है। ये भाजपा है जो आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों पर म्यूजियम बनवा रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को पता चल सके कि हमारे पूर्वज आदिवासियों ने देश के लिए कितना बड़ा बलिदान दिया था। मोदी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया और पहली बार ऐसा हुआ है, लेकिन आपको याद रहना चाहिए, वो कौन लोग थे, जिन्होंने आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव हराने के लिए रात दिन एक कर दिया था। ये कांग्रेस वाले लोग थे, जिन्होंने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए रात दिन एक किया था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने ऐसा क्यों किया इसकी वजह अभी दो-तीन दिन पहले ही खुली है। कांग्रेस के शहजादे के गुरू अमेरिका में रहते है। उन्होंने भारत के लोगों पर रंगभेदी टिप्पणी की है। रंग के आधार पर भेद, ऐसा गंभीर आरोप लगाया है। जिनका रंग भगवान कृष्ण जैसा होता है, कांग्रेस उन्हें अफ्रीकन मानती है, इसलिए द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनें, यह उन्हें मंजूर नहीं था। मोदी ने सैम पित्रोदा के नस्लीय टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा कितना खतरनाक है। यह शहजादे के गुरु ने इसका खुलासा किया है। शहजादे के गुरु ने अमेरिका से कहा है कि राम मंदिर का निर्माण और रामनवमी का उत्सव भारत के विचार के खिलाफ है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि मेरा मंदिर जाना भारत विरोधी है। कांग्रेस राम के देश में राम मंदिर को देश विरोधी बता रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जानती है कि वे विकास में मोदी का मुकाबला कर ही नहीं सकते। इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोली है और झूठ फैलाकर वे वोट लेना चाहते हैं। कभी आरक्षण को लेकर झूठ, कभी संविधान को लेकर झूठ बोलते हैं, आरक्षण पर कांग्रेस का हाल चोर मचाए शोर वाला है। धर्म के आधार पर आरक्षण बाबा साहब अंबेडकर की भावना के खिलाफ है, संविधान की भावना के खिलाफ है। लेकिन कांग्रेस का एजेंडा है कि दलित, पिछड़े, आदिवासी का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना।

### जीते जी और मरने के बाद भी जमीन में गाड़ नहीं पायेगी शिवसेना

मोदी ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के उन्हें जमीन में गाड़ देने वाली धमकी पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ये लोग मोदी को जीते हुए भी और मरने के बाद भी जिंदा नहीं गाड़ पाएंगे। मोदी ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है मोदी तेरी कब्र खुदेगी और दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है, जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मोदी ने कहा कि भारत की 140 करोड़ जनता मेरी रक्षक है। यह मातृत्व शक्ति मेरा रक्षा कवच है, मुझ पर मातृत्व शक्ति का इतना आशीर्वाद है कि ये लोग मोदी को जीते हुए भी और मरने के बाद भी जिंदा नहीं गाड़ पाएंगे।

# इंडिया गठबंधन का तूफान मोदी के जाने की गारंटी : राहुल गांधी

एजेंसी

कन्नौज। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि देश में इंडिया समूह का तूफान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जाने की गारंटी बयां कर रहा है। कन्नौज लोकसभा सीट से प्रत्याशी एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव संग इत्रनगरी पहुंचे राहुल का अंदाज भाजपा के प्रति आक्रामक रहा। उन्होने कहा कि प्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडिया का तूफान आ रहा है जो इस बात की गारंटी है कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडिया की सबसे बड़ी जीत का दावा करते हुये उन्होंने कहा कि यूपी में इंडिया का तूफान आ रहा है। लिखकर ले लीजिए, हम जो कह रहे हैं वह सही होने वाला है। हमने पिछले दो सालों में नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोली है। न्याय यात्रा के जरिए हमने देश को जगाया है। हमने अपना काम कर दिया है। यह हमारी गारंटी है कि नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान का प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। राहुल ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने के बाद 15 अगस्त से 30 लाख लोगों को नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में युवाओं को बेरोजगार बना दिया गया हमारी सरकार आने पर युवा रोजगार पाएंगे। उन्होने कहा कि इंडिया के तूफान में भाजपा उड़ने वाली है। यूपी में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ने वाला है। इस अवसर पर आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि कन्नौज से बहुत बड़ी जीत होने जा रही है। ये लोकतंत्र का आखिरी चुनाव है, भाजपा जीतेगी तो संविधान खत्म हो जाएगा। अखिलेश यादव पांच साल मुख्यमंत्री रहे हैं। ऐसे में भाजपा की नफरत देखिए, मुख्यमंत्री आवास को गंगा जल से धुलवाकर उनका अपमान किया गया है। वहीं, अब कन्नौज में अखिलेश जी मंदिर में गए, तो वहां भी भाजपा वालों ने गंगा जल से धोकर उनका अपमान किया। अखिलेश यादव ने कहा कि कन्नौज में जितने भी बड़े काम हुए हैं वह समाजवादियों की देन है... अगर कोई हाईवे पर चलता होगा तो उसे पता चलता होगा कि यह समाजवादियों का हाईवे है।

**सरकार बनने के बाद 15 अगस्त से 30 लाख लोगों को नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू होगी**



## सरकार बनने पर राम मंदिर का होगा शुद्धिकरण : पटोले




नयी दिल्ली। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो राम मंदिर का शुद्धिकरण किया जाएगा, चारों शंकराचार्यों को बुलाकर राम मंदिर में विधिवत पूजा कराई जाएगी। मंदिर परिसर में भगवान राम का दरबार भी बनेगा। नाना पटोले ने कहा कि कहा कि हमारे सनातन धर्म में अगर घर में मां-पिताजी किसी का भी देहांत होता है तो शुद्धिकरण के लिए सिर मुंडवाया जाता है। लेकिन, नरेंद्र मोदी ने वह ना करते हुए जिस तरह से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की है। उस बात का हमारे शंकराचार्यों ने भी विरोध किया है। शंकराचार्य जी की विधि के अनुसार हम वहां पर राम दरबार स्थापित करेंगे, यह हमारा संकल्प है। राम मंदिर में कार्यक्रम को लेकर अब देश की जनता ने भी मान लिया है कि उन्होंने गलत विधि के साथ वहां पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की है।

# तिहाड़ जेल से रिहा हुये केजरीवाल

एजेंसी

**दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने एक जून तक दी अंतरिम जमानत**




नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा किया। केजरीवाल ने एलान किया कि शनिवार को वे 11 बजे कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि हमें देश को तानाशाही से बचाना है। केजरीवाल को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त अंतरिम जमानत मिली है। वे मुख्यमंत्री का दायित्व नहीं निभा सकते और शराब घोटाले के संबंध में कोई बयान नहीं दे सकते। उन्हें एक जून को चुनाव के अंतिम चरण के मतदान तक जमानत मिली है।

## मणिशंकर अय्यर के विवादित बयान पर भाजपा ने बोला हमला

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि पाकिस्तान एक संप्रभु राष्ट्र है और उसका सम्मान करना चाहिए, उसके पास भी परमाणु बम है। अय्यर ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा है कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए। भारत को सैन्य ताकत नहीं बढ़ानी चाहिए, क्योंकि इससे इस्लामाबाद नई दिल्ली के खिलाफ परमाणु हथियार तैनात कर सकता है, जिससे परेशानी बढ़ सकती है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता भारत में रहते हैं लेकिन उनका दिल पाकिस्तान में रहता है।

# दाभोलकर हत्याकांड में दो को उम्रकैद




मुंबई। महाराष्ट्र अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या मामले में शुक्रवार को विशेष कोर्ट के न्यायाधीश पीपी जाधव ने सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर को आजीवन कारावास और पांच-पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में तीन अन्य आरोपित डॉ. वीरेंद्र सिंह तावड़े, विक्रम भावे और संजीव पुनालेकर को पुख्ता सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया है। नरेंद्र दाभोलकर के बेटे हमीद दाभोलकर ने कहा कि तीन आरोपितों को निर्दोष बरी किया गया है, उन्हें सजा दिलाने के लिए वे हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे। विशेष न्यायाधीश पीपी जाधव ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इस मामले में पुलिस और सरकार तीन आरोपितों के खिलाफ कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं कर पाई है। इसलिए तीनों आरोपितों को इस अपराध से बरी किया जा रहा है।

# टाटा स्टील के नेशनल बिजनेस हेड हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**चार मई को विनय त्यागी की लूटपाट के दौरान हुयी थी हत्या**

नयी दिल्ली। गाजियाबाद पुलिस ने एनकाउंटर में टाटा स्टील के नेशनल बिजनेस हेड की हत्या में वांटेड बदमाश को मार गिराया। बदमाश अक्की उर्फ दक्ष के सीने में गोली लगी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद इलाके में शुक्रवार को पुलिस और दो बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश को गोली लगी। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। चार मई को हुई टाटा स्टील के नेशनल बिजनेस हेड के साथ लूटपाट और उसकी हत्या के मामले में बदमाश वांछित चल रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 10 मई को थाना साहिबाबाद इलाके में पुलिस एवं दो बाइक सवार बदमाशों में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त एवं एक उप निरीक्षक गंभीर रूप से घायल हुए, जिसे तुरन्त ही उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान एक बाइक सवार बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। उसे पकड़ने के लिए पुलिस कांबिंग कर रही है। पुलिस ने बताया कि भर्ती हुए बदमाश की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उसका नाम अक्की उर्फ दक्ष है जो सीलमपुर दिल्ली का रहने वाला था। चार मई को थाना शालीमार गार्डन इलाके में हुई लूट एवं हत्या की घटना में वह वांछित था। उसके कब्जे से एक लूटा हुआ मोबाइल फोन एवं एक अवैध असलाह बरामद किया गया है। गौरतलब है कि गाजियाबाद के राजेंद्र नगर इलाके में रहने वाले विनय त्यागी 3 मई की रात 11 बजे तक जब घर नहीं पहुंचे तो परिवार वालों ने खोजना शुरू कर दिया। पुलिस सुबह 3 बजे के आसपास घर से 3 किलोमीटर दूर सड़क के किनारे उनका शव मिला।

## सिंघम अगेन के सेट से अर्जुन कपूर ने शेयर किया लुक




मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेंस लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा टाइगर श्राफ,अर्जुन कपूर, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं।अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'सिंघम अगेन' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अर्जुन का अलग अवतार नजर आने वाला है।" अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म सिंघम अगेन के सेट से एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) फोटो शेयर की है।

# गंगोत्री धाम व केदारनाथ के कपाट खुले

## चारधाम यात्रा हुआ शुरू

एजेंसी





उत्तरकाशी। अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ विश्वप्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट शुक्रवार को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिये गये। इससे पहले शुक्रवार प्रातः आर्मी बैंड के धुन और हजारों श्रद्धालु की मां गंगा की जयकारों के साथ भैरोंघाटी से मां गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में गंगा पूजन, गंगा सहस्त्रनाम के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद 12:25 बजे अक्षय तृतीया के अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ तीर्थ पुरोहितों द्वारा मां गंगाजी की भोगमूर्ति को मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कराने के उपरांत गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गये। इस दौरान सुबह से इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर गंगोत्री मंदिर में अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। वहीं हिमालय में बिराजे विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग बाबा केदारनाथ के कपाट विधि-विधान के साथ शुक्रवार सुबह छह माह के लिए खोल दिए गए। इस दौरान हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। सेना की ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड की सुमधुर धुनों से केदारधाम परिसर गूंज उठा। इसी के साथ चारधाम यात्रा प्रारंभ हो गई। इस अवसर के 10 हजार से अधिक श्रद्धालु साक्षी बने। पुण्य अवसर पर मौसम साफ रहा। मंदिर को लगभग 20 क्विंटल फूलों से सजाया गया। मुख्य सेवक भंडारा कार्यक्रम समिति ने सभी के भंडारा आयोजित किए हैं।

प्रातः चार बजे श्री केदारनाथधाम परिसर में कतारबद्ध चारधाम यात्रियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ।कुछ समय बाद बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, रावल भीमाशंकर लिंग, मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, पुजारी, धमार्चार्य, वेदपाठी, केदार सभा के पदाधिकारी और जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार पूरब द्वार से मंदिर पहुंचे। फिर पूजा शुरू हुई। इसके बाद भगवान भैरवनाथ और भगवान शिव के आह्वान के साथ ठीक सुबह सात बजे श्रीकेदारनाथ मंदिर के कपाट खोल दिए गए।

